संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज
समूह संपादक : रवि भारद्वाज
ऊना, सोमवार, 15 मई 2023 ₹ 2
www.actionindialive.com facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 131 पृष्ठः 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में पहुंचे और लोगों की समस्याओं का समाधान किया। गोरखनाथ मंदिर में पिछला जनता दर्शन कार्यक्रम 9 अप्रैल को लगा था।**

## डीजीपी प्रवीण सूद सीबीआई के डायरेक्टर बने



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कर्नाटक** के डीजीपी प्रवीण सूद को सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) का नया डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी सूद दो साल तक इस पद पर रहेंगे। सीबीआई के मौजूदा डायरेक्टर सुबोध कुमार जायसवाल का कार्यकाल 25 मई को समाप्त हो रहा है। इसी दिन सूद जॉइन कर सकते हैं।
कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने डीजीपी प्रवीण सूद को नालायक कहा था। 14 मार्च को शिवकुमार ने कहा था कि हमारा डीजीपी नालायक है। वह इस पद के लायक नहीं है।

## केरल तट से पकड़ी गई 12 हजार करोड़ की ड्रग्स



**टीम एक्शन इंडिया/तिरुवनन्तपुरम**
**एनसीबी** और इंडियन नेवी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए केरल तट के पास से 12 हजार करोड़ की ड्रग्स जब्त की है। जब्त किए गए जत्थे में मेथमफेटामाइन, हेरोइन और चरस भी शामिल है। आरोपी नाव के जरिए इस ड्रग्स को समुद्री रास्ते के जरिए पाकिस्तान से भारत ला रहे थे।
दूसरा सबसे बड़ा कंसाइनमेंट: एनसीबी के डिप्टी डायरेक्टर जनरल (ऑप्स) संजय कुमार सिंह ने बताया कि एनसीबी और इंडियन नेवी ने संयुक्त कार्रवाई में इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। बरामद किए गए ड्रग्स का सोर्स पाकिस्तान है। ये ड्रग्स ईरान के चाबहार पोर्ट से लाई जा रही थी। जब्त की गई ड्रग्स की कीमत 12 हजार करोड़ रुपए के करीब है। यह दूसरा सबसे बड़ा कंसाइनमेंट है।

## 'नशा मुक्ति अभियान' सराहनीय पहल : सीएम बघेल



**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
**मुख्यमंत्री** भूपेश बघेल रविवार को प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा राजधानी रायपुर स्थित शान्ति सरोवर में आयोजित नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशामुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के शुभारंभ समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री बघेल ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक सत्यनारायण शर्मा, गृह सचिव अरूण देव गौतम, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के डॉ. सचिन परब, डॉ. बनारसी लाल शाह, ब्रम्हकुमारी हेमलता, ऊषा बहन परस्थित थी। मुख्यमंत्री ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किए गए नशा मुक्त भारत अभियान समाज के निर्माण की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

## उत्तराखंड में आयुष की अपार संभावनाएं हैं: अश्विनी



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**केन्द्रीय** स्वास्थ्य राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि होम्योपैथी विदेश नहीं भारत की पुरातन और सनातन संस्कृति से जुड़ी हमारी चिकित्सा परंपरा है। होम्योपैथी में नये वैज्ञानिक अनुसंधान की जरूरत है। देवभूमि की धरती आयुष के लिए अधिक उपयुक्त है। रविवार को डॉ. नित्यानन्द ऑडिटोरियम-दून विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलन 'होम्योकॉन-2023' कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने यह बातें कहीं। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आयुष चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार लगातार कार्य कर रही है। इसी के तहत 2014 में अलग से आयुष मंत्रालय का गठन किया गया है।

# डीके या सिद्धारमैया, कर्नाटक का सीएम कौन?

### सुशील कुमार शिंदे, दीपक बावरिया और भांवर जितेंद्र को कर्नाटक में पर्यवेक्षक बनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कर्नाटक** विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 224 में से 135 सीटें जीतकर बहुमत हासिल कर लिया है। बीजेपी को 66, जेडीएस को 19 और अन्य को 4 सीटें मिली हैं। रिजल्ट साफ है, पर कांग्रेस और बीजेपी दोनों के लिए आने वाला वक्त आसान नहीं होने वाला।
कर्नाटक में स्पष्ट बहुमत के बाद अब कांग्रेस को फैसला करना है कि मुख्यमंत्री किसे बनाया जाए? इसके लिए पार्टी के विधायक दल की बैठक बेंगलुरु के शांगरी-ला होटल हुई। डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया के साथ 3 ऑब्जर्वर सुशील कुमार शिंदे, दीपक बावरिया और भंवर जितेंद्र सिंह मौजूद रहे। शिवकुमार-सिद्धारमैया के समर्थक होटल के बाहर नारेबाजी की।
**'मैं चाहता हूं कि मेरा भाई सीएम बने:** डीके शिवकुमार के भाई और कांग्रेस सांसद डीके सुरेश 'बीजेपी को सत्ता से दूर रखने के लिए हम कुछ भी करेंगे। राज्य के हित में मेरे पिता को सीएम बनना चाहिए: **सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र सिद्धारमैया**-राजस्थान में सचिन पायलट और अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव और मध्य प्रदेश में ज्योतिरादित्य सिंधिया और दिग्विजय सिंह के बीच जो हुआ या हो रहा है, उससे साफ है कि कर्नाटक का फैसला भी सोनिया और राहुल गांधी के लिए आसान नहीं होगा। एक तरफ जीत के हीरो डीके शिवकुमार हैं और दूसरी तरफ सीनियर लीडर और पार्टी में दबदबे वाले सिद्धारमैया।



**सिद्धारमैया से मेरा कोई मतभेद नहीं: डीके**
**शिवकुमार** ने कहा- कुछ लोग कहते हैं कि सिद्धारमैया के साथ मेरे मतभेद हैं, लेकिन हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है। मैंने पार्टी के लिए कुर्बानी दी और सिद्धारमैयाजी के साथ खड़ा हुआ।
**सीएम पद के लिए 2 नहीं, 4 दावेदार:** विधायक दल की बैठक में अध्यक्ष और महासचिव राय लेंगे और मुख्यमंत्री का चुनाव करेंगे। हर पार्टी में किसी न किसी की महत्वाकांक्षाएं होती हैं, लेकिन सिर्फ एक ही सीएम होगा। चुनाव विधायक और हाई कमान करेगा। शिवकुमार, सिद्धारमैया ही नहीं, एमबी पाटिल, जी परमेश्वर भी सीएम बनना चाहते हैं।

**कांग्रेस में कलह के कितने आसार...:** अप्रैल के पहले हफ्ते में कोलार में कांग्रेस की रैली थी। मंच पर राहुल गांधी, डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया बैठे थे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बोलने के लिए उठे। उन्होंने कहा, 'मै साफ करना चाहता हूं, मैं इस बात को लेकर जरा भी परेशान नहीं हूं कि कौन मुख्यमंत्री बनेगा। मेरी एक ही चिंता है कि कांग्रेस को सत्ता में वापस आना चाहिए। मुख्यमंत्री का चुनाव आलाकमान और विधायकों के फैसले से होता है। जनता के बारे में सोचें और बाकी फैसले आलाकमान पर छोड़ दें।' पहली बार कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व ने चुनाव से पहले सीएम उम्मीदवारी को लेकर बयान दिया था। ये मैसेज डीके शिवकुमार के लिए भी था, उन्होंने तीन दिन पहले मीडिया से कहा था कि 'मल्लिकार्जुन खड़गे सीनियर लीडर हैं, उनके अंडर में काम करने में मुझे कोई दिक्कत नही है।' सिद्धारमैया से डीके के बयान पर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि नेतृत्व का फैसला इस बात पर होगा कि विधायकों की राय क्या है। कर्नाटक कांग्रेस में सीएम बनने के लिए ऐसा मुकाबला नई बात नहीं है। पार्टी ने कर्नाटक चुनाव प्रभारी सुरजेवाला को जिम्मेदारी दी थी कि डीके और सिद्धारमैया आमने-सामने न आएं।

**सीएम का इंतजार!**
● **कांग्रेस नेता सैयद नसीर बोले- सीएम की घोषणा 2-3 दिनों के भीतर की जाएगी। जल्द कैबिनेट के गठन की तैयारी है**



**डॉ. नित्यानन्द ऑडिटोरियम-दून विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलन 'होम्योकॉन-2023' कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि केन्द्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सम्मानित करते हुए।**

## भाजपा की महिला सांसदों को पत्र लिखेंगी धरनारत पहलवान

**नई दिल्ली।** बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पिछले 22 दिन से दिल्ली के जंतर मंतर पर धरनारत पहलवान अब भाजपा की महिला सांसदों को पत्र लिखकर समर्थन की मांग करेंगे। जंतर-मंतर पर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पहलवानों की मुहिम का नेतृत्व कर रहीं विनेश फोगाट ने आज इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि भाजपा की किसी महिला सांसद ने अभी तक उनसे ना बातचीत की है और ना ही उनके अभियान को समर्थन दिया है। इसी के चलते अब हमने योजना बनाई है कि महिला भाजपा नेताओं को पत्र लिखकर समर्थन की मांग करेंगे।

## नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट का मोदी ने किया मुआयना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली की नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट का दौरा किया। पीएम ने यहां जन शक्ति प्रदर्शनी में आर्टिस्ट द्वारा बनाए गए आर्ट वर्क को देखा और उसकी तारीफ की। आर्ट गैलरी में 'जन शक्ति' नाम की यह प्रदर्शनी पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 100वें एपिसोड पूरे होने पर लगाई गई थी। इस एक्जीबीशन को जानी मानी क्यूरेटर अलका पांडे ने तैयार किया था।
कलाकारों ने इस प्रदर्शनी में आर्ट वर्क को बनाने के लिए तस्वीरों, मूर्तियों, फोटोग्राफी, और नए मीडिया का सहारा लिया। प्रदर्शनी में स्वच्छता, जल संरक्षण, कृषि, अंतरिक्ष, भारत के पूर्वोत्तर राज्य, नारी शक्ति और योग, आयुर्वेद जैसे मन की बात में शामिल विषयों से जुड़ी पेंटिंग और आर्ट वर्क लगाई गई हैं। जिन कलाकारों ने जन शक्ति में योगदान दिया है उनमें मनु और माधवी पारेख, अतुल डोडिया, परेश मैती, इरन्ना जीआर, जगन्नाथ पांडा और अन्य नाम शामिल हैं।



## महाराष्ट्र: दो समुदायों के बीच झड़प



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**महाराष्ट्र** के अकोला में सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर शनिवार को दो समुदाय के बीच हुई हिंसक झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अकोला एसपी संदीप घुघे ने बताया- ओल्ड सिटी इलाके में मामूली बात पर दो समुदाय के बीच पत्थरबाजी हुई थी। उपद्रवियों ने कई वाहन जला दिए। कुछ लोगों ने थाने का घेराव करने की भी कोशिश की। फिलहाल हालात काबू में है। एसपी घुघे ने बताया कि, पत्थरबाजी में 8 लोग घायल हुए हैं, जिसमें दो पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। रविवार को एक व्यक्ति की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने अब तक 30 लोगों को हिरासत में लिया है। इनसे पूछताछ की जा रही है। अकोला कलेक्टर नीमा अरोड़ा ने बताया कि शहर में धारा 144 लगा दी गई है। दूसरों जिलों से भी पुलिस फोर्स बुलाई गई है।
हिंसक घटना के बाद पुलिस अधिकारियों ने शांति समिति की बैठक की। इसमें सभी धर्मों और समुदायों के प्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों के नेता और समाजसेवी शामिल हुए।

**हिंसा**
● **अकोला एसपी संदीप घुघे ने बताया- ओल्ड सिटी इलाके में मामूली बात पर दो समुदाय के बीच पत्थरबाजी हुई थी**

## सैन्य महत्व वाले 928 आइटम के आयात पर प्रतिबंध लगाया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
रक्षा मंत्रालय ने 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत सैन्य महत्व के 928 सब-सिस्टम और पुर्जों के आयात पर प्रतिबंध लगाते हुए चौथी स्वदेशीकरण सूची (पीआईएल) को मंजूरी दे दी है। इन वस्तुओं का विवरण सृजन पोर्टल पर उपलब्ध है, जिन्हें सूची में निर्धारित की गई समय सीमा के बाद भारतीय-उद्योग से ही खरीदा जा सकेगा। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) के आयात को न्यूनतम करने के लिए यह कदम उठाया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य महत्व के 928 लाइन रिप्लेसमेंट यूनिट, सब-सिस्टम्स, स्पेयर एंड कंपोनेंट्स की चौथी रचनात्मक स्वदेशीकरण सूची को मंजूरी दी है। इसमें हाई-ऐंड-मटीरियल्स और अतिरिक्त उत्पाद सहित 715 करोड़ मूल्य के आयात वाले सामान शामिल हैं।



इन सभी वस्तुओं का विवरण सृजन पोर्टल ॅ३३स्र२:१ल्ल्रीाील्लीं.ॅङ्म५.ल्ल/ पर उपलब्ध है। सभी वस्तुओं को सूची में निर्धारित की गई समय सीमा के बाद भारतीय-उद्योग से खरीदा जा सकेगा। इससे पहले तीन रचनात्मक स्वदेशीकरण सूचियां दिसंबर 2021, मार्च 2022 और अगस्त 2022 में जारी की जा चुकी हैं। इन सूचियों में 2500 आइटम हैं, जो पहले से ही स्वदेशी हैं। तीनों सूचियों में 1238 आइटम हैं जो दी गई समय सीमा के भीतर स्वदेशी किए जाएंगे। अब तक देश में 1,238 में से 310 वस्तुओं का स्वदेशीकरण किया जा चुका है।

**आत्मनिर्भर**
● **इन वस्तुओं का विवरण सृजन पोर्टल पर उपलब्ध है, निर्धारित की गई समय सीमा के बाद भारतीय-उद्योग से ही खरीदा जा सकेगा**

## राजेन्द्र नगर में पहली बार बदला जाएगा पानी सप्लाई का इंफ्रास्ट्रक्चर

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राजेंद्र नगर के विधायक दुर्गेश पाठक ने रविवार को एक बयान जारी करते हुए कहा कि राजेन्द्र नगर में पानी सप्लाई की दिशा में ऐतिहासिक काम होने जा रहा है, जिसका लाभ पूरे राजेंद्र नगर निवासियों को मिलेगा। राजेन्द्र नगर में पहली बार पानी का इंफ्रास्ट्रक्चर बदला जाएगा।
पूरे राजेंद्र नगर में नई पाइप लाइन डाली जाएगी। काम पूरा होने के बाद राजेंद्र नगर निवासियों को सीधे चंद्रावल प्लांट से पानी मिलेगा।

## मोदी लहर खत्म हुई: संजय राउत



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**संजय राउत ने** कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस की जीत ने पूरे देश में पार्टी के लिए एक दरवाजा खोल दिया है। विधानसभा चुनाव के नतीजे बताते हैं कि तानाशाही हार गई है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 224 में से 135 सीटें जीती हैं। इसके एक दिन बाद शिवसेना नेता संजय राउत ने दावा किया है कि देश में मोदी लहर खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि अब हमारी बारी है, देश में अब हमारी लहर आने वाली है। बजरंग वली ने निश्चित रूप से चुनाव में हिस्सा लिया था, लेकिन वे बीजेपी नहीं बल्कि कांग्रेस के साथ थे, जिसका असर नतीजों में दिख रहा है। शिवसेना नेता ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए ये बाते कहीं। शिवसेना नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने रविवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की।

## मोरमुगाओ से ब्रह्मोस की कामयाब टेस्टिंग

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**इंडियन** नेवी में शामिल नए वॉरशिप आईएनएस मोरमुगाओ से ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण कर लिया गया है। मिसाइल ने सीधा टारगेट को हिट किया। आईएनएस मोरमुगाओ को इंडियन नेवी के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है। यह हथियारों से लैस दुनिया का सबसे आधुनिक मिसाइल करियर है। मोरमुगाओ एक स्टेल्थ गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर है, जिसका 75% हिस्सा देश में ही बनाया गया है। भारतीय नौसेना के अनुसार यह पी-15 ब्रावो प्रोजेक्ट का दूसरा जहाज है। P-15B प्रोजेक्ट के तहत चार वॉरशिप बनाए जा रहे हैं। इसमें से विशाखापत्तनम और मोरमुगाओ इंडियन नेवी को सौंप दिया गया है। बाकी दो सूरत और इंफाल हैं जिन्हें जल्द ही नौसेना में शामिल कर लिया जाएगा।
**गोवा के नाम पर रखा गया मोरमुगाओ शिप का नाम:** मोरमुगाओ वॉरशिप का नाम पोर्ट सिटी गोवा पर रखा गया है। 19 दिसंबर 2021 को जब गोवा ने पुर्तगाली शासन से 60 साल की मुक्ति का जश्न मनाया था, तभी इस वॉरशिप ने पहली समुद्री यात्रा की थी।



**टारगेट को हिट किया**
● **मिसाइल ने सीधा टारगेट को हिट किया। मोरमुगाओ को इंडियन नेवी के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है**

## सिपाही के हत्यारोपी दो बदमाशों को मार गिराया

**टीम एक्शन इंडिया/जालौन**
**जालौन में** रविवार दोपहर पुलिस ने दो बदमाशों को एनकाउंटर में मार गिराया। उरई में फैक्ट्री इलाके में हुई इस मुठभेड़ में इंस्पेक्टर को भी गोली लगी है। दोनों बदमाशों पर 4 दिन पहले यानी 10 मई को ड्यूटी के दौरान सिपाही भेदजीत सिंह की हत्या करने का आरोप है। जालौन एसपी ई राजा ने बताया, "हमें मुखबिर से सूचना मिली थी कि ये दोनों बदमाश उरई के पास फैक्ट्री एरिया में आने वाले हैं। हम लोग मौके पर पहुंच गए। वहां टीमें बनाकर घेराबंदी की। दोनों बदमाश वहां पहुंचे तो पुलिस ने रुकने का इशारा किया। लेकिन, बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इसमें उरई एसएचओ के हाथ पर गोली लगी।" "इसके बाद पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल लाया गया। वहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मारे गए एक अपराधी का नाम कल्लू। जबकि दूसरे का नाम रमेश है। दोनों उरई के ही रहने वाले थे।"
**"सिपाही पर फायरिंग की, फिर नुकीली चीज से हत्या की":** एसपी ने बताया कि 10 मई की रात सिपाही भेदजीत की हत्या की थी। भेदजीत ने ड्यूटी के दौरान इन दोनों बदमाशों को रोकने का प्रयास किया था। इसके बाद इन दोनों ने उस पर फायरिंग कर दी। जब भेदजीत सिंह फायरिंग से बच गया तो इन्होंने नुकीली चीज और तमंचे की बट से भेदजीत पर हमला कर दिया।



**साथ आएंगे?** जालंधर लोकसभा उपचुनाव में हार के बाद चर्चा तेज; अकाली दल ने कहा- साथ में जीत सकते थे

# पंजाब में फिर होगा अकाली-बीजेपी गठबंधन?

**टीम एक्शन इंडिया/जालंधर**
**पंजाब** में क्या फिर अकाली दल-बीजेपी का गठबंधन होगा?, यह सवाल फिर से राज्य की सियासत में तेजी से उठ रहा है। इसकी वजह जालंधर लोकसभा उपचुनाव में दोनों पार्टियों की हार है। अकाली दल ने बसपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा। बीजेपी अकेले मैदान में थी। दोनों दलों की वोटें दूसरे नंबर पर आई कांग्रेस से ज्यादा रही। वहीं सीट जीतने वाली आप से कुछ हजार ही कम थी। सीट पर हार-जीत स्पष्ट न भी हो तो गठबंधन की तरफ से यहां मुकाबला कड़ा होता। अकाली दल ने किसान आंदोलन के वक्त भाजपा से गठबंधन तोड़ा था। केंद्र में अकाली कोटे से मंत्री हरसिमरत बादल ने इस्तीफा दे दिया था।
**क्या गठबंधन टूटने का असर हुआ?:** यह एक फैक्टर है। 21 साल 2 पार्टियों ने गठबंधन में काम किया। 3 सरकारें इकट्ठी बनाई। बहुत सारे विधानसभा सीटें हैं, जहां एक-दूसरे पर निर्भरता हो चुकी थी। जालंधर की बात करें तो 3 सीटों बीजेपी कमांड करती थी। वहां हमारे संगठन पर इफेक्ट हुआ। वहां गठबंधन का दूसरा सहयोगी रहा तो वर्कर कमजोर होता है।
**गठबंधन होता तो क्या फायदा होता?:** अगर आप आज भी दोनों के वोट का टोटल कर लो तो अकाली दल और भाजपा जीत की तरफ होती। जिस स्थिति में इलेक्शन लड़ा, 10 दिन पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल के निधन से कैंपेन नहीं हो पाई । देखो, यह एक पंजाब का बड़ा नेचुरल गठबंधन था। सामाजिक रिश्ते के तौर पर पंजाब के लिए ये गठजोड़ सांझा संदेश देता था। गठबंधन के कई फायदे और कई नुकसान भी होते हैं।



**हालात....**
● **अगर आप आज भी दोनों के वोट का टोटल कर लो तो अकाली दल और भाजपा जीत की तरफ होती**

# उद्योग-मित्र वातावरण प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**



राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश को देश का मुख्य औद्योगिक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। संभावित उद्यमियों को उद्योग अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए विभिन्न योजनाएं आरंभ की गई हैं जिनके फलस्वरूप 'व्यापार में सुगमताइ,सूचकांक में प्रदेश की वरीयता भी सुधरी है। राज्य में उद्योग-मित्र वातावरण प्रदान करना तथा निवेश को बढ़ावा देना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को देश के पसंदीदा निवेश गंतव्य रूप में विकसित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने कई नई नीतियां अपनाई हैं जिनके तहत नए उद्योग स्थापित करने के लिए सस्ती दरों पर बिजली, राज्य वित्त निगम तथा राष्ट्रीय बैंकों के माध्यम से आसान ऋ ण जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। कम दरों पर पट्टे पर भूमि उपलब्ध करवाई जा रही है तथा नए उद्योगों को बिक्री या खरीद कर पर छूट भी दी जा रही है। प्रदेश के बाहर निकटतम रेलवे स्टेशन से कच्चे माल के परिवहन भाड़े पर रियायत के अलावा अन्य सीमांत लाभ भी प्रदान किए जा रहे हैं।प्रदेश सरकार राजीव गांधी स्वरोजगार योजना के तहत डेंटल क्लिनिक के लिए मशीनरी एवं उपकरण, ई-टैक्सी की खरीद, एक मेगावाट तक सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना, मत्स्य पालन परियोजना तथा अन्य उद्यमों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। ई-टैक्सी की खरीद पर सभी पात्र वर्गों को 50 प्रतिशत का उपदान प्रदान किया जाएगा। राज्य सरकार विनिर्माण, पर्यटन, ऊर्जा, निर्माण, आवासीय इत्यादि क्षेत्रों में लगभग 20 हजार करोड़ का निवेश आकर्षित करने के लक्ष्य पर कार्य कर रही है जिससे लगभग 40 हजार लोगों को प्रत्यक्ष तथा 50 हजार लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्थापित 99 प्रतिशत उद्यम सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम श्रेणी में शामिल हैं। उद्योग विभाग इन उद्यमों का विस्तृत सर्वेक्षण आयोजित करवाएगा जिससे इनकी समस्याओं का पता लगाया जाएगा तथा उनका उचित निवारण होगा। एक जिला एक उत्पाद की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में यूनिटी मॉल स्थापित किया जाएगा।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल में औद्योगिक निवेश बढ़ाने के लिए उद्योगपतियों से आवश्यक प्रमाण-पत्र की अनिवार्यता की शर्त को समाप्त करने पर सक्रियता से विचार कर रही है।

इस संबंध में नई औद्योगिक नीति में प्रावधान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उद्योग विभाग में ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्थापित किया जा रहा है जो एकल खिडकी प्रणाली की जगह लेगा। यह ब्यूरो संभावित निवेशकों को एक छत तले सभी स्वीकृतियां प्रदान करने की सुविधा देगा। निवेशकों को 'आओ और काम शुरू करोइकी सुविधा मिलेगी।

# लोक अदालतों में निपटाए 5886 मामले



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

मंडी जिला के सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें जिला मंडी के उपमंडल सरकाघाट, सुंदरनगर, जोगिन्द्रनगर, गोहर, करसोग, थुनाग और नवनिर्मित कोर्ट पधर तथा मंडी मुख्यालय में 17 लोक अदालत बैंचों का गठन किया गया था। इनमें 5886 मामलों का निपटारा विभिन्न पक्षों की आपसी सहमति से किया गया। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डी अंशु चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर 9808 मामलों को सुनवाई के लिए लोक अदालत की विभिन्न बैंचों के समक्ष रखा गया था। इन मामलों में कुल समझौता राशि 10०.08 करोड़ रुपये रही। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एवं कार्यकारी अध्यक्ष, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण शिमला तरलोक सिंह चौहान, न्यायाधीश अजय मोहन गोयल और सत्येन वैद्य ने लोक अदालत की कार्यवाही का जिला एवं सत्र न्यायालय मंडी में आकर अवलोकन किया। इस अवसर पर सदस्य सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण शिमला प्रेम पाल रान्टा भी मौजूद रहे। इन लोक अदालतों का आयोजन अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कैंथला की अध्यक्षता में किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### कर्नाटक की जीत से बढ़ा मुख्यमंत्री सुखविंदर सूक्खु का कद :जितेंद्र ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री**



कर्नाटक राज्य में विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को जो प्रचंड जीत मिली है उससे मुख्यमंत्री सुखविंदर सूक्खु का कद बढ़ा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जितेंद्र ठाकुर ने यह शब्द कहे। उन्होंने कहा कि जो भारतीय जनता पार्टी पूरे देश से कांग्रेस का सफ ाया करने का दम भर रही थी अब उस पार्टी का सफाया होना शुरू हो गया है। कांग्रेस पार्टी ने पहले हिमाचल में प्रचंड जीत दर्ज की, उसके बाद बड़े राज्य कर्नाटक में भी जीत का सिलसिला जारी रखा। इसके बाद आगामी जिन राज्यों में चुनाव होने हैं उसमें भी कांग्रेस पार्टी जीत दर्ज करेगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सूक्खु ने कर्नाटक विधानसभा चुनावों में जिन विधानसभा में प्रचार किया उन सभी क्षेत्रों में कांग्रेस के उम्मीदवार भारी मतों से जीते। हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सूक्खु ने जो जन कल्याणकारी योजनाएं और नीतियां शुरू की है उससे आम जनमानस को लाभ मिल रहा है। उनकी जनकल्याणकारी नीतियों के चलते ही नगर निगम शिमला में कांग्रेस को प्रचंड जीत मिली तथा हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस का संगठनात्मक ढांचा मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुखी की अगुवाई में कांग्रेस चारों सीटों पर जीत दर्ज करेगी और केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने का रास्ता साफ होगा। भाजपा की दमनकारी, भ्रष्टाचार युक्त और झूठे वादों से अब लोग भलीभांति परिचित हो गए हैं तथा अब वह उनके बहकावे में आने वाले नहीं है।

### लमलैहड़ी में व्यक्ति ने निगला जहरीला पदार्थ

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

सदर थाना ऊना के तहत लमलैहड़ी में 55 वर्षीय व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ निगला है। व्यक्ति को गंभीर हालत में क्षेत्रीय अस्तपाल ऊना से गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने भी मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक लमलैहड़ी निवासी चंचल सिंह ने रविवार दोपहर को गलती से जहरीला पदार्थ निगल लिया। बिगड़ती तबीयत देख परिजन उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लेकर पहुंचे, जहां से गंभीर हालत में डॉक्टर ने पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी ऊना अर्जित सेन ने बताया कि पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है।

### बौल का व्यक्ति 10 दिनों से लापता

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

थाना बंगाणा के तहत बौल का एक व्यक्ति पिछले 10 दिनों से लापता है। मामले को लेकर परिजनों ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर लापता की तलाश शुरू कर दी है। बता दें कि तिलक राज निवासी बौल करीब 10 दिन पहले अपनी बेटी की शादी के लिए कपड़े खरीदने के लिए जालंधर किया हुआ था, लेकिन आज दिन तक वापिस नहीं आया। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। ऐसे में अब बंगाणा थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की पुष्टि डीएसपी हैडक्वार्टर अजय ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर लापता व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी है।

### चुरडी के प्रधान कर्ण भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

रविवार को कुटलैहड़ विस क्षेत्र के पंचायत चुरडी के प्रधान कर्ण ठाकुर ने भाजपा को अलविदा कहकर विधायक देवेंद्र भुटटो की अध्यक्षता में कांग्रेस का दामन थाम लिया है। कर्ण ठाकुर के साथ राकेश कुमार मदली ने भी भाजपा को अलविदा कहकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है। विधायक देवेंद्र भुटटो ने दोनों का कांग्रेस पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि प्रधान कर्ण ठाकुर एवं राकेश कुमार मेरे पुराने मित्र है और इनके पार्टी में आने से पार्टी मजबूती की ओर अग्रसर होगी।

# कर्नाटक की हार से भाजपा की उल्टी गिनती शुरू: डा. रविंदर

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मिली बंपर जीत पर ब्लॉक कांग्रेस चिंतपूर्णी में जश्न का माहौल है। ब्लॉक कांग्रेस ने इस जीत से भाजपा की सत्ता से उल्टी गिनती शुरू होने का दावा किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र शर्मा ने कहा कि हिमाचल में मिली जीत के बाद कर्नाटक की जनता ने भी भाजपा को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश से शुरू हुआ कांग्रेस की जीत का आगाज आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को केंद्र की सत्ता से भी बाहर करेगा। प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सभी गारंटिया प्रदेश में पूरी की जा रही है। कर्मचारियों से किया वादा ओल्ड पेंशन योजना लागू किया गया वही महिलाओं को 1500 हर माह देने की तैयारी चल रही है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने जिन सीटों पर चुनाव प्रचार किया उन अधिकतम सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी जीत का परचम लहराएगी और फिर से केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार सत्ता में होगी।

# शत-प्रतिशत रहा गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल का सीबीएसई परिणाम

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



प्रदेशभर में सीबीएसई का परीक्षा परिणाम आया है। इसी कड़ी में पावंटा साहिब स्थित गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल का सीबीएसई 10वीं का परिक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। इसमें 17 छात्रों ने प्राप्त किए 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं के परीक्षा परिणामों में गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के छात्र शौर्य शर्मा ने 97.4 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिवांगी तथा असमी शर्मा ने संयुक्त रूप से 95.8 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा स्थान तथा राधिका गुप्ता और हरलीन कौर ने संयुक्त रूप से 95.2 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। रक्षिता तथा शगुन ने 93.6 प्रतिशत, आरुषि कासव ने 92.2 प्रतिशत, सिमर सैनी तथा नवदीप कौर ने 92 प्रतिशत, कुमार वर्मा तथा अर्पित पवार ने 91.8 प्रतिशत, जसप्रीत कौर ने 91.2 प्रतिशत, आदित्य भारद्वाज 90.8 प्रतिशत, हर्षिता मस्ताना 90.6 प्रतिशत, हार्दिक गुप्ता 90.2 प्रतिशत तथा अचिंत्य परमार ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उल्लेखनीय है कि 84 बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए तथा 239 छात्रों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर प्रथम श्रेणी में यह परीक्षा उत्तीर्ण की।

यदि विषयवार अंक देखे जाएं तो पंजाबी तथा एआई में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए गए। सोशल साइंस तथा हिंदी में 99, अंग्रेजी तथा साइंस में 98 तथा मैथ्स में 97 अधिकतम अंक प्राप्त किए गए। दसवीं के परीक्षा परिणाम की सूचना मिलते ही विद्यालय में हर्ष का माहौल छा गया। विद्यार्थी उत्साह और उमंग से भर गए।

# सब जज कोर्ट खुलने पर सीएम का जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**



पधर में सब जज कोर्ट की सौगात मिलने पर द्रंग ब्लाक कांग्रेस ने प्रदेश कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार जताया है। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बामन देव ठाकुर ने कहा कि लंबे समय से यहां पधर बार एसोसिएशन सहित स्थानीय लोग इस मांग को प्रमुखता से उठाते आ रहे थे। वर्ष 2017 में पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कौल सिंह ठाकुर ने तत्कालीन मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह से यहां सब जज कोर्ट की घोषणा करवा मंत्रिमंडल में मंजूरी दिलाई थी। जिसके बाद उच्च न्यायलय द्वारा तमाम औपचारिकताएं पूरी की गई। उन्होंने कहा कि सब जज कोर्ट खुलने से पधर उपमंडल के इलाका चौहारघाटी, द्रंग सिरा सहित नेरकलां आदि क्षेत्र की हजारों आबादी लाभान्वित होगी। इससे पहले लोगों को न्यायिक, फ ौजदारी और अन्य मुकदमों को लेकर जोगेंद्रनगर न्यायलय का रुख करना पड़ता था। जिससे समय के साथ धन की भी चपत लगती थी। अब लोगों को घर द्वार पर न्यायिक सेवाएं प्रदान होगी। बीते रोज कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान ने यहां सब जज कोर्ट का शुभारंभ कर क्षेत्र के लोगों को सौगात दी। इसके लिए उन्होंने माननीय उच्च न्यायलय और प्रदेश सरकार सहित मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार जताया।

# ईसपुर में रास्ता रोककर दो से मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

थाना हरोली के तहत ईसपुर में दो व्यक्तियों का रास्ता रोककर मारपीट की गई है। मारपीट में दोनों जख्मी हुआ है, जिसका स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में उपचार करवाया गया। वहीं पुलिस ने घायल एक व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अमृत सैणी निवासी ईसपुर ने बताया कि शनिवार शाम को पन्ना ठाकुर के साथ जा रहा था, तो गांव के ही गुलशन सैणी, निखिल सैणी व नरेश सैणी ने रास्ता रोककर मारपीट की।

# नारायणगढ़ के काला ने जीती दंगल की माली, दशमेश रोटी बैंट्ट नाहन ने करवाई कुश्ती स्पर्धा



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

दशमेश रोटी बैंक नाहन द्वारा आज नाहन के ऐतिहासिक चौगान मैदान में युवाओं को नशे से दूर रख कर खेलों की ओर आकर्षित करने के मकसद से दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दंगल में हिमाचल, हरियाणा, पंजाब उत्तर प्रदेश समेत उत्तराखंड से नामी पहलवानों ने अपने जौहर दिखाए। दशमेश रोटी बैंक के अध्यक्ष सरबजीत सिंह ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि आज युवाओं को नशे से दूर रख कर खेलों की ओर आकर्षित करने के मकसद से दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि दंगल प्रतियोगिता में नामी पहलवानों ने अपना जौहर दिखाते हुए अपना लोहा मनवाया। उन्होंने बताया कि दंगल का फ ाइनल मुकाबला नारायणगढ़ के काला एवं अंबाला की गौतम के बीच खेला गया जिसमें नारायणगढ़ के काला ने जीत दर्ज करते हुए माली अपने नाम की है। उन्होंने बताया कि विजेता व उपविजेता पहलवानों को नगद पुरस्कार के साथ ट्रॉफ ी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व विधायक अजय बहादुर सिंह वार्ड नंबर 13 के पार्षद योगेश गुप्ता समाजसेवी अशोक सैनी सुरेंद्र शर्मा अरुण साथी विनीत वार्ड नंबर 6 के पार्षद वीरेंद्र पासी ने विजेता पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सोसायटी के उपाध्यक्ष दलबीर सिंह अरविंदर सिंह रणधीर सिंह राजेंद्र सिंह मनिंदर सिंह गुनीत कौर सतिन्दर कौर अवकाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# भारत जोड़ो यात्रा को मिला कर्नाटक का समर्थन: रुपेंद्र ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



कर्नाटक में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत पर जिला सिरमौर जश्न में डूब गया। कांग्रेसी नेताओं और कार्यकताओं ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर इस बंपर जीत के लिए बधाई दी। जिला मुख्यालय नाहन के गुन्नूघाट अग्रसेन चौक पर कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एवं सचिव रुपेंद्र सिंह ठाकुर के नेतत्व में कार्यकताओं ने जश्न मनाया।उन्होंने कहा कि ये आम जनता की जीत है। अब देश में परिवर्तन की लहर है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का अब प्रभाव दिखना शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि धर्म को लेकर देश को बांटने वाली नीति से सत्ता चलाने वाली भाजपा को अब देश की जनता ने सिरे से नकारना शुरू कर दिया है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस विचारधारा के साथ चलती है यही वजह है कि हिमाचल के बाद कर्नाटक में कांग्रेस को जनता का भरपूर प्यार मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बतौर स्टार प्रचारक कर्नाटक गए थे।उन्होंने प्रदेश में हुए परिवर्तन और कांग्रेश के विकास को चुनाव प्रचार में आधार बनाया था।

हिमाचल में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद अब कर्नाटक में भी पार्टी की इकतरफा जीत हुई है। जनादेश से साफ है कि लोग केंद्र की मोदी सरकार से तंग आ चुके हैं इस मौके पर जिला कांग्रेस महामंत्री नरेंद्र तोमर, महिला कांग्रेस नेत्री बिलकिस बानो, पार्षद राकेश गर्ग उर्फ पपली, कपिल गर्ग उर्फ मोंटी के अलावा दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नगर परिषद मनाली पर जुर्माना कुप्रबंधन का नतीजा: गौतम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**



प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नगरपालिका परिषद मनाली को ब्यास नदी को प्रदूषित करने पर पन्द्रह लाख तीस हजार रुपए का जुमार्ना ठोका।कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता गौतम ठाकुर ने कहा कि नगरपालिका परिषद मनाली के कार्यकारी अधिकारी, डंपिंग यार्ड के संचालक तथा डोर टू डोर कचरा संचालन करने वाली गुडगांव की कपनी की लापरवाही के चलते ही ब्यास नदी प्रदूषित हो रही है। पीसीबी द्वारा पन्द्रह लाख तीस हजार रुपए का जुमार्ना भी वह अपनी जेब से ही वहन करें। जरुरत पड़ी तो एनजीटी का दरवाजा भी खटखटाएंगे।गौतम ठाकुर ने कहा कि नगरपालिका परिषद मनाली का एक एक पैसा मनाली शहर के नागरिकों से हाऊस टैक्स तथा अन्य टैक्स से वसूली गई राशि है।

डंपिंग यार्ड के संचालक, कार्यकारी अधिकारी तथा डोर टू डोर कूड़ा कचरा उठाने वाली गुडगांव की कंपनी की लापरवाही तथा गलतियों से इतना बड़ा जुमार्ना लगा है।वह बेवजह मनाली की जनता के जेब पर डाका पड़ने नहीं देंगे।कांग्रेस नेता गौतम ठाकुर के साथ नगरपालिका परिषद मनाली के मनोनीत सभी पार्षदों जगदीश कुमार, रानू देवी, धर्मपाल रुडिग्वा तथा बलवीर सिंह जॉनी पूर्व पार्षद प्रेम चंद प्रेमी पूर्व पार्षद रंजीता कौर शहरी कांग्रेस के महासचिव संतोष कुमार, कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह, अनिल कुमार, रणवीर सागर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजा महासचिव विक्की ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि नगरपालिका परिषद मनाली के कार्यकारी अधिकारी के अड़ियल रवैए से मनाली वासी परेशान हैं।

मनाली के प्रवेश द्वार पर कूड़े कचरे और दुर्गंध से पर्यटकों का स्वागत किया जा रहा है और साथ लगते स्कूल सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रों पर भी दुर्गंध तथा फैली गंदगी से विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।उन्होंने कहा कि रागंड़ी स्थित डंपिंग यार्ड पहले से ही नगर परिषद मनाली से निकलने वाले कूड़े कचरे का शत-प्रतिशत निदान करने में असमर्थ रही है। अधिकारी के नकारात्मक कार्यशैली के चलते नगर परिषद कुल्लू तथा नगर परिषद भुंतर का भी लाखों टन कचरा मनाली डंपिंग साइट पर पहुंच रहा है।डंपिंग साइड रांगड़ी मनाली में कूड़े कचरे का निदान सही तरीके से नहीं हो रहा है और न ही इस से निपटने के लिए किसी भी तरह का वैज्ञानिक समाधान ढूंढा जा रहा है। नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष से आग्रह किया है कि वह बाहर से आने वाले कूड़े कचरे को तुरंत मनाली आने से रोकें, अन्यथा जनहित में उन्हें विरोधस्वरूप सडकों पर उतरना पड़ेगा।वरिष्ठ नेता गौतम ठाकुर तथा सभी मनोनीत पार्षदों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से पिछले 5 वर्षों से डंपिंग यार्ड रांगड़ी में हो रहे गोरखधंधे की जांच की विजिलेंस से करवाने की मांग की है।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गौतम ठाकुर ने नगर पालिका परिषद मनाली के कार्यकारी अधिकारी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि हाल ही में हिमाचल प्रदेश शहरी विकास के निदेशक ने डंपिंग साइट रांगड़ी का दौरा किया था और किसी भी मनोनीत पार्षद को उन्होंने मौके पर बुलाना उचित नहीं समझा।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बना रही बिस्किट

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**



ग्राम पंचायत भटोली से स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों ने रागी के बिस्किट बनाने का काम शुरू कर दिया है। भारत के आह्वान पर संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा इस वर्ष को मिलट्स वर्ष घोषित किया गया है। जिसके तहत कुपोषण से जारी जंग में मोटे अनाज को मुख्य हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। इसी अभियान के तहत मोटे अनाज की श्रेणी में आने वाली रागी के बिस्किट बनाकर एक तरफ जहां कुपोषण के खिलाफ जंग जीतने की मुहिम शुरू की गई है। वहीं दूसरी तरफ स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों को इस कार्यक्रम का हिस्सा बनाकर उनकी आर्थिकी को मजबूत करने का भी प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में भटोली की सेल्फ ग्रुप की राज कुमारी व अलका शर्मा रागी के बिस्किट बना रही है।

# शक्तिपीठों की तर्ज पर मंदिरों का होगा विकास

## विधानसभा अध्यक्ष ने माता भद्रकाली मंदिर पोहलाणी में नवाजा शीश

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने जिला के प्रसिद्ध भद्रकाली माता मंदिर पोहलाणी में शीश नवाया और माता रानी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने माता रानी से प्रदेश वासियों की सुख, समृद्धि की भी कामना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रसिद्ध शक्तिपीठों की तर्ज पर एक विशेष मास्टर प्लान के तहत सभी महत्वपूर्ण मंदिरों व देवालयों में विभिन्न विकास कार्य सुनिश्चित बनाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इससे ना केवल श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होगी अपितु स्थानीय लोगों को रोजगार के बेहतर अवसर भी उपलब्ध होंगे। स्थानीय परिस्थितिकीय संतुलन को बनाए



रखने और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कार्यों की आवश्यकता पर जोर देते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने पर्यावरण प्रेमियों, गैर सरकारी संस्थाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं से पर्यावरण संरक्षण को लेकर सहयोग देने की बात भी कही। कुलदीप सिंह पठानिया ने चंबा-खजियार डायनकुंड-पोहलाणी माता के ट्रैक (पैदल पथ) को पूर्ण रूप से स्वच्छ एवं साफ रखने के लिए वन विभाग के वन्य प्राणी मंडल के कार्यों पर हर्ष व्यक्त किया।विधानसभा अध्यक्ष ने पोहलाणी माता मंदिर के पैदल प्रवेश द्वार से लेकर मंदिर परिसर तक विभिन्न स्थानों में कूड़ा दान स्थापित करने और रेलिंग लगाने को लेकर भी वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को मंदिर परिसर में पेयजल की लगातार आपूर्ति सुनिश्चित बनाने के निर्देश भी जारी किए। उन्होंने यह निर्देश भी जारी किए कि राज्य विद्युत बोर्ड मंदिर परिसर तक विद्युत आपूर्ति की थ्री फेस लाइन जल्द स्थापित करें। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष को ग्राम पंचायत काहरी की ओर से पंचायत प्रतिनिधियों और गांव वासियों ने शॉल टोपी भेंट कर समानित भी किया।कुलदीप सिंह पठानिया ने इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों द्वारा रखी गई मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया।उन्होंने इस दौरान स्थानीय लोगों की समस्याओं का समाधान भी किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनोद धीमान, एसडीएम चंबा अरुण शर्मा, डलहौजी अनिल भारद्वाज, सहित आदि उपस्थित रहे।

# अंब में युवा प्रोत्साहन सम्मलेन आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित व नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखने उद्देश्य से कांग्रेस की तरफ से युवा प्रोत्साहन सम्मलेन का आयोजन किया गया। रविवार को अंब के एक निजी होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने बतौर मुख्यतिथि शिकरत की।



कार्यक्रम के आयोजक कांग्रेस नेता अतुल ठाकुर, युवा कांग्रेस चिंतपूर्णी के अध्यक्ष शमशेर अली व रमन जस्सल द्वारा विधायक सुदर्शन सिंह बबलू को गुर्ज देकर सम्मानित किया गया। वही उन्होंने विधायक के माध्यम से प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को नशे जैसे बुराई से दूर रखने व खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर गांव में खेल सामग्री उपलब्ध करवाए और ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कर खिलाडि?ों को उचित मंच प्रदान करे। विधायक बबलू ने कहा कि वह पिछले 4 सालों से युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए अपने स्तर पर खेल सामग्री उपलब्ध करवा रहे है। चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के कई युवा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके है। अंदौरा के एथलीट निषाद कुमार ने क्षेत्र का खूब नाम चमकाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में जिम खोले जाएंगे, ताकि युवा नशे जैसी कुरीति से दूर रहकर खेलों में बढ़चढ़ कर भाग ले सके।

इस मौके पर पूर्व विधायक गणेश दत्त भरवाल, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र कुमार, पूर्व अध्यक्ष मास्टर प्रीतम सिंह जम्वाल, अधिवक्ता विकास कश्यप, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष डॉ. राजपाल शर्मा, यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राघव ठाकुर, यूथ कांग्रेस चिंतपूर्णी के अध्यक्ष शमशेर अली, कार्यकारी अध्यक्ष रोहित कालिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

# संस्कृति के आदान प्रदान से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**मनाली 14 मई राज अग्रवाल**

नागालैंड ओर असम से मनाली पहुंचे लोगों के स्वागत में अनिला महाजन सरस्वती विद्या मंदिर मनाली में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नप अध्यक्ष चमन कपूर मुख्य अतिथि पहुंचे।

उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सभी लोग माता हिडिम्बा से जुड़े हैं।

कपूर ने कहा कि माता हिडिम्बा कुल्लू राजवंश की दादी है लेकिन यह जानकार खुशी हई की नागालैंड औ? असम में भी माता की बहुत मान्यता है। उन्होंने हिमगिरी कल्याण आश्रम नागालैंड व हिमाचल के प्रयासों को सराहते हुए कहा कि इस पहल से एक दूसरे के साथ रिश्ते मजबूत होंगे



साथ ही पर्यटन भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आदान प्रदान से श्रीनगर से कन्याकुमारी तक भारत की एकता को बल मिला है। इस दौरान हिमगिरी कल्याण आश्रम की अध्यक्ष विनीत व हिमाचल के अध्यक्ष लछिया राम ने चमन कपूर की सराहना करते हुए कहा कि पिछले साल भी उनका उन्हें भरपूर सहयोग मिला और इस बार भी कपूर ने बड़ी मदद दी है। इस अवसर पर नप उपाध्यक्ष मनोज कुमार, पार्षद कल्पना ठाकुर, नन्द लाल, कश्मीर सिंह, बुद्धि सिंह, सुशील रुडिंगपा मौजूद रहे।

# मैहतपुर में महिला का पर्स छीन बाइक सवार लूटरे फरार

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पुलिस थाना मैहतपुर के तहत स्थानीय बाजार में बाइक सवार दो युवक एक महिला का पर्स छीनकर फरार हो गए। मामले को लेकर महिला ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सर्वजीत कौर निवासी बनगढ़ ने बताया कि गत दिवस अपने मायके नूरपुर बेदी, पंजाब जा रही थी। मैहतपुर पहुंचने पर बाइक सवार दो युवक पर्स छीननकर फरार हो गए। महिला ने बताया कि पर्स में मोबाईल, चांदी की पंजेवे, सोने का मंगलसूत्र व दो हजार रुपये की नगदी थी।

# उत्कृष्ट विद्यालय गड़सा में समावेशी कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

सांफि आ फ उंडेशन कुल्लू द्वारा आज उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गड़सा में समावेशी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिस दौरान विद्यालय के छात्रों व अध्यापकों को विभिन्न सत्रों के माध्यम से दिव्यांगता पर आधारित जानकारी दी। बीजू, कार्यक्रम प्रबंधक सांफिया फाउंडेशन ने पहले सत्र में सांफिआ फाउंडेशन के उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला वहीं फाउंडेशन द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में दी जाने बाली तीन तरह की सेवाओं के बारे में जानकारी दी जिसमें पहले कार्यक्रम के तेहत कुल्लू के अखाड़ा बाजार



में आश बाल विकास केंद्र नामक केंद्र पर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए थेरेपी सेवाएं प्रदान की जाती है और दूसरे कार्यक्रम के तेहत 'थेरेपी ऑन व्हील्सइ नामक एक बस के माध्यम से दिव्यांग जनों को उनके घर द्वार जाकर थेरेपी सेवाएं उपलब्ध कराई जाती है और वहीँ हमारा तीसरे कार्य्रकम के अन्तर्गत समावेशी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जहाँ हम जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को दिव्यांगता के विषय में जागरूक करते हैं। बता दें कि साँफिया फ उंडेशन, एडी हाइड्रो पॉवर लिमिटेड मनाली द्वारा प्रायोजित संस्थान है।

सांफिआ फ उंडेशन के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अनु राणा ने सभी को विभिन्न तरह की थेरेपी सेवाओं जैसे फिजियोथैरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, स्पीच थेरेपी एवं स्पेशल एजुकेशन के विषय में जानकारी दी और साथ में दिव्यांगता के प्रकारों के बारे भी जानकारी प्रदान की।साथ ही उन्होंने दिव्यान्गता को छोटी उम्र में थेरेपी के माध्यम से कैसे कम किया जा सकता है उस विषय पर भी जानकारी दी।

## न्यूज फ्लैश

### भारत में हर 4 में से 3 लोग नोमोफोबिया के शिकार ओप्पो काउंटरपॉइंट स्टडी

**शिमला**: वैश्विक स्मार्ट डिवाइस ब्रांड ओप्पो ने एक विश्लेषक फर्म काउंटरपॉइंट के साथ मिलकर एक उपभोक्ता अध्ययन किया। यह उपभोक्ता अध्ययन नोमोफोबिया कम बैटरी की चिंता से उपजा है।इस रिपोर्ट में यह बताया गया है कि भारत में हर चार में से तीन लोगों को नोमोफोबिया है यानी अपने स्मार्टफोन से अलग होने का डर।रिपोर्ट का शीर्षक नोमोफोबिया लो बैटरी एंग्जाइटी कंज्यूमर स्टडी रखा गया है।इसमें उपभोक्ताओं की मानसिकता में यह समझने की कोशिश की गई है कि कैसे फोन की खत्म होती बैट्री इस फोबिया को बढ़ाती है।ओप्पो इंडिया के सीएमओ दमयंत सिंह खनोरिया ने कहा ओप्पो को अपने टेक्नोलोजी के नवीनीकरण पर गर्व है और हम उपभोक्ताओं की जरूरतों को समझने के लिए लगाता अध्ययन पर भरोसा करते हैं। हमारा मिशन ऐसे उत्पादों और अनुभवों का निर्माण करना है जो दुनिया के लिए स्थायी मूल्य और नेक इरादे लाते हैं।यह अध्ययन नोमोफोबिया के बारे में काफी कुछ बताता है जिससे ओप्पो को इसमें बताई गई जरूरतों और चिंताओं को दूर करने वाले समाधान प्रदान करने में मदद मिलेगी।अन्य निष्कर्षों में शामिल हैं 65 प्रतिशत स्मार्टफोन उपयोगकर्ता तब भावनात्मक परेशानी,चिंतित/बैचैन,डिस्कनेक्टेड,असहाय,खो जाने का डर,घबराया हुआ,असुरक्षित महसूस करते हैं जब उनके फोन की बैटरी समाप्त हो जाती है। 42 प्रतिशत लोग स्मार्टफोन का सबसे अधिक उपयोग मनोरंजन के लिए करते हैं जिसमें सोशल मीडिया सबसे ऊपर है।65 प्रतिशत उपयोगकर्ता बैटरी बचाने के लिए फोन के उपयोग में कमी लाते हैं जबकि 82 प्रतिशत सोशल मीडिया उपयोग को कम कर देते हैं। कम बैटरी की घबराहट के बारे में रिसर्च डायरेक्टर तरुण पाठक ने कहा हमारे स्मार्टफोन हमारे व्यक्तिगत ब्रह्मांड बन गए हैं जो हमें व्यक्तिगत और व्यवसायिक रूप से लोगों से कनेक्टेड रखते हैं साथ ही हमारा मनोरंजन भी करते हैं। ।

### टाटा एआईए लाइफ फार्च्यून गारंटी पेंशन में प्रभावकारी अपग्रेड

**शिमला**: भारत की एक अग्रणी जीवन बीमा कंपनी टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स (टाटा एआईए लाइफ)ने अपने प्रमुख एन्युटी (जीवन भर तक गारंटीड इनकम)प्लान टाटा एआईए लाइफ फॉर्च्यून गारंटी पेंशन का और भी प्रभावकारी वर्जन प्रस्तुत किया है। इस नए वर्जन में अधिक ज्यादा एन्युटी दर और डेथ बेनिफिट्स जैसे कुछ महत्वपूर्ण सुधारों को शामिल किया गया है।इस योजना के लाभ लेकर ग्राहक सेवानिवृत्त होने के बाद आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और चिंतामुक्त होकर अपनी जिन्दगी के सुनहरे पलों का आनंद ले सकेंगे।जीवन प्रत्याशा में वृद्धि और बचत स्तरों में गिरावट ने आज देश के नागरिकों के लिए सेवानिवृत्ति के बाद की आय को एक प्रमुख चिंता का विषय बना दिया है। सेवानिवृत्ति बचत में कमी वर्ष 2050 तक 85 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

# कुल्लू जिला पैन्शनर संघ की बैठक में सुन्दर सिंह ठाकुर बतौर मुख्य अतिथि हुए उपस्थित

**पैन्शनर संघ के जिलाध्यक्ष शेष राम ठाकुर ने मुख्य अतिथि का शाल टोपी पहनाकर स्वागत किया**

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

पैन्शनर संघ के जिलाध्यक्ष शेष राम ठाकुर ने मुख्य अतिथि का शाल टोपी पहनाकर स्वागत किया तथा पैन्शनरों से सम्बधित समस्याओं व उनकी विभिन्न मागों से अवगत कराया। जिनमें मुख्य मागें नई जेसीसी की बैठक जल्दी बुलाने व पैन्शनरों को भी बैठक मे शामिल करने, जनवरी-2016 के बाद सेवानिवृत्त पैन्शनरों को



संशोधित वेतनमान के तहत पैन्शन देने तथा सभी लम्बित मामलों का एकमुश्त भुगतान करने बारे, चिक्तिसा भत्ता 400 रुपए से बढ़ाकर 1000 रुपए करने बारे, कुल्लू में भूमि का चयन कर पैन्शनर भवन का निर्माण करने बारे तथा करूणामूलक आधर पर नौकरी देने मे कोई आयसीमा न रखने की प्रदेश सरकार से मांग की गई।इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश सरकार ने जो व्यवस्था परिवर्तन का संकल्प लिया है पहले 6 महिनों मे ही जनता के समक्ष है। सभी सरकारी अस्पतालों मे मुफ्त दवाईयों का वितरण व बेहतर चिकित्सा सुविधायें प्रदान की जा रही है। कुल्लू मे बिजली महादेव का 240 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाला रज्जू मार्ग जो पहले कागजों में ही सीमित था अब उसके भी टैण्डर हो चुके है और जल्दी ही निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। कुल्लू में ही पीज से पैराग्लाईडिगं को स्वीकृति प्रदान करना हो या एफसीए की स्वीकृति के लिये उच्च न्यायालय की अनुमति की जरूरत न होना जैसे बहुत से कार्य व्यवस्था परिवर्तन का नतीजा है। उन्होंने कहा कि सीनीयर सिटिजन व पैन्शनरज के लिये ब्लाक कार्यालय में ही डे-केयर सैन्टर का प्रावधान किया जा रहा है और आगामी समय में भी प्रत्येक व्यक्ति की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये प्रदेश को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने के लिये प्रदेश सरकार वचनबद्ध है। उन्होंने जिला पैन्शनर संघ द्वारा रखी गई मांगों मुख्यमन्त्री के समक्ष रखने का आश्वासन दिया और कहा कि सभी मांगों पर उपयुक्त कायार्वाही अम्ल में लाई जायेगी।इस बैठक में जिला पैन्शनर संघ के महासचिव मोहर सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष योगराज शर्मा, कुशाल नेगी, फ तेह चन्द कोषाध्यक्ष भाद्र चन्द, सहित आदि उपस्थित रहे।

# भरवाई में कार चालक चिट्टे संग काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

थाना चिंतपूर्णी के तहत भरवाई में पुलिस ने एक कार से चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने चिट्टा रखने के आरोप में चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक चिंतपूर्णी पुलिस शनिवार रात्रि को भरवाई में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक कार की तलाशी ली, जिसमें पुलिस को 1.42 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। चिट्टा रखने पर पुलिस ने कार चालक तरूण भारद्वाज निवासी कांगड़ा के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 20 करोड़ से होगा कथासु–सावडा सड़क का सुधारीकरण: रोहित ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि 20 करोड़ रुपए की राशि से कथासु-सावडा सडक का सुधारीकरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त खड़ा पत्थर क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा ताकि स्थानीय युवाओं को घर द्वार पर स्वरोजगार के साधन उपलब्ध हो सकें। रोहित ठाकुर ने आज जुब्बल उपमंडल के कथासु गांव में 28 लाख रुपए से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन की आधारशिला रखी और इसके उपरांत युवक मंडल कथासु



द्वारा आयोजित वॉलीबॉल टूनामेंट में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वॉलीबॉल हमारे राज्य का खेल है और इसे बढ़ावा देने के लिए वर्तमान राज्य सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किए जाएंगे तथा खंड स्तर पर ग्रामीण प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान किया जाएगा ताकि युवा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।उन्होंने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने लघु एवं सीमांत बागवानों के हितों के लिए 24 किलो यूनिवर्सल कार्टन अनिवार्य किया है जिससे किसानों की आर्थिकी को बल मिलेगा।

इससे पूर्व स्थानीय प्रधान गीता देवी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और क्षेत्र की समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया।

# 5 .55 करोड़ से नपं दौलतपुर में होगा जलापूर्ति योजना का विस्तारीकरण

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

जल शक्ति विभाग द्वारा नगर पंचायत दौलतपुर चौक के लिए 5 करोड़ 55 लाख की लागत से पेयजल योजना का विस्तारीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के प्रयास शुरू कर दिए है। जिसमें 4 ओवर हैड टैंक और एक अंडर ग्राउंड वाटर टैंक का निर्माण होगा और लोगों के घरों तक पेयजल आपूर्ति करवाने के लिए लगभग 22 हजार रनिंग मीटर पाइप बिछाई जाएगी और पुरानी खराब पाइपें भी बदली जाएंगी और नए पनडुब्बी पंप तथा अपकेंद्री पंप भी स्थापित किए जाएंगे। जिससे नगर पंचायत दौलतपुर चौक के 1014 परिवारों के लगभग 4500 सदस्यों को पेयजल की किल्लत से राहत मिलेगी। बता दें कि पिछले लंबे समय से नगर पंचायत दौलतपुर चौक में लोग पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। गर्मियों के मौसम में पेयजल की समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है। इसके लिए जल शक्ति विभाग लोगों को इस समस्या से निजात दिलाने में निरंतर प्रयासरत रहता है। दौलतपुर चौक नगर पंचायत में पेयजल योजना का शुभारंभ 1999 में हुआ था। यह योजना उस वक्त की आबादी के लिए प्रयाप्त थी,



लेकीन जैसे जैसे आबादी बढ़ती गई और पेयजल की किल्लत भी बढ़ती गई। विधायक चैतन्य शर्मा ने नगर पंचायत दौलतपुर चौक के लोगों की पेयजल समस्या को समझा और इसके समाधान के लिए जल शक्ति विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर जलापूर्ति योजना के विस्तारीकरण के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिसके लिए जलशक्ति विभाग ने कमर कस ली और पेयजल योजना में तेजी लाने के निर्देश दिए। जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता अश्वनी बंसल ने बताया कि दौलतपुर नगर पंचायत में पेयजल आपूर्ति के सुचारू रूप से संचालन के लिए विधायक चैतन्य शर्मा की पहल के चलते दौलतपुर नगर पंचायत में पेयजल योजना के लिए 5 करोड़ 55 लाख की लागत से बनने बाली योजना की निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। जिससे नगर पंचायत में किसी को भी पेयजल की समस्या न हो।

# संतोषी ने 500 रु खर्च कर शुरू की ढीगंरी मशरूम की जैविक खेती, अब प्रतिमाह कमा रही है 5 हजार

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाएं आम लोगों के जीवन में बदलाव ला रही है और यह बदलाव लोगों के वास्तविक जीवन में दिखाई भी दे रहा है। राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं भी अब गांव में रह कर, अपने घर व आस-पास छोटे-छोटे कार्य शुरू कर अब अपनी आजीविका कमाए अपने परिवार का सहयोग करने के साथ अपनी आर्थिकी को सुदृढ़ कर रही है। करसोग उपमंडल के कलैहणी गांव की संतोषी देवी ने मशरूम की खेती कर इसे साबित किया है।संतोषी देवी ने जनवरी, 2023 में खंड विकास कार्यालय करसोग के माध्यम से राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत मशरूम की जैविक खेती करने का 10 दिन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण



के पश्चात, अपने घर के एक कमरे में ढीगंरी मशरूम की खेती करना शुरू किया। प्लस-टू पास संतोषी देवी ने घर के कमरे में 17 बैगों में ढीगंरी मशरूम की जैविक खेती की, जिसमें उन्हें उम्मीद से कहीं ज्यादा ढीगंरी मशरूम की फसल मिली। आम तौर पर ढीगंरी मशरूम की फसल तैयार होने के बाद, उसकी 2 से 3 बार कटाई की जाती है। लेकिन संतोषी देवी द्वारा उगाई गई मशरूम की फ सल की, उन्होंने 4 से 5 बार कटाई कर अच्छी आय अर्जित की। संतोषी देवी करसोग बाजार में हिम ईरा नाम से दुकान भी चला रही है, जहां पर अपने घर में तैयार किए जाने वाले जैविक ढीगंरी मशरूम को 250 से 300 रुपये प्रति किलोग्राम बेचा जाता है।संतोषी देवी का कहना है कि इस कार्य को शुरू करने से पहले, उनकी अपनी कोई स्वतंत्र आय नहीं थी। घर के कार्यो में ही समय बीत जाता था। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई महिलाओं के लिए आजीविका मिशन के अन्तर्गत ढीगंरी मशरूम की खेती करने संबंधी प्रशिक्षण दिए जाने की जानकारी खंड विकास कार्यालय करसोग से मिली। उसके पश्चात ढीगंरी मशरूम की खेती करने का प्रशिक्षण हासिल किया और इसे अपनी स्वतंत्र आय का जरिया बनाया। इनका कहना है कि परिवार के लोगों ने भी इस कार्य में सहयोग किया और अब वे इस कार्य से प्रतिमाह 4 से 5 हजार और 50 से 60 हजार रुपये वार्षिक आय अर्जित कर रही है जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ हुई है।

संतोषी देवी ने बताया कि इस कार्य को शुरू करने के लिए उन्होंने केवल मात्र 500 रुपये खर्च किए। इनका कहना है कि मशरूम की अन्य विभिन्न किस्मों को उगा कर इस कार्य को साल भी किया जा सकता है, जो आय का एक बेहतर विकल्प है।

आजीविका मिशन के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह बनाकर, अन्य महिलाओं द्वारा तैयार किए जाने वाले विभिन्न उत्पादों को भी संतोषी देवी अपनी हिम ईरा दुकान पर बेच रही है। जिससे एक ओर जहां स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई महिलाओं को, उनके द्वारा घरों में तैयार किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के उत्पाद बेचने के लिए बेहतर प्लेटफ ॉर्म उपलब्ध रहा है वहीं वे उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में भी सहयोग कर रही है। इनका कहना है कि सफलता कभी भी, किसी भी क्षेत्र में हासिल की जा सकती है, बशर्ते उसके लिए कड़ी मेहनत और लग्न से कार्य करने की आवश्यकता है।करसोग के सहायक आयुक्त एवं बीडीओ अमित कल्थाईक का कहना है कि महिलाओं को अर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिनमें राष्ट्रीय आजीविका मिशन भी एक है। इस योजना का लाभ उठा कर क्षेत्र की महिलाओं ने आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में अपने कदम आगे बढ़ाएं है।

# 28 मई को धर्मशाला में होगा आभार समारोह

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री** नई पेंशन स्कीम कर्मचारी महासंघ ने मंडी में प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए संगठन के राज्य अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर ने कहा कि 28 मई को धर्मशाला में पुरानी पेंशन बहाली के उपलक्ष्य पर संगठन द्वारा प्रदेश सरकार का एक लाख से अधिक कर्मचारियों के साथ आभार व्यक्त किया जाएगा। क्योंकि प्रदेश में प्रदेश सरकार कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल की है जिसके लिए उन्होंने प्रदेश सरकार के मुख्य सुखविंदर सिंह सुक्खू व उनके सहयोगियों का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि अब समारोह की सहमति उन्हें मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से भी मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि शनिवार

**▶▶समारोह की सहमति मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से भी मिल चुकी है**

को प्रियंका गांधी से भी संगठन के प्रतिनिधियों ने मुलाकात कर उनका भी आभार व्यक्त कियाए क्योंकि संघर्ष के वक्त उन्होंने भी कर्मचारियों के क्रमिक अनशन स्थल पर आकर कर्मचारियों को आश्वासन दिया था कि प्रदेश में यदि उनकी सरकार आती है तो पुरानी पेंशन को बहाल कर दिया जाएगा। प्रदेश में सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार द्वारा पहली मंत्रिमंडल में मंजूरी देने के पश्चात वर्तमान समय में पूरी तरह से बहाल हो चुकी है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भी धन्यवाद किया क्योंकि उन्होंने भी पुरानी



पेंशन बहाली के संघर्ष के वक्त कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया और प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाली के लिए लगातार सहयोग किया । उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल की है जो कि एक ऐतिहासिक फैसला है और यह वही पेंशन है जो कर्मचारी मांग रहे थे। अब कर्मचारियों को भी 2003 से पहले के कर्मचारियों की तर्ज पर ही पेंशन मिलेगीए जो सीसीएस पेंशन रूल 1972 के हिसाब से मिलेगी । उन्होंने कहा कि संघर्ष के वक्त संगठन द्वारा कहा गया था कि जब पेंशन बहाल होगी तो 1 लाख से अधिक कर्मचारियों के साथ सरकार का आभार व्यक्त किया जाएगा । अब वह वक्त आ गया है जब सचमुच एक लाख से अधिक कर्मचारियों के साथ सरकार का आभार व्यक्त करना है जो 28 मई को धर्मशाला में होगा। उन्होंने कर्मचारी साथियों से अपील की है कि सभी धर्मशाला जरूर पहुंचे और इस आभार समारोह की शोभा बढ़ाएं। सरकार ने पेंशन बहाल करके जो ऐतिहासिक फैसला लिया है उसके पश्चात कर्मचारी वर्ग का भी दायित्व बनता है कि आभार समारोह शानदार हो। उन्होंने कर्मचारियों से यह भी कहा है कि पुरानी पेंशन को चुनने के लिए सरकार ने जो 60 दिन का समय दिया है उसे जल्द से जल्द चुनने का प्रयास करें ताकि एक सही संदेश सरकार के समक्ष जा सके। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अपने जीपीएफ नंबर के लिए भी जल्द आवेदन करें ताकि यह प्रक्रिया भी समय रहते हो सके। इस मौके पर उन्होंने मीडिया का भी धन्यवाद किया और कहा कि संघर्ष के वक्त मीडिया ने भी उन्हें खूब सहयोग दिया है। इस मौके पर राज्य महासचिव भरत शर्मा, राज्य कोषाध्यक्ष शशि पाल शर्मा, जोगिंदर नगर ब्लॉक के अध्यक्ष अतुल लखन पाल, जिला उपाध्यक्ष नवल किशोर, जिला महिला विंग उपाध्यक्ष रेखा तथा महासचिव बंदना इत्यादि उपस्थित रहे।

# 28 हज यात्रियों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ** जिला मुख्यालय नाहन स्थित जामा मस्जिद में हज यात्रियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान हज पर जाने वाले यात्रियों के लिए वैक्सीनेशन का भी प्रावधान किया गया। जांच शिविर के आयोजक कैप्टन सलीम ने बताया की इस वर्ष जिला सिरमौर से 28 हाजी हज यात्रा पर मक्का अरब अमीरात जाएंगे। उन्होंने बताया कि केंद्रीय हज कमेटी के निदेशों के बाद हिमाचल प्रदेश सरकार के गृह सचिव द्वारा जारी किए गए पत्र के अनुसार 28 हाजी हज यात्रा पर मक्का अरब अमीरात रवाना होंगे। इन हज यात्रियों के लिए है आज कच्चा टैंक स्थित जामा मस्जिद में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कोविड वैक्सीनेशन भी की गई। सलीम ने बताया कि प्रशिक्षित मौलवियों द्वारा हज यात्रा पर जाने वाले हाजियों को हज की बारीकियों के बारे में भी बताया गया। वहीं अली हाशमी ने बताया कि प्रदेश सरकार के द्वारा आज पूरे प्रदेश में चार स्थानों पर जिनमें नाहन, मंडी, नालागढ़ एवं शिमला में हज यात्रियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। ताकि यात्रा के दौरान उन्हें किसी प्रकार परेशानी का सामना ना करना पड़े। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निसार अहमद ने बताया कि केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार के निदेशों पर हज यात्रियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमे जिला सिरमौर से हज पर जाने वाले सभी यात्रियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसके अलावा जिन लोगों को कोविड वैक्सीन नहीं लगी है उनकी वैक्सीनेशन भी की गई।

## न्यूज फ्लैश

### विशाल जागरण में निशा शर्मा ने मचाई धमाल

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
उपमंडल बंगाणा में पांचवां मां भगवती जागरण में हिमाचल की बेटी निशा शर्मा ने अपनी मधुर आवाज से पंडाल को खूब नचाया। निशा शर्मा ने एक से बढकर एक प्रस्तुतियां देकर माता की महिमा का गुणगान किया। वही मनी लाडला और जानू सूफी ने भी माता की महिमा का गुणगान किया। कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुटटो ने जागरण में शिरकत करके नव ज्योतियों का आशीर्वाद लिया। वही कमेटी सदस्यों द्वारा विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो को सम्मानित भी किया गया। वहीं हजारो की संख्या में आई जनता को भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण करवाया गया। कमेटी सदस्यों में अध्यक्ष विनोद सेंटी, माता वैष्णो देवी के अन्य भक्त सुरेंद्र सोनी, दिनेश खत्री, अनिल बांटू, अंकुश बजार्ता, हंसराज बजार्ता, रेणु सोनी, केशवा नंद शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### गुरूकुल स्कूल में मनाया मदर्स डे

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
गुरुकुल स्कूल अंब मदर्स डे पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हे बच्चों द्वारा अपनी माताओं के मस्तक पर तिलक लगाकर स्कूल परिसर में उनका उमगत किया गया। कार्यक्रम का शुभांरभ सरस्वती वंदना से हुआ। वही प्रथम और द्वितीय श्रेणी के बच्चों ने मां की महानता को बताते हुए गीत गाया तथा कार्ड बनाकर अपनी मां को समर्पित किया। इस आयोजन में कई प्रकार की गतिविधिया की गई। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य संतोष कुमारी ने बच्चों व उनकी माताओं को संबोधित करते हुए मां की महानता के बारे में बताते हुए कहा कि मां-बच्चों की प्रथम गुरू है। बच्चे के जीवन में मां का बहुत महत्व होता है। इस अवसर टीआर स्कूल प्रबंधक निदेशक राजेश गौतम, डायरेक्टर ज्योति गौतम, प्रिंसिपल डायरेक्टर डीपी राय सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बीनेवाल की मनप्रीत कौर संधू सेना में बनी मेजर

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
ऊना विधानसभा क्षेत्र के गांव बीनेवाल की मनप्रीत कौर संधू ने सेना में मेजर का पद हासिल किया है। 33 वर्षीय मनप्रीत ने मिल्ट्री नर्सिंग सर्विस की कमीशन परीक्षा उतीर्ण कर गांव के साथ जिले का नाम रोशन किया था। मनप्रीत के पिता बलविंदर सिंह संधू पीएसीएल नंगल में नौकरी करते थे। बचपन से ही मनप्रीत का सेना में जाने का सपना था। मनप्रीत ने नर्सिंग की पढ़ाई शिवालिक मॉडल स्कूल नया नंगल में की थी, जबकि बीएससी नर्सिंग की डिग्री नवांशहर से की और एमएससी नर्सिंग की डिग्री बाबा फरीद विवि फरीदकोट से हासिल की थी। मनप्रीत ने पंजाब के स्वास्थ्य विभाग में भी सरकारी नौकरी के लिए परीक्षा दी थी, जिसे मनप्रीत ने उतीर्ण की थी, लेकिन मनप्रीत ने सेना में जाने के लिए नर्सिंग कमीशन का टेस्ट दिया, जिसमें मनप्रीत को सफलता हासिल हुई। 2017 में मनप्रीत लेफ्टिनेंट का पद हासिल किया और झारखंड में पोस्टिंग हुई। उसके बाद 2019 मनप्रीत कैप्टन का पद हासिल किया और असम में पोस्टिंग हुए और अब असम में ही मेजर का पद हासिल किया, अब वह वहीं पर सेवाएं दे रही है।

### एचडीएफसी बैंक और तेलंगाना सरकार समर्थित टास्क नए रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एक साथ आए

**शिमला**: एचडीएफसी बैंक भारत का सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का बैंक और तेलंगाना सरकार के आईटीईएंडसी विभाग के तहत एक गैर .लाभकारी संगठन तेलंगाना एकेडमी फॉर स्किल एंड नॉलेज (टीएएसके)ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू)पर हस्ताक्षर किए। इस नए करार के तहत नए स्नातकों और स्नातकोत्तरों के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एमओयू के अनुसार एचडीएफसी बैंक अब टास्क के साथ रजिस्टर्ड 700 संस्थानों में प्रतिभा के एक बड़े पूल तक पहुंच बनाने में सक्षम होगा। श्रीकांत सिन्हा सीईओ टास्क और रंगा सुब्रमण्यम हेड टैलेंट एक्विजिशन एचडीएफसी बैंक ने तेलंगाना सरकार टीएएसके और एचडीएफसी बैंक के अधिकारियों की उपस्थिति में हैदराबाद में एमओयू पर हस्ताक्षर किए। साझेदारी के तहत टास्क प्रशिक्षित छात्रों को हायर करने में एचडीएफसी बैंक की मदद करेगा। टास्क द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव और साक्षात्कार के लिए सभी प्रकार की लॉजिस्टिकल सहायता प्रदान की जाएगी ।रंगा सुब्रमण्यम हेड टैलेंट एक्विजिशन एचडीएफसी बैंक ने कहा एचडीएफसी बैंक देश भर में नई प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम एक समान अवसर संगठन हैं जहां हर किसी को एक्सीलेंस प्राप्त करने और अपनी अधिकतम क्षमता तक बढ़ने के लिए एक इकोसिस्टम दिया जाता है।

# केंद्रीय मंत्री के प्रयासों से बदल रही सुजानपुर की सूरत

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के प्रयासों से सुजानपुर बस स्टैंड की मरम्मत का कार्य और मैदान के चारों तरफ की सडक को नए सिरे से पक्का किया जा रहा है यह बात सुजानपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर मंडल मीडिया प्रभारी विनोद ठाकुर ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही है उन्होंने कहा कि सुजानपुर चोरी पटलांनदर मुख्य मार्ग के लिए केंद्रीय मंत्री द्वारा सीआरएफ के तहत रू 32 करोड़ का प्रावधान करवाया गया है इस मुख्य सडक का काम युद्ध स्तर पर लगा है उसी कार्य में सुजानपुर बस स्टैंड की मरम्मत का कार्य और मैदान के चारों तरफ की सडक को पक्का करवाने का कार्य भी शामिल किया गया है। उन्हीं के निर्देश पर यह कार्य शुरू हुआ है, उन्होंने कहा कि इससे पहले भी पूर्व में रही भाजपा सरकार के समय पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के कहने पर उस समय के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने सुजानपुर बस स्टैंड के लिए 50 लाख रुपए का बजट प्रावधान किया था और विधिवत इसकी होली मेले के समापन पर घोषणा की थी विनोद ठाकुर ने कहा की सुजानपुर बस स्टैंड की अति दयनीय स्थिति बनी हुई थी लेकिन यहां के विधायक बस स्टैंड के नाम पर केवल झूठी घोषणाएं और झूठे वायदे ही कर रहे हैं।

# जयकारों के बीच बारसडा में गुरुद्वारा साहिब की इमारत का शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
ऊना विधानसभा क्षेत्र के तहत गांव बारसडा में रविवार को बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों के बीच गुरुद्वारा साहिब के भवन का शिलान्यास गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी व अन्य संत महापुरुषों की उपस्थिथि में किया गया। इस अवसर पर प्रातःकाल श्री सुखमनी साहिब जी का पाठ किया गया व अरदास के उपरांत निशान साहिब की स्थापना की गई। गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी, बाबा अमरजोत सिंह बेदी, बाबा जीत सिंह कार सेवा देहलां, बाबा चरनजीत



सिंह डेरा दुःख भंजन ऊना, बाबा अमनदीप सिंह डेरा महंत भाई जवाहर सिंह जी ऊना, बाबा प्रितपाल सिंह गुरुद्वारा शहीद सिंह ऊना सहत अन्य महापुरुषों की उपस्थिति में गुरुद्वारा साहिब का शिल्नायास किया गया। इस अवसर पर गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सरबजोत सिंह जी बेदी ने कहा कि गुरूद्वारे, मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थान सभी के सांझे होते हैं और यह हमें परमेश्वर के साथ जोड़ते हैं। गुरूद्वारे मंदिर हमारे धार्मिक शिक्षा के स्कूल होते हैं, जहां हमे धर्म की शिक्षा मिलती है। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब की तरफ से बाबा सरबजोत सिंह बेदी सहित विभिन्न संत महापुरुषों व गुरुद्वारा साहिब की इमारत में योगदान देने वाले सेवादारों को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। गुरुद्वारा साहिब के सेवादार भाई कर्म सिंह ने बताया कि गांव में गुरुद्वारा साहिब न होने की वजह से विभिन्न कार्यों के लिए काफी मुश्किल आती थी।

गांव में गुरुद्वारा साहिब स्थापित होने से गांव के लोगों को आनंद कारज सहित अन्य धार्मिक आयोजनों में काफी सुविधा होगी। इस अवसर पर गुरु नानक मिशन संस्था के महासचिव हरपाल सिंह कोटला, भाई गोपाल सिंह बालीवाल, बलविंदर सिंह, सुखविंदर सिंह, सुखवंत सिंह, गुरप्रीत सिंह सेठी, इंद्रपाल सिंह, प्रधान पूजा देवी, उपप्रधान अच्छर सिंह, अवतार सिंह, जसविंदर सिंह, दलवीर सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# अनेकों को जीवन देने में सक्षम अंगदान: शांडिल

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ.कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि अंगदान श्रेष्ठदान है और इसलिए यह महादान की श्रेणी में आता है। डॉ. शांडिल आज सोलन शहर स्थित चिल्ड्रन पार्क में लायंस क्लब सोलन द्वारा अंगदान जागरूकता विषय पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित लोगों का सम्बोधन कर रहे थे।डॉ. शांडिल ने कहा कि मृत्यु के उपरांत अंगदान करने से जहां बहुमूल्य मानवीय जीवन बचाए



जा सकते है वहीं पीड़ित मानवता की अनंत सेवा भी की जा सकती है।स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अंगदान जागरूकता के लिए व्यापक कार्य करने की आवश्यकता है, क्योंकि मृत्य का आंकड़ा बताता है कि अगर शत-प्रतिशत अंगदान किया जाए तो अंग की कमी से होने वाली मृत्य पर काबू पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अंगदान से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को नया जीवन मिल सकता है।डॉ. शांडिल ने कहा कि परिवार से एक व्यक्ति के चले जाने का दुःख असहनीय होता है लेकिन उसके अंग से मिलने वाले नए जीवन से वह स्वयं और अपने परिवार को गौरवान्वित महसूस करा सकता है।

# सदाशिव ध्यूंसर मंदिर में भंडारा 5 जून को

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
सदा शिव ध्यूसंर महादेव मंदिर तलमेहड़ा में 5 जून को 27वें भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए आयोजक सुभाष चंद खन्ना व नरेंद्र वर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारा आयोजित करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह 9 बजे हवन-यज्ञ के उपरांत 10.50 पर पूर्ण आहुति डाली जाएगी। 11 बजे प्रवचन व आशीर्वाद तथा 12बजे से भंडारे का आयोजन शुरू करवा दिया जाएगा।

# कर्नाटका चुनाव जीत के बाद 2024 में केंद्र में लहराएंगे परचम: राकेश चौहान

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**
हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव मैं कांग्रेस को मिली शानदार जीत की शुरूआत के बाद कर्नाटका में भी कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है जो शानदार जीत के नतीजे सामने आए हैं। इस चुनाव से साफ जाहिर होता है कि केंद्र में मोदी सरकार एवं भाजपा पार्टी की जनविरोधी नीतियां और नौटंकियां ज्यादा समय तकए प्रदेश और देश की जनता सहन नहीं कर पाएगी। ये बातें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव राकेश चौहान ने कही। उन्होंने ने कहा अब निरंतर एक के बाद एक राज्य मैं कांग्रेस की सरकारे स्थापित होगी। देश और प्रदेश की जनता ठान चुकी है कि देश को लूटने और लूटाने वाली केंद्र की मोदी सरकार के तंबू को उखाड़ फेंकने में अब देर नहीं लगेगी। जिस तरह से आज पूरे देश में महंगाई बेरोजगारी तथा मूलभूत सुविधाओं से जनता प्रताड़ित हो रही है यह उसी का नतीजा है कि भाजपा एवं केंद्र की मोदी सरकार के नेतृत्व में अब लगातार राज्यो केचुनावों में हार मिलेगी एतथा केंद्र से भी मोदी सरकार का 2024 में तंबू उठने वाला है राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक की अपनी पैदल यात्रा के दौरान देश की जनता को एक संदेश दे दिया है कि जात पात और धर्म की राजनीति से ऊपर उठकर, आओ मिलकर इस देश के लोकतंत्र को बचाये



तथा जो लोग इस देश के लोकतंत्र का गला घोट रहे हैं और जो इस देश को नुकसान पहुंचा रहे हैं ऐसे लोगो को सता में रहने का अधिकार नहीं है इसलिए उन्हें सत्ता से बाहर करें एओर उसकी शुरूआत हिमाचल और कर्नाटका की जनता ने की है। यह दुर्भाग्य है देश और प्रदेश का, कि लगभग 10 वर्षों में देश के हर वर्ग के नागरिकों को प्रताड ?ा के सिवाय कुछ भी हासिल नहीं हुआ, आज देश में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई चरम सीमा पर पहुंची है उसके साथ-साथ जो वायदे प्रदेश और देश की जनता के साथ लच्छेदार भाषणों के साथ चुनावों के वक्त किए थे वह 10 वर्ष में भी भाजपा एवं मोदी सरकार पूरे नहीं कर पाई ।

कर्नाटक की बुद्धिजीवी जनता बधाई की पात्र हैं कि उन्होंने धर्म के ठेकेदारों को जो इस देश को बांटने का और तोडने का काम कर रहे थे उन्हें अपने राज्य से बाहर करने का रास्ता दिखा दिया है।

# कर्नाटक में कांग्रेस की जीत पर बंगाणा में निकाली रैली

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
कांग्रेस पार्टी को कर्नाटक में मिली प्रचंड जीत पर कुटलैहड़ विस क्षेत्र में रैली ओर लड्डू बांटकर कांग्रेस ने खुशी मनाई है। रविवार को कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुटटो की अध्यक्षता में कुटलैहड़ के सैंकड़ो कांग्रेस कार्यकताओं ने रेस्ट हॉउस बंगाणा से बंगाणा बाजार तक रैली निकाल कर कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए। बंगाणा चौक पर सैकड़ो कार्यकर्ताओ को विधायक देवेंद्र भुटटो ने संबोधित भी किया। भुट्टो ने कहा कि पहले



हिमाचल और फिर कर्नाटक में भाजपा ने खूब धनबल का प्रयोग किया। और जनता को रिझाने के लिए अनेकों योजनाओ को अपने घोषणा पत्र में दिखाकर जनता का समर्थन पाने का प्रयास किया, लेकिन देवभूमि हिमाचल की तरह कर्नाटक की जनता ने भी भाजपा के सभी हथकंडों को उखाड़ कर उसे कांग्रेस पार्टी को अपना आशीर्वाद दिया है। भुटटो ने कहा कि भाजपा के जुमलों से देश एवं प्रदेश की जनता उब चुकी है और भाजपा की करनी ओर कथनी के अंतर को भी जान चुकी है। इस मौके पर रेडक्रॉस सोसायटी के प्रदेश संयोजक सुरेंद्र ठाकुर, कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, महासचिव प्रवीण शर्मा, अजय शर्मा, युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष नीरज ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# परवाणू नगर परिषद द्वारा खरीदी ओपन जिम मशीन खा रही जंग

## कोरोना काल में ग्राउंड से हटा ली गयी थी मशीन, अब तक री-इनस्टॉल नहीं हुई

**टीम एक्शन इंडिया/परवाणू/विमल ग्रोवर**
नगर परिषद परवाणू द्वारा लोगो की सेहत बनाने के लिए नगर परिषद ग्राउंड मे लगाईं गयी ओपन जिम मशीन एक कोने मे खुद बीमार पड़ी हुई है। कोरोना काल से पहले नगर परिषद ग्राउंड मे इनस्टॉल की गयी उक्त जिम मशीन कोरोना के चलते ग्राउंड से हटाकर नप की पार्किंग के साथ बने स्टोर मे शिफ्ट कर दी गयी थी। तब से यह जिम मशीन जंग खा रही है। बता दें कि परवाणू में नगर परिषद परिसर के साथ लगते ग्राउंड में लोगों के जिम व व्यायाम करने के लिए मल्टी यूजर



जिम मशीन नगर परिषद द्वारा लगवाई गयी थी। कोरोना काल में कुछ शरारती तत्वों द्वारा इसे नुकसान पहुंचाया जा रहा था। इस व्यायाम उपकरण मशीन को नायब तहसीलदार कार्यालय के समीप पार्किंग के साथ लगती जगह का निर्माण करवा कर वहां रखा गया था। कोरोना काल बीत जाने के बाद इस मशीन को आम जनता के लिए फि र से लगा दिया जाना था, परंतु कोरोना काल बीत जाने के बाद भी ये मशीन ऐसे ही पड़ी पड़ी खराब हो रही है।

नप द्वारा खरीदी गयी इस मशीन की खासियत यह है की इसको एक साथ 8 लोग यूज कर सकते है। यह मशीन कुछ समय और ऐसे ही पड़ी रही तो जंग लग कर खराब हो जायेगी। शायद प्रयोग करने के लायक भी न रहे।

**क्या बोलना है नगर परिषद के नप कार्यकारी अधिकारी का**
परवाणू नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अनुभव शर्मा से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया की हमारा पूरा प्रयास रहेगा जिम मशीन को परवाणू वासियों की सेवा के लिए फि र से लगाया जाए। हाल ही मे परवाणू के तीन पार्कों के नवीनीकरण को लेकर फं ड आया है। हमारा प्रयास रहेगा की इन पार्कों में भी ओपन जिम मशीन इनस्टॉल की जाए। परवाणू के स्थानीय निवासियों के पास कोई बेहतर सुझाव है तो वह भी हमें अपना सुझाव सांझा कर सकते है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत ममूंह गुरचल**
**विकासखंड नूरपुर जिला कांगड़ा ( हि.प्र. )**
**विषय: निविदाएं आमंत्रित करने हेतु।**
बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि ग्राम पंचायत में 2023-24 में करवाए जाने वाले विभिन्न कार्यों हेतु सामग्री क्रय करने हेतु निविदाएं आमंत्रित की जानी है। जो कि दिनांक 19/05/2023 समय 11 बजे प्रातः तक ग्राम पंचायत में पहुंच जानी चाहिए। निविदाएं 23/05/2023 को सुबह 12 बजे पंचायत द्वारा गठित कमेटी के समक्ष खोली जाएंगी ।सामग्री का विवरण: 1. रेत क्रशर प्रति CUM2. बजरी 10,20,40एमएम प्रति CUM 3. बोल्डर प्रति CUM 4. इंटरलॉक टाइल 40,60,80एमएम 5. पानी का टैंक प्रति टैंक 6. साइन बोर्ड प्रति बोर्ड 7. शटरिंग स्टील प्रति वर्ग फुट 8. सीमेंट ढुलाई प्रति बैग 9. मिक्सचर प्रतिदिन 10. पक्की ईंटर प्रति हजार 11. कट स्टोन प्रति पत्थर 12. सरिया प्रति 100KG 13. बजरी चक्की 14. रेता चक्की
**नियम व शर्तें:** निविदाता के पास जीएसटी नंबर होना चाहिए 2. निविदाता को 50 हजार का बैंक ड्राफ्ट पंचायत के नाम जमा करवाना होगा 3. निविदाता को टाइल की निविदा के साथ ISI का प्रमाण पत्र देना होगा 4. निविदा अस्वीकृत करने का अधिकार बिना सूचित किए पंचायत कमेटी के पास होगा।
**प्रधान/सचिव**

# मदर्स डे पर विशेष शो में छात्राओं ने देखी 'द केरला स्टोरी'

## नारी शोषण एवं आतंकवाद के विरुद्ध सामाजिक चेतना को जागृत करें: अनिल




**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा /लोकेश चौधरी ।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की 112 छात्राओं ने सिनेमा हाल में आयोजित विशेष शो में द केरला स्टोरी फिल्म देखी, फिल्म देख कर छात्राएं भावुक हो गईं। द केरल स्टोरी फिल्म देखकर छात्राएं सिनेमा हॉल से निकल ने के बाद भावुक दिखाई दी और छात्राओं की आंखों में आंसू थे, वहीं छात्राओं का कहना है कि यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है, जो कुछ भी फिल्म में दिखाया गया है वह बिल्कुल सही है, कुछ लोग लड़कियों के साथ गलत करते हैं लड़कियां भावुक होती हैं उसी का वह लोग फायदा उठाते हैं। इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ अनिल वाजपेयी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना अभियान से जुड़ी छात्राओं का उद्देश्य सामाजिक असमानता, सामाजिक कुरीतियों, शोषण एवं राष्ट्र निर्माण विरोधी शक्तियों के प्रति संघर्ष करना है। इस उद्देश्य के लिए विभिन्न माध्यमों से राष्ट्रीय चेतना का विकास करना है। वर्तमान समाज में सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध सिनेमा एक सशक्त माध्यम है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्राएं यह फिल्म देख कर, नारी शोषण एवं आतंकवाद के विरुद्ध सामाजिक चेतना को जागृत करें। कार्यक्रम प्रबंधक मांडवी राठौर ने बताया कि आज मदर्स डे है और अनेक छात्राएं अपनी प्रिय मां को उपहार स्वरूप यह फिल्म दिखा रही हैं। प्रसिद्ध नाटय निर्देशक और टीवी कलाकार मनोज राठौड़ ने छात्राओं के साथ यह फिल्म देखकर उन्हें प्रोत्साहित किया।

## न्यूज फ्लैश

### निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
महेन्द्रगढ़। रेड क्रॉस सोसाइटी व स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जयपुर हार्ट एंड जनरल हॉस्पिटल की ओर से आज खंड सतनाली के गांव जवाहर नगर में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। कैंप में कुल 210 मरीजों की जांच कर निशुल्क दवाई वितरित की गई। जयपुर हार्ट एंड जनरल हॉस्पिटल के कैंप टीम के इंचार्ज मनोज मित्तल ने बताया कि कैंप में ह्रदय गति, ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी, एचबी, टीबी, एचआईवी, ह्रदय रोग, दमा रोग, स्वास रोग, नजला रोग व आंखों की जांच कर निशुल्क दवाईयां वितरीत की। उन्होंने बताया कि कैंप में डा. एसएस यादव, डा. पूनम सैनी व डा.एसपी सिंह ने मरीजों की जांच की। श्री मित्तल ने बताया कि दूरदराज के क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना उनका उद्देश्य है। चिकित्सकों की टीम ने कैंप में आए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर सरपंच सिकंदर, नीरज, एक छोटी सी पहल सतनाली के सदस्य व गांव के गणमान्य लोग मौजूद थे।

### पुलिस की शह पर हो रही डग्गामार, ओवर लोडिंग



**मथुरा।** प्राइवेट सवारी वाहनों की डग्गामार और ओवरलोडिंग यात्रियों को भारी पड रही है। इसकी वजह से कई बड़े हादसे हो चुके हैं। नगर निगम क्षेत्र में जगह जगह कैमरे लगे हैं। ट्रेफिक पुलिस के जवान भी जगह जगह तैनात हैं लेकिन ओवरलोडिंग पर लगाम नहीं लग पा रही है। जिले भर का यही हाल हैं, धड़ाधड़ चालान काटे जाने के बाद भी डग्गामार और ओवर लोडिंग कम नहीं हो रही है। गोवर्धन चौराहे राष्ट्रीय राजमार्ग की सर्विस लेन पर डग्गेमार वाहनों का जमावडा रहता है। यही स्थित टाउनशिप चौराहे की है। टेम्पो आटो की स्थिति ज्यादा खराब है। चालक आगे की सीट पर तीन सवारी बैठाकर चलाते हैं। गोवर्धन चौराहे पर यातायात पुलिसकर्मियों का केवल दूसरे जिले और प्रदेशों की गाड़ियों पर रहता है। डग्गामार वाहनों से जाम की स्थिति बनी रहती है। चौराहे से निकलना भी आम लोगों के लिए दुश्वार हो जाता है। गोवर्धन चौराहे से मथुरा से कोसी की तरफ, मथुरा से आगरा की तरफ तथा मथुरा से गोवर्धन की ओर चलते हैं। चौराहे के चारों तरफ सड़क पर खड़े होकर सवारियां भरते हैं। जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर निगम की ओर से भी कई इन्हें व्यवस्थित करने इनके लिए अलग से जगह सुनिश्चित करने की बात कही गई लेकिन कार्य योजना को अमली जामा नहीं पहनाया जा सका। अलग से पार्किंग स्थल चयनित करने का मुद्दा भी उठा लेकिन कार्यवाही आगे नहीं बढ़ सकी।

### स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज के सानिध्य में लगाये गये फ्री मेडिकल कैंप में 700 लोगों की जांच



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया।** श्री कृष्ण कृपा जीयो गीता सेवा समिति व सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सेक्टर 13-17 स्थित कम्यूनिटी सैंटर में रविवार को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज के सानिध्य में फ्री मेडिकल कैंप लगाया गया। जिसमें डा संदीप सिंह आनंद , डा परशांत शर्मा, डा अर्जुन श्रीधर व डा प्रीतीश ने करीब 700 लोगों की आंखों व दांतों की जांच सहित सामान्य चैकअप किया। कैंप में मरीजों को जरूरत के अनुसार दवाईयों व चश्मा भी फ्री में दिया गया। कैंप का शुभारंभ स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज ने किया। उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है।

# सुकून मिलता है पुण्य के काम में, फिर क्यों इतनी देरी रक्तदान में..



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल ।** नांगल क्षेत्र के भुंगारका गांव में युवा साथी ग्रुप हरियाणा व उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा ने रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया । शिविर में जिला स्वास्थ्य विभाग, जिला रेड क्रॉस , टीम मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल, पीएचसी सिरोही बहाली का मुख्य सहयोग रहा। शिविर में 51 यूनिट रक्तदान एकत्र किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजीनियर अनिल यादव प्राचार्य बाबा खेतानाथ पॉलिटेक्निक ने कहा कि युवाओं को समझना होगा कि किसी भी खुशी के मौके पर फिजूलखर्ची करने के बजाय रक्तदान जैसे समाज कल्याण के कार्य करने चाहिए।
अमित भुंगारका ने कहा कि एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बच सकती है, इससे बड़ा पुण्य कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि कभी-कभी ऐसी स्थिति देखने को मिलती है, जिसमें विशेष रूप से गर्भवती महिलाएं शामिल होती हैं, जिनमें रक्त की गंभीर कमी पायी जाती है और प्रसव के समय रक्त की आवश्यकता होती है।

# विश्व बैंक की वरिष्ठ अर्थशास्त्री को मिला विशिष्ट नारी-शक्ति सम्मान




**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
नारनौल। शांति शिक्षा समिति और सर्वोदय उच्च विद्यालय, नारनौल द्वारा विश्व बैंक, वाशिंगटन डीसी (अमेरिका) की वरिष्ठ अर्थशास्त्री डॉ एस अनुकृति को 'विशिष्ट नारी-शक्ति सम्मान' से नवाजा गया है। दोनों संस्थाओं के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने आज हूडा सैक्टर स्थित मनुमुक्त भवन में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में शॉल, स्मृति-चिह्न, सम्मान-पत्र और नकद राशि भेंट कर उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। डॉ अनुकृति को नारी-शक्ति का प्रतीक और प्रेरणा-स्रोत बताते हुए समिति के संस्थापक अध्यक्ष दलजीत गौतम ने कहा कि नारनौल की बेटी डॉ अनुकृति ने माता-पिता के साथ अपने देश का नाम भी विश्व में रोशन किया है। इनका सम्मान वास्तव में नारी-शक्ति का सम्मान है। इस अवसर पर मनुमुक्त 'मानव' मेमोरियल ट्रस्ट के चीफ ट्रस्टी डॉ रामनिवास 'मानव' और ट्रस्टी डॉ कांता भारती के अतिरिक्त शांति शिक्षा समिति के अध्यक्ष दलजीत गौतम, सर्वोदय हाई स्कूल के प्रिंसिपल अमीचंद शर्मा, निदेशक डॉ मनीषा शर्मा, प्राइमरी स्कूल की प्रिंसिपल प्रीति शर्मा, शिक्षिका सरोज बाला, सचिव सुबोध कांत आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने मनाया कर्नाटक में मिली जीत का जश्न

**मथुरा।** कांग्रेसियों ने कर्नाटक में मिली बंपर जीत का जश्न मनाया। जिले के समस्त तहसील, ब्लाक और गांवों में जगह जगह मिठाई बांटकर लोगों को बधाई दी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि यह नफरत पर मोहब्बत की जीत है। यह भ्रष्टाचार पर सच्चाई की जीत है। यह विकास की जीत है। कांग्रेस हमेशा गरीबों और सभी समाज के लोगों के दुख दर्द में साथ खड़ी है, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से मिले जनसमर्थन और कर्नाटक के कार्यकताओं द्वारा की गई मेहनत का प्रतिफल है, दूसरे राज्यों में आने वाले चुनावों में कांग्रेस निश्चित ही भाजपा को हराकर पुनः आम जनता का विश्वास हासिल करेगी और जनता के दुख दर्द में सहभागी होगी।

# गीता भवन फ्लाईओवर के पास चल रही सीवरेज जाम समस्या का होगा समाधान



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत :** पिछले महीने से गीता भवन चौक पर फ्लाईओवर के पास सीवरेज लाइन के मेन होल जाम होने के चलते कुछ दुकानों में दूषित जल भराव की समस्या उत्पन्न हुई थी। नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा काफी प्रयासों के बाद भी मेन होल जाम की समस्या का समाधान नही निकल पा रहा था। उपरोक्त समस्या के संज्ञान में आने के बाद मेयर निखिल मदान ने नगर निगम अधिकारियों के साथ मौके का दौरा किया था, और अस्थाई तौर पर सुपर सकर मशीन से दूषित जल की निकासी का काम शुरू करवाया था।
गत दिवस मेयर निखिल मदान ने मौके पर पहुंचकर समस्या के स्थाई समाधान हेतु 6 फुट गहरी एक अलग ओवरफ्लो सीवरेज लाइन डालने का कार्य शुरू करवाया। मेयर निखिल मदान ने मौके पर जाकर संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए औ? स्थानीय दुकानदारों के साथ काम का निरीक्षण किया। इस कार्य को आगामी दो दिन में पूरा किया जाएगा जिससे दुकानदारों को निश्चित तौर पर राहत मिलेगी।

# याद रहेगा यह चुनाव, जब सपा साइकिल, कांग्रेस हाथ के साथ नहीं रही

## मेयर पद पर सपा ने मतदान से ठीक पहले कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी को कर दिया था समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा। चुनाव** आते जाते रहते हैं। चुनाव होंगे तो हार जीत भी होगी ही। जीते प्रत्याशी और उनके समर्थक जश्न मनाने और हारे हुए प्रत्याशी और उनके समर्थक हार के कारणों की पड़ताल में जुट जाते हैं। इस बार के निकाय चुनावों में हार जीत से ज्यादा चर्चा दूसरे कारणों की हो रही है। गुटबाजी और भितरघात की भी बातें हो रही हैं लेकिन यह चुनाव लम्बे समय तक इसके कारणों से अलग कुछ ऐसी वजहों के लिए याद किया जाएगा जो विरले ही घटित होती हैं। नगर निगम मेयर पद के लिए हुए चुनाव में इस बार कांग्रेस ने हाथ का साथ नहीं दिया और सपा ने साइकिल की सवारी करने से इनकार कर दिया। खांटी कांग्रेसी रहे पूर्व नगर पालिका चेयरमैन पंडित श्याम सुंदर उपाध्याय कांग्रेस के चुनाव चिन्ह हाथ का पंजा के साथ चुनाव मैदान में उतरे लेकिन कांग्रेस ने उन्हें अपना प्रत्याशी मानने से इनकार कर दिया। साथ यह पहरा भी बिठा दिया कि कोई कांग्रेसी उनके चुनाव प्रचार में नहीं जाएगा। इतना ही नहीं नामांकन के बाद पं.श्याम सुंदर उपाध्याय और उनके साथ नजर आ रहे

**▶▶ सुंदर उपाध्याय कांग्रेस के चुनाव चिन्ह हाथ का पंजा के साथ चुनाव मैदान में उतरे लेकिन कांग्रेस ने उन्हें अपना प्रत्याशी मानने से इनकार कर दिया**

एक दर्जन से अधिक कांग्रेसियों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया। कांग्रेस आलाकमान ने पूर्व विधायक राजकुमार रावत को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया जिनका चुनाव चिन्ह जीप पर थी। मेयर चुनाव में कांग्रेसी हाथ का साथ छोड कर जीप पर सवार रही। इसका असर वार्डों में पार्षद प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार पर भी पडा। वह हाथ के पंजे पर चुनाव लड़े और हाथ पर बटन दबाने का अनुरोध मतदाताओं से करते रहे लेकिन मेयर के लिए ऐसा करने की हिम्मत नहीं जुटा सके।

इसका नतीजा यह रहा कि कांग्रेस प्रत्याशी श्याम सुंदर उपाध्याय बिट्टू को 35173 व कांग्रेस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी राजकुमार रावत को 30247 वोट ही मिल सके और बसपा प्रत्याशी राजा मोहतिम अहमद 35191 से आगे रहे। दूसरी ओर मतदान के ठीक पहले सपा प्रदेश इकाई ने अपने अधिकृत प्रत्याशी तुलसीराम शर्मा की जगह पत्र जारी कर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी राजकुमार रावत का समर्थन करने की घोषणा कर दी। वहीं सपा अधिकृत प्रत्याशी तुलसीराम शर्मा ने इसे अपनी राजनीतिक हत्या करार देते हुए चुनाव मैदान में डटे रहने की घोषणा कर दी और वह आखिर तक दमदारी से चुनाव मैदान में डटे रहे। सपा प्रत्याशी तुलसीराम शर्मा को 11922 वोट मिले। इस बीच कांग्रेस और सपा का कोई बडा नेता चुनाव प्रचार के लिए भी नहीं आया।

## बंपर जीत के बाद भी भाजपा में किस बात को लेकर है चिंता!

**मथुरा।** निकाय चुनावों के परिणाम आने के बाद कान्हा की नगरी भगवा रंग में रंगी हुई है। मथुरा वृंदावन नगर निगम में मेयर पद पर भाजपा प्रत्याशी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को एक लाख से भी अधिक मतों से पराजित किया है। वहीं कोसी नगर पालिका में भी भाजपा की बडी जीत हुई है। बावजूद इसके पार्टी में चिंता है। इन दो प्रतिष्ठित सीटों पर मिली जीत ने उस ओर से लोगों का ध्यान हटा दिया है जहां पार्टी का प्रदर्शन उतना बेहतर नहीं रहा है जीतने की उम्मीद थी। नगर निगम वार्ड चुनावों में भी भाजपा को उम्मीद के मुताबिक परिणाम नहीं मिले हैं। मथुरा भारतीय जनता पार्टी का गढ़ बन चुका है। सांसद, एमएलसी, सभी विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष से लेकर तमाम जिला पंचायत अध्यक्ष पद भाजपा की झोली में हैं। मथुरा जिले में इसके अलावा 13 नगर पंचायत भी हैं। इनमें से पार्टी के खाते में सिर्फ चार सीट ही आई हैं। वहीं नौ पर उसे हार का सामना करना पडा है। कई जगह पार्टी को हार भी सम्मान जनक नहीं मिली है। राया नगर पंचायत में पार्टी अधिकृत प्रत्याशी चौथे नम्बर पर रहा है। भाजपा फरह, राधाकुंड, सौंख के अलावा गोकुल में ही नगर पंचायत चुनाव जीत सकी है। गोकुल में संजय दीक्षित ने लगातार दूसरी बार नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है। वहीं बरसाना, नंदगांव, बलदेव, गोवर्धन और महावन में पार्टी को बड़ी जीत की उम्मीद थी जहां हार मिली है। गोवर्धन, बलदेव, राया, बाजना, चौमुंहा और महावन में निर्दलीय प्रत्याशियों के सामने भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी टिक नहीं सके। वहीं इस बार आम आदमी पार्टी भी नगर पंचायत चुनावों में खाता खोलने में कामयाब रही है। बरसाना नगर पंचायत में आम आदमी पार्टी जीत हासिल की है।

## केएसबी लिमिटेड ने मजबूत प्रदर्शन के साथ 2023 की पहली तिमाही पूरी की

**गुरुग्राम।** केएसबी लिमिटेड ने 2023 की पहली तिमाही के लिए बिक्री मूल्य 4,896 मिलियन रुपए दर्ज किया गया है, जो 2022 की इसी तिमाही के मुकाबले लगभग 17% अधिक रहा और ऑपरेटिंग प्रॉफिट मार्जिन 12% है। 339 मिलियन मूल्य के एफजीडी ऑर्डर प्राप्त हुए जिनमें से 276 ट्रङ्ग मूल्य के ऑर्डर के सी कॉटरेल से मिले।
वर्ष 2023 की पहली तिमाही के प्रदर्शन का सारांश बताते हुए, केएसबी लिमिटेड के वाइस प्रेसीडेंट (सेल्स और मार्केटिंग) श्री फारुख भथेना ने कहा, "2023 की पहली तिमाही में हमने पारंपरिक व्यवसाय से 6764 मिलियन रुपए के उच्चतम ऑर्डर स्वीकार करके अब तक का शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है।
उक्त तिमाही के लिए हमारी बिक्री 2022 की इसी अवधि की तुलना में 17% अधिक है। व्यापक आर्थिक वातावरण की जटिलता और सिकुड़ते मार्जिन के बावजूद, हम अपने प्रमुख बाजारों में उपलब्ध विकास के अवसरों का लाभ उठाने के लिए सन्नद्ध हैं।

# रोटरी क्लब के चैकअप कैंप में लोगों के स्वास्थ्य की जांच की



**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत,14 मई/टीम एक्शन इंडिया।** पानीपत ग्रामीण हलके के गांव बबैल में रोटरी क्लब पानीपत द्वारा रविवार को सरकारी स्कूल में निशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया। जिसमें डाक्टरों की टीम ने सैकड़ों ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई और जरूरत के अनुसार लोगों को दवाईयां भी दी गई। वहीं चैकअप कैंप में पानीपत ग्रामीण हलके वरिष्ठ नेता एवं प्रमुख उद्योगपति विजय जैन ने शिरकत की। रोटरी के प्रधान अमन सहगल, पूर्व प्रधान एडवोकेट रमेश गुप्ता व गांव के सरपंच विक्की वाल्मीकि ने विजय जैन का पगड़ी पहनाकर व शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। विजय जैन ने कहा कि रोटरी क्लब द्वारा गांव में स्वास्थ्य चैक अप कैंप लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच करना सराहनीय है और ग्रामीण हलके के दूसरे गांवों में भी इसी तरह के कैंप लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। उन्होंने रोटरी क्लब की टीम को आश्वासन दिया कि वे भविष्य में इस तरह के कैंप लगाने को लेकर पूरा सहयोग करेंगे।

**▶▶ रोटरी क्लब की टीम को आश्वासन दिया कि वे भविष्य में इस तरह के कैंप लगाने को लेकर पूरा सहयोग करेंगे**

इस अवसर पर क्लब के अमित भंडारी, सुमित मित्तल, मनमोहन अग्रवाल, डॉ. सचिन ,डॉ. विनोद गोयल , डॉ. राजीव , डॉ. शंकर लाल ,ब्लॉक समिति सदस्य धर्मेंद्र अहलावत, धर्मवीर अहलावत ,धर्मेंद्र शर्मा , सतपाल राणा ,बलदेव अरोड़ा हनुमान, राजकुमार शर्मा, कृष्ण अहलावत व यशपाल आदि मौजूद रहे।

# दीक्षांत एवं वार्षिक पारितोषिक समारोह का आयोजन

## कार्यक्रम में 50 स्नातकोत्तर और 170 स्नातक विद्यार्थियों को डिग्रियां देकर किया सम्मानित




**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत के** सेक्टर 18 स्थित देशबन्धु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में दीक्षांत समारोह व वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय महिला महाविद्यालय, मुरथल से सेवानिवृत्त और राजकीय महाविद्यालय, पानीपत की पूर्व प्राचार्या डॉ. सरोज मलिक ने शिरकत की। कालेज प्राचार्या संजू अबरोल ,उप प्राचार्या डॉ. रितु नेहरा, डॉ. नरसिंह जांगडा, डॉ.स्नेहलता, दलजीत सिंह, डॉ.सरोज चौहान व डॉ कुसुम ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम में 50 स्नातकोत्तर और 170 स्नातक विद्यार्थियों को उपाधियां देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्राचार्या ने कहा कि समाज व देश निर्माण का भार युवा वर्ग पर होता है। उन्होंने उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों को उम्मीद की किरण कहा और उनके सुखद भविष्य की कामना की।
समारोह का कुशलपूर्वक संयोजन डॉ.रितु नेहरा ने किया। इस मौके पर कालेज स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## अखिल भारत हिंदू महासभा ने बच्चों को दिखाई द केरला स्टोरी

**मथुरा।** अखिल भारत हिंदू महासभा की तरफ से बच्चों को जागृत करने के लिए केरला स्टोरी फिल्म दिखाने के लिए हिंदू महासभा के कार्यकर्ता ले गए। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि इस फिल्म के देखने से बच्चों में लव जिहाद के प्रति जागरूकता आएगी। उनको मालूम चलेगा कि एक समुदाय के लोग शादी के जाल में फंसा कर फिर लड़कियों का शोषण करते हैं। फिल्म में सच्ची घटना दिखाई गई है जो भी फिल्म देखेगा उसको आतंकवादियों की सच्चाई पता चलेगी। हिंदू महासभा ने सभी स्कूल प्रबंधकों से और बच्चों के माता पिता से आग्रह किया है कि सभी लोग अपने बच्चों को इस फिल्म को जरूर दिखाएं।

# सीबीएसई 12वीं परीक्षा परिणाम : विद्याज्ञान स्कूल के 2023 बैच ने किया शानदार प्रदर्शन

## 88 छात्रों ने हासिल किए 90% से अधिक अंक



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली: उत्तर प्रदेश** के आर्थिक रूप से कमजोर व मेधावी छात्रों के लिए एक ग्रामीण लीडरशिप अकादमी के रूप में संचालित हो रहे विद्याज्ञान ने जानकारी दी है कि इस वर्ष 12वीं कक्षा से कुल 116 छात्रों ने 92.92% के एवरेज स्कोर के साथ परीक्षा परिणाम प्राप्त किए हैं। वहीं 88 छात्रों ने 90% से अधिक अंक हासिल किए जबकि 20 छात्रों ने अलग-अलग विषयों में 100 अंक प्राप्त किए हैं।विद्याज्ञान के बुलंदशहर कैंपस की अदिति सिंह, ह्यूमैनिटीज में 99.25% अंकों के साथ जिला और स्कूल टॉपर बनी हैं। जबकि विद्याज्ञान के सीतापुर कैंपस से रितिका गुप्ता, ह्यूमैनिटीज में 98% अंकों के साथ स्कूल के लिए सबसे अधिक अंक लाने वाली छात्रा बनी हैं। बता दें कि इस साल की शुरूआत में सीतापुर स्थित विद्याज्ञान स्कूल की एक छात्रा दक्षिणायनी पांडे ने, पूर्ण स्कॉलरशिप पर अमेरिका के स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में एडमिशन प्राप्त किया है। जहां दक्षिणायनी, बायोइंजीनियरिंग में एक मेजर और एंटरप्रेन्योरशिप में एक माइनर कोर्स के साथ आगे बढ़ेंगी। गौरतलब है कि विद्याज्ञान हर साल यूपी के 75 जिलों से, स्कूल में पढ़ने के लिए आवेदन करने वाले 250,000 छात्रों में से लगभग 200 ग्रामीण टॉपरों को चुनता है।

## संपादकीय

# सुरक्षित भारत, शक्तिशाली भारत

**किसी** विचारक का कहना है कि तुम्हारा अच्छे से अच्छा सिद्धांत व्यर्थ है, अगर तुम उसे अमल में नहीं लाते। हमारी सुरक्षा चिंताओं से संबंधित कानूनों की भी एक दशक पहले तक यही स्थिति रही है। वर्ष 1947 में तैयार राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति को अभी तक ठीक से परिभाषित नहीं किया जा सका है, वहीं राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 सुरक्षा से ज्यादा राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ इस्तेमाल के लिए ज्यादा जाना जाता रहा है। देश को भीतरी-बाहरी खतरों से सुरक्षित रखने के लिए बने ऐसे तमाम कानून कभी उन उद्देश्यों की पूर्ति में सफल नहीं हो पाए, जिनके लिए उनका निर्माण किया गया था। इसके पीछे ईमानदार प्रयासों की कमी रही हो या इच्छाशक्ति की, या फिर दोनों की, देश ने आजादी के बाद के छह दशकों में बहुत कुछ सहा है। सीमाओं के भीतर भी और सीमाओं पर भी। एक दशक पहले, जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार सत्ता में आई, तो कुछ ही समय बाद उसने दिखा दिया कि वह देश की सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की ढिलाई देने के मूड में नहीं है। इस क्रम में वर्ष 2018 में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की अध्यक्षता में शीर्ष स्तरीय रक्षा योजना समिति (डीपीसी) का गठन एक अच्छी शुरूआत रही है। इसे राष्ट्रीय सुरक्षा नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति बनाने के लिए गठित किया गया था। भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के अलावा डीपीसी के प्रमुख उद्देश्यों में क्षमता संवर्द्धन योजना का विकास, रक्षा रणनीति से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर काम करना और भारत में रक्षा उत्पादन और ईको सिस्टम को उन्नत बनाना आदि शामिल हैं। एक राष्ट्र का सम्मान, प्रभुत्व और शक्ति इसमें निहित है कि वह भीतरी और बाहरी चुनौतियों से निपटने में कितना सक्षम है और किसी भी संभावित खतरे से कितना सुरक्षित है। महान कूटनीतिज्ञ चाणक्य ने एक राष्ट्र की सम्प्रभुता के लिए खतरा साबित होने वाली इन चुनौतियों की चार श्रेणियां निर्धारित की थीं। भीतरी खतरे, बाहरी खतरे, बाहरी सहायता से पनपने वाले भीतरी खतरे और भीतर से सहायता पाकर मजबूत होने वाले बाहरी खतरे। लगभग यही खतरे आज भी नक्सलवाद, अलगाववाद, सीमा पर चलने वाली चीन-पाकिस्तान की गतिविधियों, आतंकवाद, स्लीपर सेल आदि के रूप में सिर उठाते रहते हैं। नए दौर में इनके अलावा भी और कई सुरक्षा चुनौतियां हैं, जो परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित हैं। इनमें आर्थिक सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण सुरक्षा, साइबर सुरक्षा जैसे और भी कई मुद्दे शामिल हो चुके हैं, जिनके तार भीतर ही भीतर एक-दूसरे से जुड़े हैं। लेकिन, दैवयोग से वर्ष 2014 में भारत के राजनीतिक परिदृश्य में एक जबरदस्त बदलाव हुआ और देश को एक मजबूत इरादों वाली मजबूत सरकार मिली, जिसका नेतृत्व 21वीं सदी के विश्व के सबसे शक्तिशाली नेताओं में से एक नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। और फिर राष्ट्रीय सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में देश में चीजें तेजी से बदलना शुरू हुईं। प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता और अथक प्रयासों के नतीजे हम लगभग हर क्षेत्र में गुणात्मक परिवर्तनों के रूप में देख रहे हैं। अगर हम एक दशक पहले की परिस्थितियों से तुलना करें तो आज भारत की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता को चुनौती देने वाले तमाम तत्व निःशक्त और सहमे-सहमे से नजर आते हैं।

# क्या असर होगा 2024 के लोकसभा चुनाव पर ?

सुनील कुमार महला

> “चुनाव विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा को कर्नाटक में जितनी सीटें मिलीं हैं, वो प्रधानमंत्री मोदी और पार्टी की छवि की वजह से ही मिल पाई हैं। विश्लेषकों के मुताबिक, राज्य में सत्ता विरोधी लहर का भाजपा को खामियाजा भुगतना पड़ा है। इसका सबसे बड़ा नुकसान मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को होगा। उन्हें निश्चित तौर पर इस हार का जिम्मेदार ठहराया जा रहा है । यह भी है कि भाजपा को कर्नाटक की हार से दोहरा झटका लग सकता है। पहला, दक्षिण भारतीय राज्यों में धीरे-धीरे बढ़ रही पार्टी की पैठ को झटका लग सकता है। वहीं, कांग्रेसमुक्त भारत का सपना भी कुछ हद तक बिखर सकता है। एक धड़ा ऐसा भी है, जिसका मानना है कि कर्नाटक की हार से प्रधानमंत्री मोदी की करिश्माई छवि को इससे नुकसान हो सकता है।”

**कर्नाटक** विधानसभा चुनाव 2023 के रिजल्ट से नई विधानसभा की तस्वीर साफ हो गई है। स्पष्ट तौर पर कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी कर चुकी है। साफ है कि कर्नाटक में मतदाताओं ने पिछले 35 साल की परंपरा को कायम रखा है, जिसके तहत वे हर बार सरकार बदल देते हैं। कांग्रेस और भाजपा दोनों के लिए कर्नाटक चुनाव काफी अहम माना जा रहा था। दरअसल, भाजपा दक्षिण में अकेले कर्नाटक की सत्ता पर ही काबिज होने में सफल हो पाई थी। भाजपा को उम्मीद रही थी कि अगर कर्नाटक की सत्ता उसके हाथ में रहे तो ज्यादातर दक्षिण भारतीय राज्यों में पार्टी अपनी पैठ बना सकती है। चुनाव परिणामों से समझने की कोशिश करें कि क्या कर्नाटक में बड़ी जीत से कांग्रेस को संजीवनी मिलेगी या नहीं इस हार से भाजपा को क्या नुकसान होंगे राजनीतिक दलों को हुए नफा-नुकसान से पहले ये समझना जरुरी हैं कि उनकी तरफ से चुनाव प्रचार के दौरान किए गए वादों तथा उछाले गए मुद्दों का मतदाताओं पर क्या और कितना असर हुआ कर्नाटक में चुनाव प्रचार की शुरूआत में तो लोगों से जुड़े मुद्दे शामिल रहे। लेकिन, बाद में कर्नाटक चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना जहरीले सांप से की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने उन्हें हिटलर स्टालिन तक बता डाला। भाजपा ने प्रधानमंत्री मोदी पर की जा रहीं इन अभद्र टिप्पणियों का फायदा लेने की भी कोशिश की। फिर अचानक कर्नाटक की हर रैली में बजरंगबली का जिक्र होने लगा। कांग्रेस ने बजरंग दल पर बैन लगाने का वादा किया तो भाजपा ने इसे मुद्दा बनाकर सियासी दौड़ में आगे निकलने की कोशिश की। अब नतीजों से साफ है कि भाजपा को इसका फायदा नहीं हुआ, बल्कि कांग्रेस को मुस्लिम मतदाताओं को खींचने में सफलता मिल गई। वहीं, भाजपा ने राज्य में मुस्लिमों को दिया जा रहा 4 फीसदी आरक्षण खत्म कर लिंगायत व वोक्कालिगा समुदाय को बराबर हिस्सों में बांटकर देने का वादा किया था। इसका भाजपा को कोई फायदा नहीं मिला। वहीं, कांग्रेस को हर परिवार की एक महिला को 2000 रुपये हर महीने और बेरोजगार युवाओं को 3000 रुपये प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने के वादे से फायदा मिला। कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2023 के प्रचार के लिए भाजपा और कांग्रेस की



ओर से पूरा दमखम दिखाया गया। भाजपा की तरफ से जहां प्रधानमंत्री मोदी ने जमकर रैलियां कीं तो कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे खूब सक्रिय रहे। यहां यह बताना जरूरी है जिस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात में अपने आप को गुजरात का बेटा बता कर लोगों की सहानुभूति हासिल की उसी प्रकार कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी अपने आप को कर्नाटक का बेटा बता कर सहानुभूति हासिल की । गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने तो चुनाव प्रचार के आखिरी चरण में ही 22 रैलियां कीं। राज्य में भाजपा और कांग्रेस की लड़ाई के बीच जेडीएस हर बार अपनी जगह बनाती रही है। लेकिन, इस बार पूर्व प्रधानमंत्री एसडी देवगौड़ा की पार्टी जनता दल सेक्युलर अपने अंदरूनी कलहों से ही नहीं निपट पाई और उसे इसका नुकसान भी उठाना पड़ा है। पार्टी के कमजोर पड़ने से कर्नाटक विधानसभा चुनाव कांग्रेस बनाम भाजपा होकर रह गया। कांग्रेस कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2023 में बड़ी जीत का श्रेय वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को दे रही हैं , क्योंकि ह्यभारत जोड़ो यात्राह्न के दौरान उन्होंने सबसे ज्यादा समय इसी राज्य में गुजारा था। इससे पार्टी के भीतर और मतदाताओं के बीच उनकी छवि पर अच्छा असर पड़ना तय है। वहीं, मल्लिकार्जुन खरगे की भी पार्टी में स्थिति और मजबूत होगी, चूँकि कर्नाटक उनका गृह राज्य है। उन्होंने राज्य में कांग्रेस को जीत दिलाने के लिए कड़ी मेहनत की है। अब कांग्रेस में वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की अहमियत पहले से ज्यादा बढ़ जाएगी।

दरअसल, वह लोकसभा चुनाव 2019 के बाद पहली बार पार्टी के प्रचार के लिए मैदान में उतरीं और कांग्रेस को इसका फायदा भी मिला। कर्नाटक की जीत से पूरे देश में कांग्रेस की इमेज बेहतर होगी। हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पहले से ही सत्ता में है। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होने हैं। कर्नाटक की जीत का असर इन राज्यों में भी देखने को मिल सकता है। कांग्रेस की इस जीत का असर बाकी विपक्षी दलों पर भी नजर आ सकता है। अब तक सपा, बसपा, राजद, जदयू, जद-एस, तृणमूल कांग्रेस या आप केंद्र की राजनीति में कांग्रेस पर दांव लगाने को तैयार नहीं थीं। कांग्रेस की कर्नाटक में बड़ी जीत के बाद केंद्र की राजनीति में सक्रिय ज्यादातर विपक्षी दल कांग्रेस के पीछे खड़े होने को तैयार हो सकते हैं। कर्नाटक चुनाव 2023 के प्रचार के दौरान बेशक प्रधानमंत्री मोदी ने बहुत रैलियां कीं, लेकिन इसका उनकी छवि को इससे खास नुकसान नहीं होगा। दरअसल, चुनाव विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा को कर्नाटक में जितनी सीटें मिलीं हैं, वो प्रधानमंत्री मोदी और पार्टी की छवि की वजह से ही मिल पाई हैं। विश्लेषकों के मुताबिक, राज्य में सत्ता विरोधी लहर का भाजपा को खामियाजा भुगतना पड़ा है। इसका सबसे बड़ा नुकसान मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को होगा। उन्हें निश्चित तौर पर इस हार का जिम्मेदार ठहराया जा रहा हैं । यह भी है कि भाजपा को कर्नाटक की हार से दोहरा झटका लग सकता है। पहला, दक्षिण भारतीय राज्यों में धीरे-धीरे बढ़ रही पार्टी की पैठ को झटका लग सकता है। वहीं, कांग्रेसमुक्त भारत का सपना भी कुछ हद तक बिखर सकता है। एक धड़ा ऐसा भी है, जिसका मानना है कि कर्नाटक की हार से प्रधानमंत्री मोदी की करिश्माई छवि को इससे नुकसान हो सकता है। उनका कहना है कि केंद्र से लेकर चुनाव में जाने वाले सभी राज्यों की जीत में प्रधानमंत्री मोदी की रैलियों की बड़ी भूमिका मानी जाती है। इस हार से उनकी इस छवि को कुछ झटका लगा सकता है। वहीं, भाजपा को आने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में ज्यादा जोर लगाना होगा ताकि लोकसभा चुनाव 2024 से पहले पार्टी को लगे इस डेंट से उबरा जा सके। पिछले तीन चुनावों की बात करें तो 2008 में केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी और उस समय कर्नाटक में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जीत हासिल की थी वहीं 2013 में केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी और कर्नाटक में कांग्रेस ने जीत हासिल की। वहीं 2018 में केंद्र में भाजपा थी और उसने कर्नाटक में तो जीत हासिल कर सरकार बनाने की करीब पहुंची और उपचुनाव में उसे जीत से बहुमत हासिल हो सका था। यहां यह बात गौर करने वाली बात है कि विधानसभा चुनावों में मतदाता राज्य सरकार के प्रदर्शन, और स्थानीय मुद्दों पर मत देते हैं जिसका लोकसभा या राष्ट्रीय राजनीति से कोई लेना देना नहीं होता है वहीं सामान्य तौर पर विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय मुद्दे भी बहुत कम बार स्थानीय मुद्दों पर हावी होते दिखाई दिए हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में पिछले तीन बार से यही दर्शा रहे हैं और कर्नाटक में लोग विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ दल से नाखुश ही देखे जाते रहे हैं। 2024 की संभावनाओं के मद्देनजर देखें तो कर्नाटक में जेडीएस के हश्र से क्षेत्रीय दलों को सबक लेना होगा। मुस्लिम वोट बैंक का दम भरने वाले दल एसपी, जदयू, राजद, तृणमूल कांग्रेस इत्यादि 2024 में कांग्रेस के पास जाएं या दूर ही रहें महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे का दल कांग्रेस की बैसाखी पर रहेगा या नहीं ये बड़ा सवाल होगा। साथ ही उत्तर प्रदेश में ट्रिपल इंजन के नारे पर भाजपा की निकाय चुनाव में हुई बंपर जीत ने कांग्रेस की देश के सबसे ज्यादा 80 लोकसभा सीट वाले प्रदेश में हालात को फिर सतह पर रखा है। कर्नाटक से उत्साहित कांग्रेस को यूपी के आईने में अपनी चुनावी शक्ल देख लेनी चाहिए।

## कविता

गुजरी तमाम उम्र उसी शहर में कोई
जानता न था
वाकि फ सभी थे,पर कोई पहचानता न था..

पास से हर कोई गुजरता मुस्कुराता न था,
मेरे ही शहर में लोगों को मुझ से वास्ता न था।

मेरे टूटे घर में कोई दरवाजा ना था
बावजूद इसके कोई झांकता न था।

फकीर घूम घूम कर उपदेश देता रहा,
शहर के लोगों को उससे नाता न था।

शहर भी वही लोग भी है परिचित भी वही,
वक्त पर कोई साथ देगा इसका मुझे मुगालता न
था।

इस भरी दुनिया में सब के सब हैं यहां,
पर किसी का किसी से रिश्ता न था।

तेरी मेरी नहीं सबकी कहानी है यह,
खमोश रहने के अलावा कोई रास्ता न था।

खामोशी से मेरी हमेशा बातें होती रही है,
आवाज मेरी जिंदगी का कभी कोई रिश्ता न
था।

संजीव ठाकुर

# महिलाएं आज भी स्वतंत्रता की असली विवेचना से अपेक्षित

संजीव

**भारतीय** संदर्भ में महिलाओं के विकास स्वतंत्रता एवं सशक्तिकरण की अलग-अलग तस्वीर पेश की जाती रही है' शासकीय आंकड़ों के हिसाब से उच्च प्रशासनिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी केवल 14% लगभग भूमिका या भागीदारी है ।निजी क्षेत्रों में जो व्यापक स्वतंत्रता एवं उदारीकरण है, वहां भी महिलाओं की उच्च पदों पर पदस्थापना 20% से अधिक नहीं है' सामाजिक संगठन बड़े जोर शोर से महिला स्वतंत्रता एवं सशक्तिकरण के बड़े-बड़े दावे पेश करते हैं, कुल जनसंख्या का 45% महिलाओं का होने के बाद भी भारत में महिला पुरुषों से कम दक्ष एवं कमजोर मानी जाती रही है' स्थिति इससे बिल्कुल विपरीत है' भूमंडलीकरण शिक्षा में वृद्धि मानव अधिकारों की वृद्धि एवं सजगता से महिला सशक्तिकरण के आंदोलनों को काफी बल प्राप्त हुआ है। शनी सिगनापुर, हाजी अली दरगाह एवं अन्य स्थानों पर महिलाओं के प्रवेश के लिए सशक्त आंदोलन इसका बड़ा उदाहरण है। आज से 20 वर्ष पूर्ण इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी' वर्तमान ओलंपिक 2021 में पूर्वोत्तर राज्य की मीराबाई चानू ने सिल्वर पदक दिलाकर अपनी क्षमता शक्ति एवं ऊर्जा को प्रदर्शित कर यह बता दिया है कि नारी विशेषकर भारत की पुरुषों से कहीं आगे हैं और प्रिया मलिक ने हंगरी में स्वर्ण पदक लाकर बात को प्रमाणित भी कर दिया है' भारत की महिलाएं, साक्षी मलिक ओलंपिक में कांस्य पदक, पी,वी संधू रजत पदक, दीपा मलिक पैरा ओलंपिक में पहली भारतीय महिला द्वारा स्वर्ण प्राप्त,साइना नेहवाल सानिया मिर्जा ने काफी हद तक महिलाओं के स्वरूप को बदलने का प्रयास किया है। इसी प्रकार निजी क्षेत्रों में चंदा कोचर,इंदिरा नूई, अरुंधति भट्टाचार्य ने आर्थिक जगत की नई ऊंचाइयों को छुआ है। अंतरिक्ष में कल्पना चावला सुनीता विलियम्स ने महिलाओं को बड़ी प्रेरणा दी है, राजनैतिक क्षेत्र में पहली बार नरेंद्र मोदी सरकार ने 9 महिला मंत्रियों को मंत्रिमंडल में जगह देकर उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसी तरह किरण बेदी ने पुलिस प्रशासन में एक बड़ी पताका हासिल कर महिला होने पर गर्व करने के लिए लोगों को मजबूर किया है' भारत के संदर्भ में यह माना जाए कि जीवन काल में ही महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में कम स्वतंत्रता प्राप्त है। बचपन के पश्चात जब महिला विद्यालय, विवाह की ओर अग्रसर होती है, तो उसके पहनावे की स्वतंत्रता को सीमित कर दिया जाता है' महिलाओं के वस्त्रों के साथ उसके चरित्र की व्याख्या कर दी जाती है। जबकि इस भूमंडलीकरण या वैश्वीकरण के युग में जहां संस्कृति के आदान-प्रदान का बड़ा महत्व है, और महिलाएं आधुनिकरण के लिए आगे बढ़ती हैं, तो उनका परिवार समाज उन्हें इन सब कार्यों से दूर रख बाधित कर विकास की एक धारा को नियंत्रित कर देता है और इस तरह उनके मानसिक स्वतंत्रता को रोक कर उन्हें मानसिक दासता का पात्र बना देता है।

## विचार

# कर्नाटक नतीजे क्या राष्ट्रीय राजनीति की नई दिशा बनेंगे

ऋतुपर्ण दवे

**कर्नाटक** विधान चुनाव में कांग्रेस की बम्पर और ऐतिहासिक जीत ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि देश में लोकतंत्र न केवल मजबूत है बल्कि जनता के मूल मुद्दों से इतर ध्रुवीकरण की कोशिशों नाकाम होंगी। कांग्रेस के बहुमत की उम्मीद तो थी, लेकिन नतीजा ऐसा चौंकाने वाला आएगा ये हैरान करता है। शायद भाजपा और खुद प्रधानमंत्री मोदी भी ऐसे नतीजों से असहज हों। हर वक्त चुनावी मोड में रहने वाली भाजपा ने मोदी मैजिक को भंजाने के लिए सारे दांव-पेंच चले। सारी चुनावी बिसातें को बिछाकर एक-एक कार्यकर्ताओं को साधने की जुगत में महारत के बावजूद ऐसे नतीजों से ना उम्मीद होगी बल्कि अब आगेसतर्क भी रहेगी क्योंकि 2024 के आम चुनाव दूर नहीं हैं। निश्चित रूप से कर्नाटक का चुनाव कांग्रेस के लिए संजीवनी तो भाजपा को दूसरी बार झटका है। अपने मैजिक के आगे दूसरों के मैजिक को नकारने की गलती पर भी मंथन होगी। इसके पहले हिमाचल प्रदेश में भी भाजपा को उम्मीद से इतर नतीजों ने हैरान किया था। वहां भी प्रधानमंत्री मोदी को प्रमुख चुनावी चेहरा बनाकर चुनावी वैतरणी में भाजपा ने गोता लगाया था। कमोवेश उससे बड़ी रणनीति बनाकर प्रधानमंत्री ने कर्नाटक में बड़े-बड़े रोड शो किए और जनमानस को लुभाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। जबकि हिमाचल में कांग्रेस ने राहुल की यात्रा के बीच प्रियंका को सामने रख चुनाव लड़ा था। वहीं कर्नाटक में राहुल, प्रियंका, खरगे सहित पूरी पार्टी एकजुटता के साथ मैदान में डटी रही और भाजपा की हर बिसातों को मात दी। ऐसा लगता है कि देश की जनता को अब लोक लुभावन वायदों, जातीय और धार्मिक ध्रुवीकरण से आगे की चिन्ता होने लगी है जो ठीक भी है। कर्नाटक में जिस तरह से धर्म और जाति के आधार पर मतदाताओं की संख्या और आंकड़ों का गणित लगाया गया इससे इतर नतीजों ने बता दिया कि वहां का मतदाता अलग सोच रखता है। कर्नाटक में भाजपा के मुख्यमंत्री बदलने के फॉमूर्ले से भी अलग संदेश गया जिसको शायद भाजपा नहीं समझ पाई जब कर्नाटक की जनता वहां के मुख्य मुद्दे मंहगाई, बेरोजगारी के साथ-साथ गैस सिलेण्डर जैसे आम जरूरतों पर नफा-नुकसान को चिंतित थी तब भाजपा बजरंग बली को भांजने और लिंगायत मतदाताओं को लुभाने सक्रिय थी। जबकि कांग्रेस स्थानीय मुद्दों, मंहगाई और भ्रष्टाचार पर केन्द्रित रही। वहां चुनाव में बजरंग बली और टीपू सुल्तान की गूंज खूब सुनाई दी। लेकिन जिस खामोशी से कर्नाटक के मतदाताओं ने नतीजे दिए उससे यही लगता है कि नेताओं से ज्यादा परिपक्व भारत का मतदाता है। सच भी है ये पब्लिक है, सब जानती है। कर्नाटक में जिस तरह से भाजपा के तमाम तुरुप पत्तों समान ढ़ह गए, कई मंत्री और दिग्गज तो हारे ही लेकिन जिन मुद्दों को चुनावी एजेण्डा बनाया गया उसे भी जनता ने नकार दिया। साल की आखिरी तिमाही में फिर विधानसभा चुनावों की सरगर्मियां बढ़ेंगी जब मध्यप्रदेश,राजस्थान,छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना राज्यों में चुनाव प्रक्रिया होगी। संभव है इसी समय केंद्र शाषित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में भी चुनाव हो जाएं। कांग्रेस के पास केवल राजस्थान और छ्त्तीसगढ़ है। मिजोरम की सत्ता पर भाजपा के सहयोग से क्षेत्रीय दल काबिज है। तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति यानी बीआरएस सत्तासीन है। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव हैं जिन्होंने कर्नाटक में जनता दल (सेकुलर) का समर्थन किया। ऐसे में बीआरएस अब तक भाजपा को चुनौती मान रही थी, अब कांग्रेस के आत्मविश्वास से चिंतित होगी। केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद से जम्मू-कश्मीर में चुनाव नहीं हुए। वहां मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतिम चरण में है, प्रकाशन 27 मई को होगा। वहां 19 जून 2018 से सरकार बेदखल है और केन्द्र के अधीन है। बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के चलते महबूबा मुफ्ती की सरकार से भाजपा ने समर्थन खींचा था। उधर हिन्दी पट्टी चुनावी क्षेत्र अलग कहानी कह रहे हैं।मध्यप्रदेश मेंभाजपा संगठन में दिख रहा अंर्तकलह और दलबदल कर आए विधायकों को लेकर हुए उलट फेर और दिग्गजों के चौंकाने वाले बयान सामने हैं। जबकि छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की छवि बेहद अलग व साधारण और लोकहितैषी है।यहां कांग्रेस में कोई बड़ी गुटबाजी दिखती नहीं। गाय, गोबर, आत्मानन्द स्कूल और नए जिलों के गठन से मिली लोकप्रियताविरोधियों खातिर बड़ी चुनौती होगी। हां राजस्थान में कांग्रेस की आपसी खींचतान बड़ा नुकसान का सबब जरूर बन सकती है। न तो पायलट रुकने वाले और न ही अशोक गहलोत थमते दिखते। ऐसे में भाजपा कौन सा दांव चलेगी यह देखने लायक होगा। वसुंधरा राजे सिंधिया को लेकर भी अक्सर कई तरह के कयास लगाए जाते हैं। वैसे भी तीन दशक से हर बार सरकार बदलने का चलन है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# गधों के लिए है

डॉ. सुरेश कुमार

**स्वतंत्रता** से पहले राजा-रजवाड़ों का शासन था। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात एक-एक कर इन्हें मिला लिया गया। यह राजाओं को रास नहीं आया। लेकिन वे मजबूर थे। धीरे-धीरे परिस्थितियाँ सामान्य होने लगीं। राजाओं को भी लगा जो हुआ अच्छा हुआ। बहुत हुआ अपना शासन। अब देखते हैं जनता का शासन कैसा होता है। कुछ दिन बीते। एक राजा अपने घोड़े पर सवार शहर की ओर निकल पड़ा। उसने इधर-उधर नजर दौड़ाई। उसने देखा कि शहर में बड़े-बड़े भवन बन चुके हैं। चमचमाती सड़कों से रौनक बढ़ गई है। तरह-तरह की दुकानों में तरह-तरह की चीजें बिक रही थीं। तभी राजा की नजर एक ऐसे बंदे पर पड़ी जो सड़क के एक किनारे जमीन पर कागज के टुकड़े बिछाकर ग्राहक की खोज में आँखें बिछाए बैठा था। राजा उसके पास गया। उसने पूछा झ यह कागज के टुकड़े क्या हैं? इन्हें इस तरह से क्यों बिछाकर रखा है? इससे अच्छा कोई दूसरा धंधा क्यों नहीं कर लेते? इस पर बंदे ने कहा घोड़े और मुकुट से तो आप राजा लगते हैं। आपके जमाने में पढ़ाई नहीं थी। इसीलिए आप अनपढ़ रह गए। इन कागजों का महत्व आप क्या समझेंगे? राजा ने कहा बात तो तुम्हारी एकदम ठीक है। लेकिन हम कर भी क्या सकते हैं? भाग्य में जो लिखा था वही मुझे प्राप्त हुआ। भाग्य का लिखा कौन बदल सकता है? बंदे ने कहा झ कौन कहता है नहीं बदल सकते? इन कागज के टुकड़ों से भाग्य बदल सकते हैं। राजा ने कहा इन कागज के टुकड़ों से? वह कैसे? बंदे ने कहा झ ये कागज के टुकड़े नहीं हैं। ये डिग्री हैं डिग्री। इसे जो प्राप्त कर लेता है समाज उसका खूब सम्मान करता है। उसे पढ़ा-लिखा मानकर उसकी खातिरदारी करता है। राजा ने कहा वाह। यह तो बहुत बढ़िया बात है। मेरे लायक कोई डिग्री हो तो मोल-भाव करके दे दो। बंदे ने कहा झ क्यों नहीं राजा जी। आपके लिए एम.ए. की डिग्री सबसे अच्छी रहेगी। आपका चेहरा, शरीर का आकार इस डिग्री पर एकदम फिट बैठता है। आगे से आप किसी को मिलें तो खुद को एम.ए. पास कहें। फिर देखिए किस तरह लोग आपकी प्रशंसा करने लगेंगे।

# 40 परसेंट के मुद्दे का चला बुलडोजर सिविल सेवा

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर भारत को यूंही बौद्धिक क्षमता की खान वाले देश की संज्ञा नहीं दी गई है, क्योंकि अगर हम वैश्विक कारपोरेट जगत पर नजर डालें तो अनेक प्रमुख पदों पर भारतीय मूल, प्रवासी भारतीय को देखेंगे। उसी तरह अनेकों देशों के मंत्रिमंडल में भी मूल भारतीयों को देखा जा सकता है हालांकि भारतीयों पर सैकड़ों वर्ष राज करने वाले देश पर भी आज मूल भारतीय ही राज कर रहा है। अब हम देख रहे हैं कि भारतीय यहीं तक सीमित नहीं रह रहे अब वह बौद्धिक कुछल जनता जनार्दन का रोल भी अदा कर रहे हैं। गए वह दिन! जब बूथ कैपचरिंग, डराना धमकाना, अपहरण कर वोटिंग करवाई जाती थी। अब ये तो पब्लिक है सब जानती है ये तो पब्लिक है वाली जनता का रोल अदा करते हैं और वोटों केमाध्यम से अपना गुस्सा व्यक्त करना भी सीख गए हैं। इसीलिए अब हर राजनीतिक दल और नेता को इसपर मंथन कर अपनी छवि उज्जवल कर, कितने परसेंट से हटाने पर मंथन करना होगा। चूंकि दिनांक 13 मई 2023 को एक राज्य में इसी पर्सेंट वालीछवि सरकार को निगल गई और हिजाब, अजान, मुस्लिम आरक्षण समाप्त, बजरंगबली, द केरेला स्टोरी, दशकों पूर्व का पचासी परसेंट मुद्दा सहित सभी मुद्दों पर, 40 परसेंट का बुलडोजर भारी पड़ा और जनता ने सत्ता कथित 40 पर्सेंट के चलते अपना गुस्सा जताया तो, जीती हुई पार्टी को 136, हारी पार्टी को 64 सीटों तक सिमटा दिया। इसलिए अब पार्टी की उच्चस्तर पर टॉप जोड़ी को मिलकर देश के 13 राज्यों में जहां उनकी सरकार है, जिसमें कुछ राज्यों में इसी साल के अंत में चुनाव होने वाले हैं, सहित सभी राज्यों पर परसेंटों के बारे में नजर रखनी होगी क्योंकि इसका प्रभाव मिशन 2024 इलेक्शन पर भी पढ़ना निश्चित है। इसलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम कार्यपालिका से जनता जनार्दन की चिड़ या गुस्से नें सरकार को जमींदरोज करने की करें तो, हमने 13 मई 2023 को आए चुनावी परिणाम में यह देखें। मैंने खुद ने पिछले कुछ दिनों से टीवी चैनलों पर आ रही ग्राउंडरिपोर्टिंग, जीरो रिपोर्टिंग देखकर उसका विश्लेषण किया तो अनेक लोग कार्यपालिका के भ्रष्टाचार से तंग नजर आए।

# फलों से करें अपनी पाचनक्रिया दुरुस्त!

फलों में प्राकृतिक मिठास के साथ-साथ ऐसे-ऐसे मिनरल होते हैं जो आपके शरीर को बीमारियों से बचाते हैं साथ ही ये ऊर्जा भी प्रदान करते हैं। यदि शरीर में विटामिनों और पाचनक्रिया में कोई कमी आ जाए तो आपको अपने रोजाना के आहार में फलों को शामिल करना चाहिए जिनमें कि सभी पोषक तत्व और प्रोटीन हों। एक्सपर्ट्स के अनुसार सभी को रोजाना दो से तीन तरह के फल खाने चाहिए ताकि आवश्यक ऊर्जा मिल सके। फल आपके शरीर को शुद्ध भी करते हैं केला और पपीता जैसे फल सुबह खाली पेट खाने चाहिए। इन दोनों में फाइबर और सोडियम की प्रचुर मात्रा होती है जो कि आपको दिनभर एक्टिव बनाए रखते हैं। साथ ही कुछ ऐसे फल हैं जो कि खाना खाने के बाद खाने चाहिए। ऐसे फल पाचन को सही बनाए रखते हैं, नाशपती और अनानास ऐसे ही फल हैं जिनमें एंजाइम्स और फाइबर की अधिकता होती है जिससे गैस्ट्रोइंटेस्टीनल सिस्टम सही तरह काम करता है। यह पचने में मुश्किल होने वाले खाद्य पदार्थो को भी विभाजित कर उनसे प्रोटीन निकालने में मददगार है। अच्छी पाचन क्रिया के लिए ऐसे ही कुछ फल हैं जो आपको खाने के बाद खाने चाहिए।

**बेहतर पाचन क्रिया के लिए ये फल खाएं**

**1. नाशपती :** ये पेट के लिए अच्छा फल है जिसे आप सप्ताह में एक बार खा सकते हैं। हाल ही में हुए अध्ययन के अनुसार नाशपती में फाइबर होता है जिससे दस्त साफ लगता है। नाशपती सोडियम फ्री, कोलेस्ट्रॉल फ्री, और फैट फ्री होता है और इसमें 190 मिलीग्राम पोटेशियम होता है जो कि पाचन को मजबूत करता है।

**2. सेब:** इसमें भी फाइबर की अधिकता होती है यदि आपको पाचन से संबंधित समस्या है तो यह आपके लिए एक अच्छा फल है। खाने को सही तरह पचाने के लिए खाना खाने के 15 मिनट बाद एक सेब खा सकते हैं।

**3. रसभरी :** यदि आपको मधुमेह और पाचन की समस्या भी है तो रसभरी आपके लिए एक अच्छा विकल्प है। इनमें फाइबर अधिक मात्रा में है और शुगर कम होता है। इनमें कैलोरीज भी कम होती हैं, यह पाचन क्रिया के लिए एक अच्छा फल है।

**4. पपीता :** यदि आप 24 घंटे के अंदर ही अपने पाचन को सुधारना चाहते हैं तो कच्चा पपीता आपके लिए अच्छा है। यदि आंत की कमजोरी के कारण आप में विटामिन्स का संचय नहीं होता है तो आप इससे विटामिन ''सी' प्राप्त कर सकते हैं। इसमें पपाइन होता है जो कि प्रोटीन को विभाजित करता है और खाने को पाचन योग्य बनाता है।

**5. केला :** यह आपके आंतों के कार्य को सही बनाए रखता है, आप इसे खाना खाने के बाद या पहले कभी भी खा सकते हैं। दोनों ही तरीकों से यह आपके पेट के लिए फायदेमंद है।

**6. अनानास :** पाइन एप्पल जीभ पर अजीब स्वाद छोड़ने के कारण कई लोग अनानास का सेवन नहीं करते हैं। लेकिन यह पाचन के लिए अच्छा फल है, इसमें ब्रोमेलिन इंजाइम होता है जो कि खाने को पचाने में मददगार है।

**7. अंजीर :** एक कप सूखे अंजीर में 15 ग्राम फाइबर होता है जो कि खाने को विभाजित कर उसे पचाने के लिए पर्याप्त है। खाने के बाद एक कप अंजीर का सेवन पाचन क्रिया के लिए सही है।

**8. एवोकैडो :** इस फल में पोषक तत्वों, विटामिन्स और एनर्जी की भरपूर मात्रा होती है। भारी खाने को पचाने के लिए खाने के बाद आधे एवोकैडो का सेवन फायदेमंद होता है।



# झूठको बढ़ावा दे रहा मोबाइल

**आम** आदमी की जरूरत बन चुका मोबाइल फोन झूठ बोलने की संस्कृति को हवा दे रहा है। व्यस्त जीवनशैली के बीच काम के बोझ तले पेशेवर लोग जाने-अनजाने झूठ बोलने की आदत का शिकार हो रहे हैं और यह उन्हें सिखा रहा है मोबाइल फोन। इससे मनोचिकित्सक भी इत्तेफाक रखते हैं कि मोबाइल क्रांति ने आम आदमी की जीवनशैली को पूरी तरह बदल दिया है।

मोबाइल फोन के लाभ अनेक हैं मगर हानियां भी कम नहीं हैं। समय की पाबंदी के बीच एक समय कई ग्राहकों को एक साथ निपटाने की जद्दोजहद में पेशेवर लोग कई बार ग्राहक को संतुष्ट करने के लिहाज से अपनी स्थिति और काम के बारे में झूठी जानकारी देते हैं और धीरे-धीरे उनकी यह आदत कब उनकी कार्यपणाली में समा जाती है, इसका उन्हें भी पता नहीं चलता है। किंग जार्ज चिकित्सा विविद्यालय (केजीएमयू) में मनोरोग विभाग के प्रभारी डा पीके दलाल ने शनिवार को यहां कहा ''बचपन से हमें नसीहत दी जाती रही है कि झूठ बोलना गंदी बात है मगर यह गंदी आदत दशकों पुरानी है और बात-बात में झूठ बोलने वाले लोगों की पहले भी कोई कमी नहीं थी। हालांकि इस बात से कतई इनकार नहीं किया जा सकता कि मोबाइल फोन के बढ़ते प्रचलन ने झूठ बोलने की आदत को बढ़ावा दिया है।'



डा. दलाल ने कहा कि काम के बोझ तले झूठ बोलने वाले लोग इस बात से अनजान रहते हैं कि उनकी बातों को उनका बच्चा भी सुन रहा है। बच्चे जिज्ञासु होते हैं और वे घर और आसपास के बुजुगरे से ही संस्कार लेते हैं। ऐसे में वे बड़ों की देखा-देखी झूठ बोलने की आदत भी सीख सकते हैं। उन्होंने कहा कि बात-बात पर झूठ बोलने की आदत के शिकार लोग 'पैथॉलॉजिकल लाइंग डिसआर्डर' का शिकार हो सकते हैं। इसे 'एंटी सोशल पर्सनॉलिटी' की एक शाखा के रूप में जाना जाता है।

मनोचिकित्सक ने कहा कि अमेरिका से प्रकाशित पत्रिका 'कम्प्रेहेंसिव टेक्सट बुक ऑफ साइकोथेरैपी' के अनुसार भारत समेत दुनिया के ज्यादातर देशों में आमतौर पर 30 प्रतिशत लोग झूठ बोलने में तनिक भी नहीं हिचकिचाते हैं। चिकित्सा विज्ञान में झूठ बोलने की आदत से निजात पाने का उपाय है, लेकिन यह 25 वर्ष से कम उम्र के लोगों पर ही अधिक प्रभावी रहता है जबकि इससे अधिक उम्र के लोगों की मानसिक क्षमता के स्थायित्व के कारण यह इलाज अधिकतर निष्प्रभावी ही साबित होता है। ऐसे लोग यदि स्वयं चाहें तो ही उन्हें इस रोग से मुक्ति मिल सकती है।

इस बारे में कानपुर के जानेमाने मनोचिकित्सक कलीम अहमद ने कहा 'पैथॉलॉजिकल लाइंग डिसआर्डर' का एक पहलू यह भी है कि बच्चों में पनपती ऐसी आदतों में यदि अभिभावक जल्द ध्यान नहीं देते हैं तो यह किशोरावस्था से ही अपराध के दलदल में फंस सकते हैं। अमेरिका समेत कई विकसित देशों में ऐसे मरीजों के लिए 'करेक्शन होम' होते हैं, जहां ''बिहेवियर थेरैपी' के जरिए उन्हें इस समस्या से छुटकारा दिलाया जाता है जबकि अपने देश में इस नाम को 'बाल सुधारगृह' के नाम से जाना जाता है। झूठ बोलने से ग्रसित बच्चों के अभिभावक से कहा जाता है कि वे बच्चे के सच बोलने पर उसे प्रोत्साहन के तौर पर उपहार दें जबकि झूठ बोलने पर दंड की हिदायत दें। बच्चों से यह भी कहें कि यदि उसने झूठ बोला तो उसकी कोई भी मांग नहीं मानी जाएगी। अभिभावक को यह भी चाहिए कि वे बच्चों के सामने आपस में कभी न झगड़ें और न ही झूठ का सहारा लें। घर में अनुशासन का माहौल बनाएं। झूठ बोलने पर बच्चों को मारने-पीटने की जगह कुछ समय के लिए उससे बात करना बंद कर दें।

# दिमागी सेहत पर गंभीर असर डाल रही हैं सोशल साइट्स

**टोरंटो।** जो किशोर फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम जैसी सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर प्रतिदिन दो घंटे से ज्यादा समय बिताते हैं, उनके लिए यह नया अध्ययन कुछ जानकारियों का खुलासा करता है। इसके हिसाब से सोशल नेटवर्किंग साइट्स के ज्यादा लंबे समय तक प्रयोग से किशोरों में आत्महत्या की भावना बढ़ाने वाले विचारों, मनोवैज्ञानिक परेशानियों और मानसिक विकारों के बढ़ने का खतरा रहता है और यह उनके मानसिक स्वास्थ्य को भी खराब करता है।शोधार्थियों का कहना है कि जो किशोर लंबे समय तक सोशल नेटवर्किंग साइट्स का प्रयोग करते हैं, उन्हें मानसिक स्वास्थ्य सहायता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह अध्ययन अभिभावकों को तो महत्वपूर्ण संदेश देता ही है, साथ ही मानसिक स्वास्थ्य सहायता सेवा प्रदाताओं के लिए अवसर भी है कि वे इन साइटों पर अपनी पहुंच बढ़ाएं। कनाडा में ओटावा पब्लिक हेल्थ के ह्यूग्यूस सांपसा-कयिंगा और रोजमंड लुईस ने सातवीं से 12वीं कक्षा तक के छात्रों के ओंटेरियो छात्र दवा उपभोग एवं स्वास्थ्य सर्वेक्षण आंकड़ों का विश्लेषण किया। इनमें से लगभग 25 प्रतिशत छात्रों को दो घंटे से ज्यादा सोशल नेटवर्किंग साइट्स प्रयोग करने का आदी पाया गया। शोधार्थियों ने सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर बिताए वक्त की तुलना किशोरों के मनौवैज्ञानिक परीक्षणों और आवश्यक मानसिक स्वास्थ्य सहायता जरूरतों से की। कैलिफोर्निया के सैन डिएगो के इंटरेक्टिव मीडिया इंस्टीट्यूट की ब्रेंडा के. वीडरहोल्ड ने कहा ''यह वह है जहां हम सोशल नेटवर्किंग साइट्स को पाते हैं, जो किसी के लिए परेशानी का सबब हैं और किसी के लिए समाधान।' उन्होंने कहा कि जैसा कि किशोर इन साइटों का प्रयोग करते हैं तो यह जन स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के लिए अवसर की तरह है कि वे इस विस्तृत जनसंख्या तक पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं और सहायता का यहां पर प्रचार करें। यह अध्ययन साइबर साइकलोजी, बिहेवियर एंड सोशल नेटवर्किंग जर्नल में प्रकाशित हुआ है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यीक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-2-5-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-5-7-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-4-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगें। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। शुभांक-2-4-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। शुभांक-3-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य कर। शुभांक-3-6-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें। शुभांक-2-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शत्रुहानि की आशंका रहेगी। आय के योग बनेंगे। किसी की सफलता से प्रेरित होंगे। शुभांक-1-3-5

## हंसी के फूव्वारें

'यार, एक बात समझ में नहीं आई,तुमने अपनी फर्म के लिए विकलाँग खजांची का चुनाव क्यों किया?' पहले मित्र ने जानना चाहा.

'ताकि फरार होने पर वह जल्द से जल्द पकड़ा जा सके.'दूसरे मित्र ने कारण बताया.

□ □ □

द्वार पर बहुत देर तक दस्तक पड़ने के कारण पति महोदय की नींद खुली,तो पत्नी को जगाते हुए बोली,'सुनती हो, बहुत देर से कोई हमारे द्वार पर दस्तक दे रहा है.'

'ओह ! तो तुम घर पर ही हो.' पत्नी उनींदे स्वर में बोली,'मैं तो यह सोचकर निश्चित थी कि द्वार पर तुम खड़े चिल्ला रहे हो.'

□ □ □

'मेरी घरवाली मेरे सिवा किसी और मर्द की ओर देखना तक पसंद नहीं करती.' पहले दोस्त ने बताया.

'पर यह बात आपको कैसे मालूम हुई ?'दूसरे दोस्त ने जानना चाहा.

'ऐसे कि कल जब मेरी घरवाली का एक परिचित घर आया, तो वह उसे देखती ही बोली, दफा हो जाओ मेरी नजरों से हमेशा के लिए. अब मैं तुम्हारा चेहरा तक देखना पसंद नहीं करती.' पहला मित्र बोला.

## काकुरो पहेली - 4054



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 4053 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 4054



**बायें से दायें:-**

१. डिनो मारिया, बिपाशा बसु की 'जब दिल चुराए' गीत वाली फिल्म-३
३. 'ऐ हवा ये बता' गीत वाली धर्मेन्द्र, रेखा की फिल्म-३
५. सलमान, नगमा की 'चांदनी रात है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'टुट गई तड़क करके' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी की फिल्म-३
८. अनिल धवन, रेहाना सुल्तान की 'दिल बेचैन रहा' गीत वाली फिल्म-२,२
९. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली संजयदत्त, सलमान खान, रवीना की फिल्म-२
१०. डैनी, विनोद मेहरा, मौसमी की 'संसार है एक' गीत वाली फिल्म-३
११. 'गाड़ी बुला रही है' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा की फिल्म-२
१३. जीतेन्द्र, रामेश्वरी की 'काहे बिंदिया लगाई' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'वो लड़की बहुत' गीत वाली अजय देवगन, नेहा धूपिया की फिल्म-४
२०. बॉबी, अक्षय खन्ना, अमीषा की 'दिल ने कर लिया' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'मुझे साजन के' गीत वाली अनिल, जैकी, मनीषा, माधुरी की फिल्म-२
२२. सनी, सुनील, सेलिना की 'प्यार होने लगा' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल की फिल्म-२
२७. फरदीन खान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
२८. 'लाल लाल होठों पे' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-४
२९. फिल्म 'एलओसी' में अजय देवगन के साथ किस की जोड़ी है-२
३०. 'सोल्जर' में प्रीति का नायक ?-२
३१. 'मेरे दिल का पता' गीत वाली राहुल राय, दीपक, पूजा की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'दुनिया हसीनों का' गीत वाली बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
२. अनिल धवन, नीतूसिंह की 'अपने दिल में जगह' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मैं निकला' गीत वाली सनी देओल, अमीषा पटेल की फिल्म-३
४. करण दीवान, वैजयंती की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-३
५. 'किताबें बहुत सी' गीत वाली शाहरूख, काजोल, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-४
६. राजेंद्रकुमार, माला सिन्हा की 'बांसुरी बजाय के' गीत वाली फिल्म-२
९. 'मिलने से पहले' गीत वाली शरद कपूर, मुकुल आनंद, सुष्मिता की फिल्म-३
१२. विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'एक तो ये बैरी' गीत वाली दिलीपकुमार, शर्मिला की फिल्म-३
१६. रितिक, करीना की 'ए री रे एरी क्या है' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आपका चेहरा' गीत वाली धर्मेन्द्र, नसीर, सोनू, पल्लवी की फिल्म-४
१८. गोविंदा, ऋषिकपूर, नीलम, मीनाक्षी की 'तेरे डैडी ने दिया' गीत वाली फिल्म-३
१९. शाहरूख, सैफ, प्रीती जिंटा की 'कुछ तो हुआ है' गीत वाली फिल्म-२,१,१,१
२३. अमिताभ, सलमान, हेमा की 'चली चली फिर चली' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'इंतहा हो गई' गीत वाली फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 4053



## सूडोकु 4054

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु4053 ा हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## शब्द पहेली - 4054



**बाएँ से दाएँ**

1.सहयोग की भावना-5
4.अकस्मात,एकाएक-4
7.पराजय-2
8.नाव चलाने वाला-3
9.भीगा हुआ-2
10.अनुवाद-4
11.बेल-2
13.योग्य,सही-3
14.घोड़ा गाड़ी-2
15.काव्य,गजल-3
17.अद्वैतभाव,कुर्बान-2
19.नामकरण-2,3
22.राजा का महल-5
25.प्रेम,ममता-2
26.कपड़े की दीवार-3
28.रास्ता,मार्ग-2
29.सिर,खोपड़ी-3
30.माप-2
32.गुस्सा करना-4
34.व्यंग,चुटीली बात-2
36.नायक,नेता-3
37.एक आंख वाला-2
38.रचनाकार-4
39.कृष्ण का एक नाम-3,2

**ऊपर से नीचे**

1.महोदय (अंग्रेजी-2)
2.डरपोक,भीरू-3
3.व्यंग कसना -5
4.बुद्धि-3
5.झुका हुआ-2
6.कर देने वाला-4
7.चोरी करना,छीनना (मु.-2,3)
10.तहखाना-4
12.एकटक देखना-2
16.वियोग,जुदाई-3
17.आमिर,काजोल की नई फिल्म-2
18.खुजली-2
20.घोटना,मंथन करना-3
21.पत्र,चिट्ठी-2
22.रास्ता-2
23.सुगंधित होना-4
24.बिजली का कौंधना-5
25.कुलीन स्त्री,देवी (उर्दू-5)
26.भगवान,ईश्वर-4
27.पेड़ का मध्य भाग-2
31.पटाखे की बाती,-3
33.अभिव्यक्ति-3
35.नृत्य,डांस-2
37.छोटी सवारी गाड़ी-2

शब्द पहेली 4053 का हल



# सोनाक्षी सिन्हा

## की दहाड़ समेत इस हफ्ते ओटीटी पर आ रहीं ये वेब सीरीज और फिल्में



ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर नई फिल्मों और वेब सीरीज की सिलसिला जारी है। सिनेमाघरों में फिल्मों के बॉक्स ऑफिस कलेक्शंस जहां धोखा दे रहे हैं, वहीं ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मनोरंजन की पक्की गारंटी मिल रही है इस हफ्ते ओटीटी स्पेस में सोनाक्षी सिन्हा का डेब्यू हो रहा है, वहीं एक्शन की तगड़ा खुराक भी मिलने वाली है। आपको बताते हैं कि किस प्लेटफॉर्म पर क्या आ रहा है।

**प्राइम वीडियो की फिल्में और वेब सीरीज**

12 मई को प्राइम वीडियो पर दहाड़ वेब सीरीज रिलीज होगी। यह थ्रिलर वेब सीरीज है, जिसकी कहानी राजस्थान में दिखायी गयी है। सोनाक्षी सिन्हा पुलिस अधिकारी के रोल में वेब सीरीज डेब्यू कर रहे हैं। उनके साथ गुलशन देवैया और सोहम शाह भी प्रमुख किरदारों में दिखेंगे। सीरीज की कहानी रीमा कागती और जोया अख्तर ने लिखी है, जबकि निर्देशन रीमा का है।

प्रियंका चोपड़ा जोनस और रिचर्ड मैडन स्टारर स्पाइ सीरीज सिटाडेल का चौथा एपिसोड इस शुक्रवार को स्ट्रीम होगा। इस सीरीज में कुछ छह एपिसोड्स हैं। हॉलीवुड फिल्म एयर 12 मई इस शुक्रवार को स्ट्रीम हो जाएगी। इस फिल्म में बेन एफ्लेक, मैड डेमन, वियोला डावी और जेसन बेटमैन लीड रोल्स में हैं। फिल्म का निर्देशन बेन ने ही किया है।

**नेटफ्लिक्स की फिल्में और वेब सीरीज**

10 मई को नेटफ्लिक्स पर क्वीन क्लियोपैट्रा सीरीज रिलीज होगी। इस डॉक्युड्रामा में आखिरी फराओ क्लियोपैट्रा की अपने सिंहासन को बचाने की कहानी दिखायी गयी है।12 मई को नेटफ्लिक्स पर द मदर फिल्म आएगी। जेनिफर लोपेज स्टारर फिल्म में एक मां की कहानी दिखायी गयी है, जो अपनी बेटी को बचाने के लिए बाहर आती है।

**जी5 की फिल्में और वेब सीरीज**

जी5 पर 12 मई को ऐतिहासिक सीरीज ताज का दूसरा सीजन स्ट्रीम होगा। इस शो में नसीरूद्दीन शाह, अदिति राव हैदरी, आशिम गुलाट प्रमुख किरदारों में हैं।

**सोनी लिव की फिल्में और वेब सीरीज**

सोनी-लिव पर शुक्रवार को अंग्रेजी फिल्म ट्रायंगल ऑफ सेडनेस आ रही है। यह सैटायरिकल ब्लैक कॉमेडी फिल्म है। 95वें एकेडमी अवॉर्ड्स समारोह में फिल्म को तीन नॉमिनेशंस मिले थे।

**लायंसगेट प्ले की फिल्में और वेब सीरीज**

लायंसगेट प्ले पर 12 मई को लास्ट शूटआउट, जॉन रैम्बो और गंस अकिम्बो फिल्में स्ट्रीम की जा रही हैं।

**डिज्नी प्लस हॉटस्टार की फिल्में और वेब सीरीज**

प्लेटफॉर्म पर द मपेट्स मेयहम 10 मई को आएगी।12 मई को तमिल कॉमेडी फिल्म सोपन सुंदरी हिंदी में भी रिलीज की जाएगी। यह 14 अप्रैल को सिनेमाघरों में आ चुकी है।

## दिव्या खोसला ने पहनी इतनी महंगी शॉर्ट्स, होने लगीं ट्रोल, कीमत जान होगी हैरानी, लोग बोले- 150 रुपए में...




बॉलीवुड सेलेब्स का एयरपोर्ट लुक फैंस को काफी पसंद आते हैं. उनके एयरपोर्ट लुक के चर्चे भी खूब होते हैं. इसलिए सेलेब्स अपने एयरपोर्ट लुक को बिल्कुल अलग और खास रखते हैं. उनके एयरपोर्ट लुक खुद सेलेब्स के बीच भी खूब चर्चित होते हैं. एयरपोर्ट में ट्रैवल करने के लिए सेलेब्स अपने कंफर्ट के हिसाब से आउटफिट चुनते हैं. इसमें कई बार उनकी तारीफें भी होती हैं, तो कई बार वह ट्रोल भी होते हैं. हाल में एक्ट्रेस दिव्या खोसला कुमार मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुई हैं. वह अपने एयरपोर्ट लुक में बेहद ग्लैमरस दिखीं लेकिन वह अपने आउटफिट की वजह से ट्रोल भी हो रही हैं.

दिव्या खोसला कुमार (Divya Khosla Kumar) के एयरपोर्ट लुक का एक वीडियो सामने आया है. इस वीडियो में उन्हें व्हाइट हाफ स्लीव टॉप और एक चेकर्ड ग्रे शॉर्ट्स में देखा जा सकता है. उन्होंने अपने एयरपोर्ट लुक को एक काले चश्मे से कंप्लीट किया हुआ है. दिव्या ने अपने बालों को खुला रखा है और हाथ में एक बड़ा पर्स कैरी किया हुआ है. दिव्या इसमें खूबसूरत और ग्लैमरस दिख रही थीं.

लेकिन दिव्या खोसला कुमार की शॉर्ट ने लोगों का ध्यान खींचा है. शॉर्ट की कीमत हैरान कर देने वाली है. इस शॉर्ट इंटरनेशल क्लोथ ब्रांड गुच्ची की है. यह लेदर और कॉटन से बनी है. इसकी कीमत 1 लाख 42 हजार रुपए है. नेटिजंस को जैसी ही इसकी कीमत पता चली. लोगों ने वीडियो पर कमेंट कर एक्ट्रेस को ट्रोल करना शुरू कर दिया. लोगों ने इसकी कीमत 150 रुपए बताई.

**नेटिजंस ने किया दिव्या खोसल कुमार को ट्रोल**

एक यूजर ने लिखा, इस शॉर्ट्स के 150 रुपए दूंगा. एक अन्य यूजर ने लिखा, ऐसे शॉर्ट्स चोर बाजार में फर्स्ट कॉपी 500 रुपए में मिल जाएगी. एक यूजर ने लिखा,सड़क पर 150 रुपए में मिलते हैं. एक यूजर तंज कसते हुए लिखा, भाइयों इसमें गोल्ड चैन है इसलिए 1 लाख 40 हजार रुपए की है. शायद सिली भी सोने के धागे से. एक ने लिखा, मेरे पास इससे भी ज्यादा अच्छे शॉर्ट्स हैं और उसकी कीमत इसके .2 प्रतिशत है. कोई ठगा गया मार्केट में तो उसकी गलती.

**दिव्या खोसला कुमार की फिल्में**

बात करें वर्क फ्रंट की, तो दिव्या खोसला कुमार आखिरी बार जॉन अब्राहम के साथ 'सत्यमेव जयते 2' में दिखाई दी थीं. इन दिनों वह अनिल कपूर और हर्षवर्धन राणे के साथ एक क्राइम थ्रिलर फिल्म की शूटिंग कर रही हैं. यह शूटिंग लंदन में हो रही है. इससे पहले कहा जा रहा था कि यह एक लव ट्राएंगल फिल्म है.

## 14 साल के करियर में हुई कई बार रिजेक्ट, लुक को लेकर किया गया कमेंट, ड्रीम गर्ल एक्ट्रेस का शॉकिंग खुलासा



37 साल की हो चुकीं नुसरत भरुचा (Nushrat Bharucha) ने करीब 14 साल पहले 'कल किसने देखा' फिल्म से अपने करियर की शुरुआत की थी. यह फिल्म 2009 में रिलीज हुई फिल्म. इस फिल्म में नुसरत की एक्टिंग और खूबसूरती को दर्शकों ने खूब पसंद किया. इस फिल्म के बाद उन्होंने बॉलीवुड को एक से बढ़एक फिल्में दी. अब उनकी फिल्म ' छत्रपति'(Chatrapathi) रिलीज हो चुकी है. फिल्म के रिलीज के बाद भी वह जमकर फिल्म का प्रमोशन कर रही है. इसी बीच अदाकारा ने अपने शुरुआती करियर को लेकर खुलासा किया है और बाताया है कि कैसे एक डायरेक्टर ने उन्हें ये कहते हुए रिजेक्ट कर दिया था कि वह पोस्टर में अच्छी नहीं लगेंगी.इंडियन एक्सप्रेस के साथ बातचीत में एक सवाल का जवाब देते हुए नुसरत भरुचा ने कहा, वह टॉप एक्ट्रेस बनने के लिए फाइट नहीं करती हैं, और ना ही वह इन सब में यकीन ही करती हैं. वह यह भी नहीं समझती है कि इसका क्या मतलब है. रिपोर्ट के अनुसार, एक्ट्रेस ने आगे खुलासा करते हुए कहा मुझे बताया गया है कि आप पोस्टर पे अच्छे नहीं लगोगी सोचिए, क्या वे फिल्में बना रहे हैं या सिर्फ पोस्टर? आप कभी भी किसी फिल्म को सिर्फ पोस्टर वैल्यू पर नहीं बेच सकते. तो हां, मैं इन भाषाओं के बारे में बहुत कुछ सुनती हूं और इसलिए शायद मुझे नए लोगों के साथ काम करना अच्छा लगता है. वे प्यार का पंचनामा, प्यार का पंचनामा 2, सोनू की स्वीटीज बना सकते हैं और उनकी बोलती बंद कर सकते हैं. मुझे लगता है कि आखिर में अगर आपका काम आपका साथ देता है तो ये सभी मिथक टूट सकते हैं.

**नुसरत भरूचा ने ड्रीम गर्ल 2 के बारे में बात की**

बता दें कि हाल ही में 'द टाइम्स ऑफ इंडिया' के साथ एक इंटरव्यू में नुसरत भरुचा ने आयुष्मान को इंडस्ट्री में सबसे करीबी दोस्त कहा. अभिनेत्री ने कहा कि जब फिल्म रिलीज होगी तो वह पूरी टीम को चीयर करेंगी क्योंकि वह उन सभी के करीब हैं. नुसरत ने कहा,जब आपने एक ऐसी फिल्म की है, जिसे अच्छी तरह से सराहा गया है, तो आप उससे जुड़ जाते हैं. 'ड्रीम गर्ल' का हमेशा एक खास कनेक्शन होता है. साथ ही क्योंकि आयुष्मान के साथ काम करना वास्तव में एक खुशी की बात थी, और वह कुछ ऐसा है जिन्हें मैं ईमानदारी से इंडस्ट्री से अपना सबसे करीबी दोस्त कहता हूं. वह एकमात्र व्यक्ति थे जिन्होंने मुझे तब कॉल किया मैं बीमार पड़ गई थी और चक्कर आ गया था. बता दें कि नुसरत -आयुष्मान की ड्रीम गर्ल ( Dream Girl), फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई थी. फिल्म को लोगों ने काफी पसंद किया था.

# परिणीति

## ने शेयर की सगाई की पहली तस्वीर, राघव संग हुईं रोमांटिक



परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा ने आधिकारिक तौर पर सगाई कर ली है और उन्होंने सगाई की प्यारी सी तस्वीरें भी साझा की हैं।परिणीति ने अपने इंस्टाग्राम पर एक कैरोसेल पोस्ट डाला और तस्वीरों को कैप्शन दिया, सब कुछ मैंने प्रार्थना की .. मैंने कहा हां! वाहेगुरु जी मेहर करना।

**VIP गेस्ट हुए शामिल**

परिणीति और राघव ने 13 मई को दिल्ली के कपूरथला हाउस में एक-दूसरे को अंगूठी पहनाई।

इस इवेंट में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल समेत कई दिग्गज हस्तियां शामिल हुई।

**हुए रोमांटिक**

जहां राघव अपने मामा, फैशन डिजाइनर पवन सचदेवा की डिजाइन किए गए मिनिमलिस्ट अचकन में नजर आए, वहीं परिणीति मनीष मल्होत्रा के बेज कलर के लहंगे में दिखाई दीं।

**काफी समय से आ रही हैं डेटिंग की खबरें**

परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा की डेटिंग की खबर तब सामने आई जब दोनों के एक दिल्ली में एक लंच डेट के बाद रेस्त्रां से निकलते हुए स्पॉट किया गया।

इसके बाद से लागातर इसकी शादी और सगाई को लेकर खबरें सामने आती रही। हाल ही में दोनों ने साथ में आईपीएल का एक मैच भी देखा।

**प्रियंका चोपड़ा हुईं शामिल**

इस फंक्शन में शामिल होने के लिए प्रियंका चोपड़ा शनिवार सुबह ही दिल्ली पहुंचीं। वह और उनके भाई सिद्धार्थ एक फोटो-ऑफ सेशन के लिए बाहर निकल गए क्योंकि वे सगाई में शामिल हुए थे। समारोह से प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनास और बेटी मालती मैरी शामिल नहीं हुए।

## दो कंपनियों के शेयर बेचकर 21 हजार करोड़ रुपये जुटाएगा अडाणी समूह




**नई दिल्ली।** कारोबारी गौतम अडाणी की अडाणी समूह अपनी दो कंपनियों के शेयर बेचकर लगभग 21 हजार करोड़ रुपये जुटाएगा। अमेरिकी वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से धोखाधड़ी के आरोप लगने के बाद भारी नुकसान उठाने वाले अडाणी समूह का यह निर्णय बहुत जोखिम भरा माना जा रहा है।

अडाणी समूह ने शेयर बाजार को बताया कि वो अपनी दो कंपनियों के शेयर बेचकर करीब 21 हजार करोड़ रुपये जुटाएगा। अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने 12,500 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है, जबकि दूसरी कंपनी अडाणी ट्रांसमिशन शेष 8,500 करोड़ रुपये जुटाएगी। अडाणी समूह ने हिंडनबर्ग के सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

समूह की अक्षय ऊर्जा वाली शाखा अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का निदेशक मंडल भी आज धन जुटाने के लिए मिलने वाला था, लेकिन यह बैठक अब 24 मई के लिए टाल दी गई है। धन संग्रह योग्य संस्थागत खरीदारों को शेयर जारी करने के जरिए होगा। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि यूरोप और मध्य पूर्व के निवेशकों ने इसमें काफी दिलचस्पी दिखाई है।

## जाली नोट मामले में कथित संलिप्तता के आरोप में एनआईए ने एक को किया गिरफ्तार, 12 तलवार भी बरामद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कहा कि महाराष्ट्र के नौपाड़ा में दर्ज 2021 के जाली नोट मामले में कथित संलिप्तता के लिए एक और व्यक्ति को 12 तलवारों के साथ गिरफ्तार किया गया है। संघीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि राज्य भर में कई स्थानों पर दो दिनों की तलाशी के बाद मोहम्मद फयाज शिकिलकर नाम के तीसरे व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि शिकिलकर को 12 धारदार तलवारें और




अन्य आपत्तिजनक सामग्री रखने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। प्रवक्ता ने कहा, एनआईए की जांच से पता चला है कि आरोपी नकली नोटों के प्रसार रैकेट से जुड़ा था और डी-कंपनी के संपर्क में था। एनआईए ने कहा कि बुधवार को छह स्थानों पर आरोपियों और संदिग्धों के घरों और कार्यालयों की तलाशी के दौरान बरामद सामग्रियों के आधार पर मुंबई निवासी 33 वर्षीय शिकिलकर को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में मुंबई के रियाज और नासिर नाम के दो लोग पहले से ही न्यायिक हिरासत में हैं। उनके पास से 2,000 रुपये के जाली नोट जब्त किए गए थे।

## ज्यादातर edible oil तिलहन के भाव टूटे

**नई दिल्ली।** दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में ज्यादातर तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट का रुख रहा। सरसों तिलहन, मूंगफली तेल तिलहन, सोयाबीन तिलहन तथा सोयाबीन दिल्ली एवं सोयाबीन इंदौर तेल और बिनौला तेल के भाव गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर सस्ते आयातित तेलों की वजह से कमजोर मांग के बीच सरसों तेल, सोयाबीन डीगम तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल की कीमतें पूर्वस्तर पर बनी रहीं। बाजार के जानकार सूत्रों ने बताया कि नवंबर 2021 से अप्रैल 2022 तक के छह महीनों में देश में खाद्यतेलों का आयात 67.07 लाख टन था। यह आंकड़ा नवंबर 2022 से अप्रैल 2023 तक रिकॉर्ड बढ़त के साथ लगभग 81.1 लाख टन हो गया। इसकी मुख्य वजह, सूरजमुखी तेल के दाम में भारी गिरावट आना है। दूसरी ओर सूरजमुखी तेल से महंगा होने की वजह से मांग कमजोर रहने के कारण कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल का आयात अप्रैल में अपने पिछले महीने के मुकाबले लगभग 31 प्रतिशत घटा है। आगे इस तेल में और गिरावट संभव है। सबसे सस्ता खाद्यतेल होने के कारण मार्च 2023 के मुकाबले अप्रैल में सूरजमुखी तेल (सॉफ्ट आयल) का आयात लगभग 68 प्रतिशत बढ़ा है।

# एससीओ देशों ने डीपीआई पर भारत का प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकारा : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय निकाय शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों ने डिजिटल सार्वजनिक ढांचे (डीपीआई) को विकसित करने के लिए भारत के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया है। केंद्रीय आईटी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एससीओ सदस्य देशों के साथ मंत्री स्तरीय बैठक के बाद यह जानकारी दी।

वैष्णव ने कहा कि एससीओ सदस्य देशों के डिजिटल मंत्रियों ने अपने-अपने यहां डिजिटल प्रौद्योगिकी लागू करने के लिए डीपीआई को लागू करने के भारत के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि भारत ने यूपीआई स्वीकार्यता के लिए पहले से ही करीब दर्जनभर देशों के साथ करार




किया है। आईटी मंत्री ने बताया कि भीम यूपीआई क्यूआर इस समय सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), मॉरीशस, नेपाल और भूटान में स्वीकार किए जा चुके हैं। दरअसल भारत ने जनता तक आसानी से सेवाएं पहुंचाने के लिए यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई), आधार जैसे डीपीआई को विकसित किया है। सरकार ने जी-20 अध्यक्षता में अपनी जिम्मेदारी के हिस्से के रूप में बिना किसी शुल्क के विभिन्न देशों को प्रौद्योगिकी का लाभ देने की पेशकश करने के लिए संपर्क करना शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि एससीओ में आठ सदस्य देश चीन, भारत, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। इसके अलावा 4 पर्यवेक्षक देश अफगानिस्तान, बेलारूस, ईरान और मंगोलिया जबकि छह वार्ता साझेदार अर्मेनिया, अजरबैजान, कंबोडिया, नेपाल, श्रीलंका और तुर्किये हैं।

## डीएलएफ चालू वित्तवर्ष में करीब 20,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू करेगी

**नई दिल्ली।** प्रमुख रियल्टी कंपनी डीएलएफ लिमिटेड अगले साल मार्च तक 19,710 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू करेगी। कंपनी ने मजबूत आवास मांग के कारण चालू वित्तवर्ष में लगभग 12,000 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। डीएलएफ ने बताया कि उसकी बिक्री बुकिंग पिछले वित्त वर्ष में दोगुनी होकर रिकॉर्ड 15,058 करोड़ रुपये हो गई, जो 2021-22 में 7,273 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने अपनी आवास परियोजना 'द आर्बर' से 8,000 करोड़ रुपये कमाए। इस परियोजना को मार्च तिमाही के दौरान गुरुग्राम में शुरु किया गया था। डीएलएफ के सीईओ अशोक त्यागी ने निवेशकों से बातचीत के दौरान कहा, ''वित्तवर्ष 2022-23 के लिए बिक्री वास्तव में 10,000-11,000 करोड़ रुपये के बीच होनी चाहिए... वित्तवर्ष 2023-24 में हमें 11,000-12,000 करोड़ रुपये की बिक्री का अनुमान है। पिछले वित्तवर्ष में रिकॉर्ड बिक्री बुकिंग से उत्साहित होकर डीएलएफ ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 1.12 करोड़ वर्ग फुट क्षेत्र में 19,710 करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू करने की तैयारी की है। इस वित्तवर्ष में पेश होने वाली अधिकांश परियोजनाएं दिल्ली-एनसीआर और चेन्नई में आवासीय खंड में होंगी।



# सरकार ने स्थापित किया त्वरित कॉरपोरेट निकास प्रसंस्करण केंद्र

**नई दिल्ली।** सरकार ने त्वरित कॉरपोरेट निकास प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस) को स्थापित किया है। इससे कंपनियों की समापन प्रक्रिया को केंद्रीकृत करने, रजिस्ट्री को न्यायसंगत बनाने के साथ हितधारकों को अधिक सार्थक डेटा की उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। इसके अलावा रजिस्ट्री पर अनावश्यक बोझ को कम करने में भी सहायता मिलेगी।

कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने जारी एक बयान में कहा कि उसने त्वरित कॉर्पोरेट निकास प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस) की स्थापना की है। इससे कंपनियों का रिकॉर्ड समय पर और तय प्रक्रिया के तहत विपंजीकरण सुनिश्चित किया जा सकेगा। इसके साथ ही संबंधित लोगों को और सार्थक आंकड़ा भी उपलब्ध कराया जा सके। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के तहत स्थापित सी-पेस से हितधारकों को समस्या मुक्त फाइलिंग, समय पर और प्रक्रिया-बद्ध तरीके से रजिस्टर से उनकी कंपनी के नाम हटाने की सुविधा




मिलेगी। इसके अलावा रजिस्ट्री पर अनावश्यक बोझ को कम करने में भी सहायता मिलेगी। यह केंद्र मानेसर स्थित भारतीय कॉरपोरेट कार्य संस्थान (आईआईसीए) में स्थित है, जो दिल्ली स्थित कॉर्पोरेट कार्य (डीजीसीओए) के महानिदेशक के अंतर्गत कार्य करेगा।

एमसीए के मुताबिक अनुच्छेद 396 की उप-धारा (1) के तहत स्थापित सी-पेस संस्था का संचालन आवेदनों के प्रसंस्करण और निपटान के कार्यात्मक अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करने के उद्देश्यों हेतु कंपनी रजिस्ट्रार (आरओसी) के माध्यम से किया जाएगा। सी-पेस कार्यालय का उद्घाटन एक मई को एमसीए के निदेशक आर. के. डालमिया ने किया। आईसीएलएस के हरिहर साहू को सी-पेस कार्यालय के पहले रजिस्ट्रार के तौर पर नियुक्त किया गया है।

## जी-7 : वित्तीय नेतृत्व का मुद्रास्फीति नियंत्रण व आपूर्ति शृंखला पर जोर, चीन का खुलेतौर पर जिक्र नहीं

**नई दिल्ली।** दुनिया के अमीर देशों के समूह जी-7 के शीर्ष वित्तीय नेतृत्व ने यूक्रेन के समर्थन व रूसी हमलों के विरुद्ध उस पर प्रतिबंध लागू रखने का संकल्प लिया। हालांकि उन्होंने चीन का खुलेतौर पर जिक्र नहीं किया। इसके साथ खत्म हुई जी-7 के वित्त मंत्रियों व बैंक प्रमुखों (वित्तीय नेतृत्व) की बैठक में अमेरिकी ऋण संकट, बढ़ती महंगाई पर चिंता व मुद्रास्फीति नियंत्रण पर प्रतिबद्धता जताई गई।

इस तीन दिनी वार्ता में सभी ने स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के विकास के लिए स्थिर और विविध आपूर्ति शृंखलाओं के निर्माण में सहयोग के लिए विश्व स्तर पर आर्थिक लचीलापन बढ़ाने की प्रतिबद्धता भी जताई। वित्तीय नेतृत्व ने अगले सप्ताह हिरोशिमा में जी-7 नेताओं शिखर सम्मेलन के लिए एक आधार तैयार किया, जिसमें अमेरिकी ऋण सीमा पर संकट के बावजूद राष्ट्रपति बाइडन शामिल हो सकते है।

**वैश्विक आपूर्ति शृंखला में विविधता पर सहमति**

जी-7 के वित्तीय नेतृत्व ने वर्ष के अंत तक वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में विविधता लाने के लिए एक योजना पर सहमति




**इस तीन दिनी वार्ता में सभी ने स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के विकास के लिए स्थिर और विविध आपूर्ति शृंखलाओं के निर्माण में सहयोग के लिए विश्व स्तर पर आर्थिक लचीलापन बढ़ाने की प्रतिबद्धता भी जताई।**

व्यक्त की। यह योजना ऊर्जा सुरक्षा की सुरक्षा में योगदान देगी। मसौदा विज्ञप्ति में कहा गया कि हम बैंकिंग प्रणाली में डाटा, पर्यवेक्षी और नियामक अंतराल को भी शामिल करेंगे। वर्तमान अध्यक्ष जापान ने आपूर्ति शृंखलाओं में विविधता और बीजिंग पर उनकी भारी निर्भरता को घटाने पर जोर दिया।

# बैंकों को एनबीएफसी के कर्ज देने के तरीकों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए : एसबाईआई एमडी

**नई दिल्ली।** बैंक जिन गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को उधार देते हैं, उन्हें ऐसे एनबीएफसी के कर्ज देने के तरीकों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के प्रबंध निदेशक सी एस शेट्टी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि एनबीएफसी और सूक्ष्मवित्त संस्थानों (एमएफआई) को बड़े बैंकों की तरह ही जोखिम मूल्यांकन और ऋण निगरानी के सिद्धांतों का पालन करना चाहिए। गौरतलब है कि बैंक एनबीएफसी या एमएफआई को उधार देते हैं और आगे कर्ज देने की व्यवस्था उनकी




होती है। ये संस्थान ऋण देने के लिए अपने वितरण और संग्रह तंत्र का इस्तेमाल करते हैं।शेट्टी ने कहा, बैंक जिन गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को उधार देते हैं, उन्हें ऐसे एनबीएफसी को कर्ज देने के तरीकों पर कड़ी नजर रखनी चाहिए। एनबीएफसी को बड़े बैंकों की तरह ही जोखिम मूल्यांकन और ऋण निगरानी के सिद्धांतों का पालन करना चाहिए, जिनसे वे उधार लेते हैं। उन्होंने कहा कि बैंकों के कर्ज का एक अच्छा हिस्सा एनबीएफसी और एमएफआई को दिया जाता है, इसलिए जोखिम का अच्छी तरह आकलन करना चाहिए। शेट्टी ने कहा कि एक बैंकर का काम जोखिम का आकलन करना, उसे कम करना और उसकी कीमत तय करना है। उन्होंने यह भी कहा कि एसबीआई 65,000 व्यापार प्रतिनिधि के नेटवर्क को तेजी से बढ़ाने पर विचार नहीं कर रहा है, बल्कि उन्हें अधिक सक्षम बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

## डी-मार्ट का मार्च तिमाही का शुद्ध लाभ 7.8 प्रतिशत बढ़कर 460.1 करोड़ रुपये पर

**नई दिल्ली।** रिटेल श्रृंखला डी-मार्ट का संचालन करने वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड का बीते वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में शुद्ध लाभ 7.8 प्रतिशत बढ़कर 460.1 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। कंपनी ने जनवरी-मार्च, 2022 तिमाही में 426.75 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने बताया कि चौथी तिमाही में उसकी परिचालन से कुल आय 20.57 प्रतिशत बढ़कर 10,594.11 करोड़ रुपये हो गई, जो जनवरी-मार्च, 2022 में 8,786.45 करोड़ रुपये थी। एवेन्यू सुपरमार्ट्स का बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में कुल व्यय 10,002.21 करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले वर्ष की समान तिमाही के 8,210.13 करोड़ रुपये से 21.82 प्रतिशत ज्यादा है। कंपनी की मार्च तिमाही में 20.5 प्रतिशत वृद्धि के साथ कुल आय 10,627.18 करोड़ रुपये रही। पूरे वित्त वर्ष 2022-23 में शुद्ध लाभ 59.36 प्रतिशत वृद्धि के साथ 2,378.34 करोड़ रुपये रहा, जबकि इससे पिछले वर्ष में यह 1,492.40 करोड़ रुपये था। कंपनी की परिचालन से एकीकृत आय 2021-22 से 38.3 प्रतिशत वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 2022-23 में 42,839.56 करोड़ रुपये रही।

# 2046 तक नेट जीरो हासिल करने के लिए अग्रसर है इंडियन ऑयल : कार्यपालक निदेशक

**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी के कार्यपालक निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख आर.के. झा ने कहा है कि आगे आने वाले दशकों में पारंपरिक ईंधन की मांग बढ़ने की संभावना है। जो इंडियन ऑयल द्वारा रिफाइनरियों में 2.4 लाख करोड़ के निवेश को औचित्य प्रदान करता है। इसमें पेट्रोकेमिकल यूनिटों का विस्तार भी शामिल है।

आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि भारत की प्रति व्यक्ति पेट्रोलियम केमिकल की खपत वर्तमान में 12 किलोग्राम है, जो वैश्विक प्रति व्यक्ति खपत 35 किलोग्राम से काफी कम है। यह अंतर एक जबरदस्त व्यापार अवसर का संकेत देता है जो बढ़ते जीडीपी के साथ आगे बढ़ेगा। सतत विकास और हरित भविष्य के निर्माण में नेट जीरो प्रतिबद्धता के साथ हरित विकल्पों पर ध्यान बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इंडियन ऑयल 2046 तक नेट जीरो हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिसके लिए हरित ईंधन का उत्पादन बढ़ाने, निम्न कार्बन ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को अपनाने, ऊर्जा दक्षता में वृद्धि, ताजे पानी के पदचिन्हों को कम करने, हरित ऊर्जा के उपयोग को अधिकतम करने, हरित कवर का विस्तार करने, जैव-विविधता की रक्षा करने, कार्बन फुटप्रिंट्स को कम करने इत्यादि पर व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहे हैं।बरौनी रिफाइनरी सतत विकास की दिशा में नेट जीरो 2046 लक्ष्य की ओर सार्थक कदम बढ़ा रही है। इसके लिए सभी पर्यावरणीय मानकों का पालन किया जा रहा है। ग्रीन बेल्ट और बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जा रहा है। 445 एकड़ जमीन पर एक लाख 65 हजार पेड़ मुंगेर में लगाए गए और बेगूसराय में भी पेड़ लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा रिफाइनरी में




नैचुरल गैस के उपयोग, सोलर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन, ग्रिड पावर, इत्यादि पर भी कार्य किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि बरौनी रिफाइनरी ने 58 वर्षों में 2018-19 में 6661.2 टीएमटी के पिछला सर्वश्रेष्ठ को पार करते हुए 2022-23 में अब तक का सर्वाधिक क्रूड थ्रूपुट 6785.4 टीएमटी हासिल किया। इसके साथ ही अब तक का सबसे कम फ्युल एवं लॉस, एमबीएन और एनर्जि एफिसिएनसी इंडेक्स (ईआईआई) भी हासिल किया। जिससे रिफाइनरी की ऊर्जा दक्षता का पता चलता है।

इसके अलावा परिचालन उपलब्धता फाक्टर, ओवेरऑल थर्मल एफिसिएनसी, पावर प्लांट में ईंधन की खपत एवं विशिष्ट जल खपत के पैरामीटर पर भी बेहतरीन प्रदर्शन दिया। बीआर ने पेट्रोल एवं इथेनोल मिश्रित पेट्रोल, रिफॉर्मेट, हवाई ईंधन, डीजल, अलकतरा, लो सल्फर हैवी स्टॉक (एलएसएचएस), पेट्रोलियम कोक और सल्फर का अब तक का सर्वाधिक उत्पादन एवं प्रेषण किया। प्रमुख माध्यमिक इकाइयों डीएचडीटी, इंडजेट, प्राइमजी (नया पुराना), कोकर-ए और बिटुरॉक्स का अब तक का उच्चतम थ्रूपुट भी हासिल किया। बीआर ने वर्ष के दौरान अब तक के सर्वाधिक 11 विभिन्न प्रकार के नए क्रूड को प्रोसेस किया। जिससे बीआर क्रूड बास्केट में विविधता लाने की क्षमता का प्रदर्शन हुआ। इसके साथ ही मेक इन इंडिया पहल के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में इंडियन ऑयल और ईआईएल द्वारा निर्मित स्वदेशी तकनीक पर आधारित इंडजेट यूनिट को कमीशन किया गया । भारत का पहला और विश्व का तीसरा ग्रीन कूलिंग टॉवर स्थापित किया गया।

एसिड गैस और सावर गैस के प्रसंस्करण के लिए एसआरयू के एमसीसी में स्थापित न्यू स्प्लिट फ्लो कॉन्फिगरेशन शामिल था। जिससे 28 करोड़ प्रति वर्ष के बराबर 44 सौ एसआरएफटी की बचत हुई। इसके साथ ही डीजल एक्सॉस्ट फ्लुइड (डीईएफ) संयंत्र जो दो हजार सीसी से अधिक क्षमता वाले सभी भारी डीजल वाहनों में अनुमेय सीमा से नीचे निकास गैसों में एनओएक्स उत्सर्जन को कम करने के लिए एससीआर प्रणाली की आवश्यकता को पूरा करता है।

उन्होने कहा कि बरौनी रिफाइनरी के क्षितिज को पूरी तरह से बदलने वाली बीआर-9 विस्तारिकरण परियोजना गतिशीलता से आगे बढ़ रही है और दिसम्बर 2024 तक इसके पूरी होने की योजना है। 220 केवी ग्रिड पावर और नैचुरल गैस परियोजना पर भी कार्य प्रगति पर है। इसे अगले दो-तीन महीनो में कमीशन किया जाएगा। उन्होंने सीएसआर और सीईआर के रूप में सामुदायिक विकास परियोजनाओं के माध्यम से बेगूसराय के स्थानीय समुदायों और लोगों के लिए की जाने वाली योजना तथा भविष्य की परियोजना की भी जानकारी दी।

## भारत को शीर्ष-3 अर्थव्यवस्था में देखना सरकार का लक्ष्य, जापान और जर्मनी से ज्यादा पीछे नहीं

**नई दिल्ली।** आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार का लक्ष्य 2026-27 तक भारत को दुनिया की शीर्ष-3 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करना है। जापान और जर्मनी से हम बहुत पीछे नहीं हैं। ऐसे में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनना हमारे लक्ष्य के मुताबिक है। उन्होंने कहा, सरकार का ध्यान अपनी बेहतर नीतियों के जरिये भारत को वैश्विक मूल्य शृंखलाओं में एक गंभीर और प्रतिस्पर्धी भागीदार बनने के लिए आगे बढ़ाने पर है। एपल, सैमसंग और सिस्को जैसी कंपनियां अब भारत आ रही हैं।

**निर्माण और डिजाइन में पैदा हुए अवसर**

सरकार ने सिर्फ 14 महीने में निर्माण और डिजाइन में मौके पैदा किए हैं। भारत 2024 तक 100 सेमीकंडक्टर डिजाइन स्टार्टअप बनाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। इस क्षेत्र में जल्द 85 हजार उच्च कुशल पेशेवरों का प्रतिभा पूल होगा।

**समीक्षा बैठक में लगातार घाटे में चल रहे क्षेत्रीय ग्रामीणबैंकों पर हुईचर्चा**

वित्त मंत्रालय ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) से कहा कि वे वित्तीय समावेश के मामले में प्रदर्शन सुधारने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में कर्ज वितरण में सुधार करें।? वित्तीय सेवाओं के विभाग के सचिव विवेक जोशी की अगुवाई में हुई क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की समीक्षा बैठक में इन बैंकों की वित्तीय व्यवहार्यता योजनाओं पर चर्चा की गई। इसकी वजह यह है कि कुछ आरआरबी घाटे में चल रहे हैं। बैठक के दौरान जोशी ने कहा कि आरआरबी को वित्तीय समावेश की दिशा में सरकारी प्रयासों के अनुरूप कदम उठाने होंगे। बैठक में वित्तीय सेवाओं के विभाग, आरबीआई, नाबार्ड, प्रायोजक बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आरआरबी के चेयरपर्सन भी शामिल हुए।

**कार्वी के पूर्व अधिकारियों पर 1.9 करोड़ का जुर्माना**

बाजार नियामक सेबी ने कार्वी समूह के चार पूर्व अधिकारियों पर 1.9 करोड़ का जुर्माना लगाया है। इसका भुगतान 45 दिन में करना है। ग्राहकों की पूंजी की हेराफेरी से जुड़े मामलों में नियमों के उल्लंघन पर यह कार्रवाई की गई है।?

**विदेशी मुद्रा भंडार 7.2 अरब डॉलर बढ़ा, 11 माह के शीर्ष पर**

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5 मई को समाप्त सप्ताह में 7.2 अरब डॉलर बढ़कर 595.98 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। यह इसका 11 महीने का



उच्च स्तर है। इससे पिछले सप्ताह भंडार 4.53 अरब डॉलर घटकर 588.78 अरब डॉलर के स्तर पर आ गया था। आरबीआई के शुक्रवार के आंकड़ों के मुताबिक, 5 मई वाले सप्ताह में विदेशी मुद्रा संपत्ति 6.53 अरब डॉलर बढ़कर 526.02 अरब डॉलर पहुंच गई।?सोने का भंडार 65.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 46.31 अरब डॉलर पर पहुंच गया।?देश का विदेशी मुद्रा भंडार अक्तूबर, 2021 में 645 अरब डॉलर के सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।?उसके बाद रुपये में गिरावट रोकने के लिए आरबीआई ने डॉलर बेचना शुरू कर दिया था।

## अफगानिस्तान में इस साल भी टूटा पोलियो सुरक्षा चक्र, चार वर्षीय लड़की बीमार



**काबुल।** अफगानिस्तान में इस साल पोलियो सुरक्षा चक्र टूट गया। यहां नांगरहार प्रांत में एक चार साल की लड़की पोलियो वायरस से संक्रमित पाई गई है। तालिबानी हुकूमत के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि 2023 में देश में पोलियो सुरक्षा चक्र टूटने की यह पहली घटना है। मंत्रालय का कहना है कि इस साल यह दुनिया का दूसरा मामला है। अफगानिस्तान में साल 2020 में 56, 2021 में चार और 2022 में दो बच्चे पोलियो वायरस की गिरफ्त में आए थे। अधिकारियों का कहना है कि यह बीमारी पाकिस्तान और अफगानिस्तान के सीमावर्ती क्षेत्र में अधिक है। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में पोलियो विरोधी टीमों पर आतंकी हमले होते रहते हैं।

## नेपाल: यूएमएल अध्यक्ष ओली ने की पार्टी के भीतर संघवाद विरोधी गतिविधियों की आलोचना

**काठमांडू।** नेपाल की मुख्य विपक्षी पार्टी सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने संघवाद के खिलाफ पार्टी के भीतर उठने वाली आवाज की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि पार्टी में संघवाद विरोध का सुझाव चर्चा का विषय नहीं है। केंद्रीय सदस्य बिष्णु रिजाल ने आज केंद्रीय समिति की बैठक में ओली द्वारा दिए गए बयान का हवाला दिया और कहा कि यूएमएल संघवाद विरोधी मुद्दे को नहीं अपना सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यूएमएल संघवाद के साथ लोकतांत्रिक गणराज्य के पक्ष में मजबूती से खड़ा रहेगा। यूएमएल ने संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य पर हमला होने की आशंका जताते हुए संबंधित पक्षों से इसे तुरंत रोकने के लिए सतर्क रहने का अनुरोध भी किया है। बैठक में यूएमएल के ओली के करीबी नेताओं महेश बासनेत और गोकुल बासकोटा ने पार्टी को संघवाद को खत्म करने के एजेंडे को अपनाने का सुझाव दिया था। 2015 में नेपाल की संविधान सभा ने संघवाद, धर्मनिरपेक्षता और गणतांत्रिक शासन प्रणाली के साथ एक संविधान बनाया था। हालांकि, हाल ही में नेपाली कांग्रेस और सीपीएन (यूएमएल) के प्रभावशाली नेता इसके खिलाफ नजर आने लगे हैं।



## जिन्ना हाउस-जीएचक्यू में तोड़फोड़ की जांच करेगी जेआईटी, पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने दिए आदेश

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद उच्च न्यायालय से हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पीटीआई पार्टी समर्थकों की एक बड़ी भीड़ ने पूरे पाकिस्तान में बड़े पैमाने पर हिंसक विरोध प्रदर्शन किया था। हिरासत में लिए जाने के कुछ घंटे बाद भीड़ कमांडर कोर के आवास और जीएचक्यू में घुस गई थी। इस दौरान उन्होंने जमकर तोड़फोड़ और आगजनी की थी। हालांकि, इमरान दो दिन बाद रिहा हो गए और घर लौट आए हैं। इस बीच, पंजाब प्रांत के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी ने कोर कमांडर आवास उर्फ जिन्ना हाउस में आगजनी और तोड़फोड़ की घटना की जांच के लिए एक संयुक्त पूछताछ दल (जेआईटी) का गठन किया है।

उन्होंने एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की जिस दौरान प्रांत के महानिरीक्षक (आईजी) ने उन्हें शांति और सुरक्षा की स्थिति पर अपडेट प्रदान किया। आईजी की ओर से अपडेट मिलने के बाद कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने जिन्ना हाउस और जनरल मुख्यालय (जीएचक्यू) सहित अन्य सरकारी स्वामित्व वाली इमारतों में तोड़फोड़, आगजनी और घेराबंदी की घटना की जांच के लिए एक जेआईटी का गठन किया। कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने जेआईटी को घटनाओं की जांच करने और एक विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया, जिसे सरकार को दिया जाएगा। उन्होंने उन इलाकों में फेंसिंग करने का भी आदेश दिया जहां तोड़फोड़ और आगजनी की घटना हुई है।

# अमेरिका में भारतीय मूल की गीता को विदेश मंत्रालय में अहम जिम्मेदारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय मूल की डॉ. गीता राव गुप्ता को विदेश मंत्रालय में अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। अमेरिकी सीनेट ने उन्हें विदेश मंत्रालय में महिलाओं से संबंधित वैश्विक मुद्दों के लिए 'एंबेसडर एट लार्ज' नियुक्त करने पर मुहर लगा दी।

विदेश मंत्रालय ने ट्वीट किया कि वह गीता राव गुप्ता के अमेरिकी विदेश नीति के माध्यम से महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों को बढ़ावा देने के प्रयासों से प्रभावित है। इस सप्ताह की शुरुआत में सीनेट में हुए मतदान में इस पद पर नियुक्त के लिए 51-47 मतों से गीता के नाम की पुष्टि की गई। भारतीय-अमेरिकी गीता राव गुप्ता ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की विभिन्न एजेंसियों और कार्यक्रमों के साथ मिलकर काम किया है। वह यूएन फाउंडेशन के लड़कियों और महिलाओं के लिए 3डी कार्यक्रम



के कार्यकारी निदेशक के रूप में भी काम कर चुकी हैं। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस नई भूमिका के लिए गुप्ता को नामांकित किया था।यूएन फाउंडेशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पीटर येओ और यूएन फाउंडेशन की लड़कियों और महिलाओं की रणनीति के उपाध्यक्ष मिशेल मिलफोर्ड मोर्स ने कहा कि अमेरिकी वैश्विक नेतृत्व में गीता गुप्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। दोनों ने उम्मीद जताई है कि डॉ. गुप्ता नई भूमिका को विशिष्टता के साथ पूरा करेंगी।

# सीमा विवाद को कूटनीतिक माध्यम से सुलझाएं: बिद्यादेवी भंडारी

**काठमांडू।** नेपाल की पूर्व राष्ट्रपति विद्यादेवी भंडारी ने शनिवार को कहा कि भारत के साथ नेपाल की सीमा को लेकर स्पष्टता जरूरी है। भंडारी ने इस बात पर जोर दिया कि सीमा विवाद को पड़ोसी देशों के साथ कूटनीतिक माध्यम से सुलझाया जाना चाहिए। उन्होंने राजनीतिक दलों और नेताओं से कूटनीतिक भूमिका निभाते हुए संवेदनशील रहने को भी कहा।

भंडारी ने भारत-नेपाल सीमा पर लिखी गई एक किताब के विमोचन के अवसर पर यह बात कही। डॉ. अच्युत गौतम और डॉ सुरेंद्र भंडारी द्वारा संयुक्त रूप से लिखी गई यह किताब लिंपियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी के बारे में है। राष्ट्रपति पद पर कार्यकाल खत्म होने के बाद पहली बार बिद्यादेवी भंडारी का भारत से लगी सीमा पर बोलना महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि भारत के अधीन आने वाले कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा नेपाल के हैं। उल्लेखनीय है कि लिंपियाधुरा, लिपुलेख और कालापानी भारत के अधिकार क्षेत्र में हैं, लेकिन नेपाल ने मई 2020 में जारी अपने नए नक्शे में इसका जिक्र किया है। उस वक्त सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली प्रधानमंत्री थे, जबकि बिद्यादेवी भंडारी राष्ट्रपति थीं। उस दौरान इस नए नक्शे का सत्यापन किया गया था। इस नक्शे के कारण दोनों देशों के



बीच सीमा विवाद छिड़ गया था। पूर्व राष्ट्रपति भंडारी ने कहा कि अपने राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा के प्रति संवेदनशील होने के साथ-साथ अन्य देशों के हितों और सुरक्षा के प्रति भी संवेदनशील होना चाहिए। पूर्व राष्ट्रपति भंडारी का यह बयान तब आया है जब सीपीएन (यूएमएल) की सक्रिय राजनीति में उनकी वापसी की चर्चा जोरों पर है।

# 'तब आप पैदा भी नहीं हुए थे, जब मैं...'इमरान ने पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता को दिया खुला चैलेंज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी के मुखिया इमरान खान मुखर होकर सेना की आलोचना कर रहे हैं। अब अपने ताजा बयान में इमरान खान ने सेना को खुला चैलेंज देते हुए कहा है कि अगर वह राजनीति करना चाहते हैं तो अपनी राजनीतिक पार्टी बना लें। इमरान खान ने पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग के डीजी मेजर जनरल अहमद शरीफ चौधरी का नाम लेकर उनपर निशाना साधा।

**सेना पर जमकर बरसे इमरान**

जेल से रिहा होने के बाद इमरान खान ने लाहौर में अपने आवास पर एक जनसभा को संबोधित किया। बता दें कि पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग के चीफ मेजर जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने हाल ही में इमरान खान को अपने एक बयान में 'पाखंडी' कहा था। इस पर निशाना साधते हुए इमरान खान ने कहा कि 'सुनो मिस्टर डीजी आईएसपीआर....तब आप पैदा भी नहीं हुए थे, जब मैं दुनिया में देश का प्रतिनिधित्व कर रहा था और इसका नाम रोशन कर रहा था। तुम्हें, मुझे पाखंडी कहने पर शर्म आनी चाहिए।'

**राजनीतिक पार्टी क्यों नहीं बना लेती सेना**

इमरान ने कहा कि 'आप राजनीति कर रहे हैं तो आप अपनी



राजनीतिक पार्टी क्यों नहीं बना लेते। आपको किसने अधिकार दिया कि आप मेरे ऊपर इस तरह के आरोप लगाएं। ऐसा बोलते हुए कुछ तो शर्म करो।' पीटीआई चीफ ने कहा कि 'जब वह प्रधानमंत्री थे तो सेना की छवि अच्छी थी लेकिन जब तत्कालीन आर्मी चीफ ने मेरी पीठ में छुरा घोंपा और पाकिस्तानी के सबसे भ्रष्ट लोगों को सत्ता में लेकर आए तो लोगों ने सेना की आलोचना करना शुरू किया। सेना की आलोचना मेरी वजह से नहीं बल्कि पूर्व आर्मी चीफ की वजह से हो रही है।'

**'ईस्ट पाकिस्तान जैसी ज्यादती हो रही पीटीआई पर'**

बीते दिनों इमरान खान की गिरफ्तारी पर पाकिस्तान में जमकर हिंसा हुई थी। इसे लेकर इमरान खान ने कहा कि हमले में अज्ञात लोग शामिल थे लेकिन सरकार ने पीटीआई नेताओं और पार्टी के 3500 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को जेल में डाल दिया। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी पार्टियां नहीं चाहती कि हम चुनाव लड़ें, इसलिए हमारे खिलाफ साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि ईस्ट पाकिस्तान (बांग्लादेश) की तरह उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ छापेमारी और गिरफ्तारियां हो रही हैं। इमरान खान ने कहा कि देश में न्यायपालिका ही उम्मीद की आखिरी किरण है। सरकार मीडिया पर नियंत्रण कर रही है और सोशल मीडिया को भी बैन किया जा रहा है।

## रूस के 4 मिलिट्री एयरक्राफ्ट्स पर अटैक: यूक्रेन बॉर्डर के पास मार गिराए गए सुखोई फाइटर जेट्स, यूक्रेन बोला- ये कर्मों का नतीजा

**इस्लामाबाद।** रूस के दो जेट्स और 2 हेलिकॉप्टर को यूक्रेन के बॉर्डर के पास मार गिराया गया है। इनमें Su-34 फाइटर बॉम्बर, Su-35 फाइटर जेट और 2 Mi-8 हेलिकॉप्टर शामिल हैं। ये अटैक यूक्रेनी बॉर्डर से सटे ब्रांस्क क्षेत्र में हुआ। चारों एयरक्राफ्ट्स को एक साथ निशाना बनाया गया। हालांकि, यूक्रेन ने इस अटैक की जिम्मेदारी नहीं ली है।

चारों एयरक्राफ्ट्स एक रेडिंग पार्टी का हिस्सा थे और यूक्रेन के चेर्निहाइव क्षेत्र में मिसाइल और बॉम्ब अटैक के लिए जा रहे थे। कॉमरसैन्ट न्यूज साइट के मुताबिक, इस अटैक में 4 क्रू मेंबर्स की मौत हो गई। रूसी स्टेट मीडिया एजेंसी टास ने भी एक आपातकालीन सेवा के अधिकारी के हवाले से कहा- एक रूसी हेलिकॉप्टर के इंजन में आग लगने के कारण यह ब्रांस्क क्षेत्र में



दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, इसमें अटैक या सुखोई फाइटर जेट का कोई जिक्र नहीं किया गया।

**रूसी मीडिया पर अटैक का वीडियो वायरल**

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के सीनियर एडवाइजर मिखाइलो पोडोलिक ने कहा- रूसी मिसाइल यूक्रेन पर अटैक के लिए आ रही थी। लेकिन तभी कुछ लोगों ने उसे मार गिराया। ये कर्मों का फल है। एक और अपराध होने से पहले हत्यारे एयरक्राफ्ट मार गिराए गए। रूस के एक टेलिग्राम चैनल पर एयरक्राफ्ट को मार गिराने का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें आसमान में उड़ रहे एक एयरक्राफ्ट में पहले ब्लास्ट होता है और फिर आग लग जाती है। दूसरी तरफ, शनिवार को रूस की डिफेंस मिनिस्ट्री ने कहा कि यूक्रेनी एयरक्राफ्ट ने रूस के लुहांस्क में 2 इंडस्ट्रियल साइट्स को निशाना बनाया। यूक्रेन ने इस हमले में ब्रिटेन की लंबी दूरी वाली क्रूज मिसाइल का इस्तेमाल किया। अटैक में रूस के 2 लोग घायल हुए हैं। हालांकि, यूक्रेन ने इस हमले की पुष्टि नहीं की। कुछ दिन पहले भी यूक्रेन ने रूस की किंझल हाइपरसोनिक मिसाइल को मार गिराने का दावा किया था। यूक्रेनी एयरफोर्स के मुताबिक, उन्होंने रूस की सबसे एडवांस हाइपरसोनिक मिसाइल 'किंजल' को अमेरिका के पैट्रियट डिफेंस सिस्टम से तबाह कर दिया था। एयरफोर्स के प्रवक्ता युरी इहनात ने कहा था- रूस कह रहा था कि अमेरिका का पैट्रियट मिसाइल सिस्टम पुराना और रूस के हथियार पूरी दुनिया में सबसे बेहतर हैं।

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में छह सैनिकों की मौत, छह आतंकवादी भी ढेर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में कम से कम छह पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गयी जबकि छह आतंकवादी भी मारे गए। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में यह जानकारी दी। सेना के बयान के मुताबिक विद्रोहियों ने प्रांत के मुस्लिम बाग इलाके में एक अर्धसैनिक अग्रिम कोर परिसर पर हमला किया, जिससे बंधक की स्थिति पैदा हो गई। सेना का अभियान को आतंकवादियों के शुरुआती हमले को नाकाम करने के बाद शुरू हुआ और शनिवार की सुबह पूरा हुआ। पाकिस्तानी सेना ने कहा, '' भारी हथियारों से लैस परिसर में मौजूद सभी छह आतंकवादियों को मार गिराया गया है। '' प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पाकिस्तानी सेना के छह सैनिकों और एक नागरिक की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

# इजराइल-फिलिस्तीन के बीच मिस्र ने कराया सीजफायर: हफ्ते भर चली हिंसा में 33 फिलिस्तीनियों की मौत, इस्लामिक जिहाद ने दागे हजार रॉकेट

**वाशिंगटन।** इजराइल और फिलिस्तीन के इस्लामिक जिहाद संगठन के बीच मिस्र ने सीजफायर कराया है। हफ्ते भर तक चली हिंसा में फिलिस्तीन के 33 लोगों की जान चली गई, जिसमें 12 आम नागरिक भी शामिल थे। वहीं, इस्लामिक जिहाद संगठन ने इजराइल पर हजार से ज्यादा रॉकेट दागे थे। इसके चलते कई इजारलियों को बंकरों में पनाह लेनी पड़ी थी। मिस्र के टीवी चैनल अल-कहेरा ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि सीजफायर रात 10 बजे से लागू हुआ।

**जब तक इजराइल हमला नहीं करेगा हम भी शांत रहेंगे**

सीजफायर को लेकर फिलिस्तीन के इस्लामिक जिहाद संगठन ने कहा कि हम इस सीजफायर का पालन करने की घोषणा करते हैं। इसे तब तक मानेंगे जब तक इजराइल हमला नहीं करता है। इजराइल ने अटैक किया तो हम भी शांत नहीं रहेंगे।

इजराइल की मिलिट्री ने अलजजीरा को बताया की वो सीजफायर का आंकलन कर रहे हैं। इसमें प्रधानमंत्री नेतन्याहू और डिफेंस मिनिस्टर योआव गैलांट भी शामिल होंगे। इस दौरान मिलिट्री के इंटेलिजेंस अधिकारी दोनों को सिचुएशन की पूरी जानकारी देंगे।

**इजराइल की एयर रेड से शुरू हुई हिंसा**

मंगलवार को इजराइल की एयर रेड में इस्लामिक जिहाद के 3 टॉप कमांडर मारे गए थे। इसके बाद बदले की कार्रवाई में फिलिस्तीन की तरफ से लगातार रॉकेट दागे गए थे। इसमें इस्लामिक जिहाद के लड़ाकों के अलावा आम लोगों की भी जान गई थी। कई घर भी तबाह हुए थे। वहीं, इस्लामिक जिहाद के फायर किए गए रॉकेट में एक 80 साल की इजराइली महिला की भी मौत हो गई।



**क्या है फिलिस्तीन का इस्लामिक जिहाद संगठन**

फिलिस्तीन इस्लामिक जिहाद संगठन को 1981 में बनाया गया था। इसकी शुरुआत मिस्त्र में पढ़ने वाले फिलिस्तीनी लड़कों ने की थी। ये वेस्ट बैंक, गाजा और इजराइल के कब्जे वाले इलाकों में फिलिस्तीन का कब्जा चाहता है। इजराइल इस संगठन को ईरान का साथी बताता है। जो इजराइल को तबाह कर देना चाहते हैं। इस्लामिक जिहाद संगठन फिलिस्तीन को आजादी दिलाने वाले दूसरे बड़े संगठनों की तुलना में छोटा है। इसे ईरान से फंडिंग मिलती है।

**इजराइल और फिलिस्तीन के बीच क्यों है विवाद**

मिडिल ईस्ट के इस इलाके में यह संघर्ष कम से कम 100 साल से चला आ रहा है। यहां वेस्ट बैंक, गाजा पट्टी और गोलन हाइट्स जैसे इलाकों पर विवाद है। फिलिस्तीन इन इलाकों समेत पूर्वी यरुशलम पर दावा जताता है। वहीं, इजराइल यरुशलम से अपना दावा छोड़ने को राजी नहीं है। गाजा पट्टी इजराइल और मिस्र के बीच में है। यहां फिलहाल हमास का कब्जा है। ये इजराइल विरोधी समूह है। सितंबर 2005 में इजराइल ने गाजा पट्टी से अपनी सेना वापस बुला ली थी। 2007 में इजराइल ने इस इलाके पर कई प्रतिबंध लगा दिए। फिलिस्तीन का कहना है कि वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी में स्वतंत्र फिलिस्तीन राष्ट्र की स्थापना हो।

# 'आतंकियों से बात कैसे कर सकते हैं?', इमरान खान समर्थकों की हिंसा पर भड़के बिलावल भुट्टो

**इस्लामाबाद।** पीटीआई चीफ इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों ने जो हिंसा का तांडव किया, उसे पूरी दुनिया ने देखा। अब पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने कहा है कि इन राजनीतिक आतंकियों से कैसे बात की जा सकती है? भुट्टो ने कहा कि 'हम हमेशा बातचीत करने के समर्थक रहे हैं और हम अपने सहयोगियों को भी इसके लिए राजी कर सकते हैं लेकिन इन आतंकियों के साथ कैसे बातचीत कर सकते हैं? हम सिर्फ उन्हीं के साथ बातचीत कर सकते हैं जो आतंकवाद की निंदा करें और अपने आप को इन राजनीतिक आतंकियों से अलग करें।'

**न्यायपालिका को भी घेरा**

भुट्टो ने न्यायपालिका की भी आलोचना की और कहा कि देश में न्यायपालिका जरूरत से ज्यादा राजनीतिक हो गई है। एक जनसभा के दौरान पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के नेता बिलावल



भुट्टो ने कहा कि 'जब हम देश में लोकतंत्र लागू लाते हैं तो न्यायपालिका जरूरत से ज्यादा राजनीतिक हो जाती है। वहीं जब देश में तानाशाही रहती है तो न्यायपालिका शांत रहती है। अब एक बार फिर न्यायपालिका जरूरत से ज्यादा राजनीतिक हो रही है।' बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान को उनके खिलाफ चल रहे कई मामलों में जमानत दे दी है। यही वजह है कि भुट्टो ने न्यायपालिका को निशाने पर लिया।

**पीटीआई पर लग सकता है बैन**

पाकिस्तान के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी पर प्रतिबंध लगाने के अलावा कोई विकल्प नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि ऐसे हथियारबंद संगठनों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

सनाउल्लाह ने कहा कि पीटीआई चीफ का उद्देश्य सिर्फ देश में अराजकता फैलाना है। बता दें कि बीते दिनों पीटीआई चीफ इमरान खान को अल कादिर ट्रस्ट मामले में गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद पीटीआई समर्थकों ने पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान जमकर हिंसा हुई और आठ लोगों की मौत भी हो गई। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर इमरान खान को रिहा कर दिया गया था।

## ईयू इंडो-पैसिफिक मिनिस्ट्रियल फोरम के लिए स्वीडन पहुंचे जयशंकर, बैठक को किया संबोधित

**वाशिंगटन।** एस जयशंकर दूसरे ईयू इंडो-पैसिफिक मिनिस्ट्रियल फोरम (ईआईपीएमएफ) में भाग लेने के लिए स्वीडन के विदेश मंत्री के रूप में अपनी पहली यात्रा पर स्टॉकहोम पहुंचे। स्टॉकहोम की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान, ईयू-इंडो पैसिफिक मंत्रिस्तरीय बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ, इंडो-पैसिफिक और भारत को विशेष रूप से नियमित, व्यापक और स्पष्ट वार्ता की आवश्यकता है, जिस पर उन्होंने जोर दिया कि यह केवल दिन के संकट तक ही सीमित नहीं है। आगे कहा कि भारत में हो रहे बदलावों पर यूरोपीय संघ का ध्यान जाएगा। स्टॉकहोम में ईयू-इंडो पैसिफिक मंत्रिस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए, एस जयशंकर ने कहा कि भारतीय दृष्टिकोण से, मुझे इंडो-पैसिफिक महासागरों की पहल को भी हरी झंडी दिखानी चाहिए, जिसे हमने 2019 में प्रस्तावित किया था। यूरोपीय संघ अपने उद्देश्यों के साथ सहज होगा और अपने किसी स्तंभ में भागीदारी करने पर विचार कर सकता है। इससे पहले जयशंकर ने ट्वीट किया कि ढाका से स्टॉकहोम तक, अभी भी इंडो-पैसिफिक पर चर्चा हो रही है। ईयू इंडो-पैसिफिक मिनिस्ट्रियल के लिए स्वीडन पहुंचे। उन्होंने कहा कि ईयू-इंडो-पैसिफिक मिनिस्ट्रिया में सिंगापुर के विदेश मंत्री को देखकर अच्छा लगा। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह जयशंकर की विदेश मंत्री के रूप में उनकी पहली यात्रा होगी और ऐसे समय में होगी जब भारत और स्वीडन राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 साल मना रहे हैं। स्वीडन में आयोजित होने वाली दूसरी यूरोपीय संघ, हिंद-प्रशांत मंत्रिस्तरीय (ईआईपीएमएफ) बैठक में भाग लेने विदेश मंत्री जयशंकर शनिवार को स्टॉकहोम पहुंचे।

# एरलिंग हालैंड और सैम केर बने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर

**लंदन।** एरलिंग हालैंड को मैनचेस्टर सिटी की तरफ से अपने पदार्पण वर्ष में अपना शानदार प्रदर्शन करने के लिए इंग्लैंड में वर्ष का फुटबॉलर चुना गया जबकि महिलाओं में सैम केर ने लगातार दूसरे साल यह पुरस्कार जीता। यह पुरस्कार फुटबॉल राइटर्स एसोसिएशन की तरफ से दिया जाता है जिसने बताया कि हालैंड को कुल 82 प्रतिशत मत मिले। उन्होंने इस दौड़ में आर्सेनल के बुकायो साका और मार्टिन ओडेगार्ड को पीछे छोड़ा। नार्वे के 22 वर्षीय खिलाड़ी हालैंड ने सिटी की तरफ से सभी प्रतियोगिताओं में अभी तक 51 गोल किए हैं। वह प्रीमियर लीग के एक सत्र में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड बना चुके हैं। हालैंड ने प्रीमियर लीग में अभी तक 35 गोल किए हैं। महिला वर्ग में केर ने पुरस्कार की दौड़ में एस्टन विला की फॉरवर्ड रेचेल डेली और चेल्सी की अपनी साथी लॉरेन जेम्स को पीछे छोड़ा। ऑस्ट्रेलिया की इस खिलाड़ी ने चेल्सी की तरफ से अभी तक 34 मैचों में 26 गोल किए हैं।




# 'अब लोग नहीं कहेंगे कि देविशा आई थी, इसलिए शतक नहीं लगा पाया', आलोचकों को सूर्यकुमार का करारा जवाब

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 में सूर्यकुमार यादव के बल्ले से अब तक कुछ धमाकेदार पारियां देखने को मिली हैं। शुक्रवार को मुंबई इंडियंस की गुजरात टाइटंस पर जीत में सूर्या का किरदार अहम रहा था। उन्होंने इस मैच में आईपीएल करियर का पहला शतक लगाया। गुजरात पर जीत के साथ मुंबई ने इस सीजन प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा। सूर्यकुमार ने इस मैच में 49 गेंदों पर नाबाद 103 रन बनाए। मैच के बाद सूर्यकुमार ने अपनी पारी के बारे में बात की और पत्नी देवीशा के बारे में एक विशेष कहानी भी साझा की। सूर्या ने कहा- मुझे अपने परिवार को देखकर अच्छा लगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि देवीशा को वहां बैठे हुए देखना, वह मेरे तीन अंतरराष्ट्रीय शतकों को देखने से चूक गई थी। वह उन मैचों में शामिल होने के लिए स्टेडियम में मौजूद नहीं थी। मुझे बेहद खुशी महसूस हुई कि अब लोग यह नहीं कह पाएंगे कि वह आई थी, इसलिए मैं शतक नहीं बना सका। इससे पहले मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने गुजरात के खिलाफ शतकीय पारी खेलने वाले सूर्यकुमार यादव की जमकर तारीफ की थी। उन्होंने बताया की सूर्यकुमार आत्मविश्वास से भरे हुए हैं, जो टीम के बाकी खिलाड़ियों को भी प्रभावित करता है। रोहित ने यह भी बताया कि सूर्यकुमार पिछले मैच में जो भी हुआ उसे भूलकर हर मैच में एक नए सिरे से शुरुआत करते हैं। कभी-कभी एक खिलाड़ी को गौरव महसूस होता है कि उसने इतना अच्छा प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलाई, लेकिन सूर्या ऐसे बिल्कुल नहीं हैं।

# 'अब बस चमत्कार की ही उम्मीद', स्टेज-4 कैंसर से जूझ रहे इस दिग्गज क्रिकेटर के लिए बोले खेल मंत्री

**नई दिल्ली।** जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महान ऑलराउंडर्स में शुमार हीथ स्ट्रीक जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनका दक्षिण अफ्रीका में इलाज चल रहा है और उनकी हालत बेहद नाजुक है। इसकी जानकारी जिम्बाब्वे के खेल मंत्री डेविड कोल्टर्ट ने अपने ट्विटर अकाउंट पर दी है। जिम्बाब्वे क्रिकेट और खेल समुदाय से उनके स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करने का आह्वान किया गया है। जिम्बाब्वे के खेल मंत्री ने ट्विटर पर लिखा, 'हीथ स्ट्रीक अपने आखिरी पड़ाव पर हैं। परिवार यूके से दक्षिण अफ्रीका आ रहा है। लगता है अब कोई चमत्कार ही उन्हें बचा सकता है। दुआएं जारी हैं।' जिम्बाब्वे के पूर्व शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति मंत्री और मानवाधिकार वकील डेविड कोल्टर्ट ने लिखा- हमारे देश के महानतम क्रिकेटरों में से एक हीथ स्ट्रीक बेहद बीमार हैं और उन्हें हमारी दुआओं की जरूरत है। क्या हम सब उनके और उनके परिवार के लिए प्रार्थना कर सकते हैं? जिम्बाब्वे के मौजूदा क्रिकेटर और स्ट्रीक के करीबी दोस्त शॉन विलियम्स ने एक क्रिकेट वेबसाइट से कहा, 'हीथ को कोलन और लिवर कैंसर (स्टेज 4) है। मैं इस स्तर पर केवल इतना जानता हूं कि हीथ के परिवार को तत्काल दक्षिण अफ्रीका में उनके पास जाने के लिए कहा गया था। मैं इसके बाद किसी भी प्रकार की जानकारी से अवगत नहीं हूं। मैंने हीथ को मैसेज किया था और उन्होंने रिप्लाई भी किया था, लेकिन मुझे यकीन है कि इस स्तर पर परिवार थोड़ा प्राइवेट समय चाहता है।

# पंजाब ने दिल्ली को 31 रन से हराया, प्लेऑफ की दौड़ से भी बाहर हुई दिल्ली

**दिल्ली।** दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2023 के 59वें मुकाबले में पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 31 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही पंजाब ने प्लेऑफ के लिए अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है, वहीं आठवीं हार के बाद दिल्ली कैपिटल्स के लिए प्लेऑफ के रास्ते बंद हो गए हैं। पंजाब की इस जीत के हीरो सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह रहे जिन्होंने आईपीएल करियर का पहला शतक जड़ा। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो हरप्रीत बरार (4 विकेट) ने दिल्ली के बल्लेबाजों को अपनी फिरकी की तान पर भांगड़ा कराया। पंजाब के दिए 168 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने शानदार शुरुआत की। कप्तान वार्नर और फिल साल्ट ने पावरप्ले के छह ओवरों में 65 रन जोड़े। हालांकि इसके बाद दिल्ली की टीम पूरी तरह से लड़खड़ा गई। सातवें ओवर में 69 रन पर पहला विकेट खोने वाली दिल्ली, दसवें ओवर में 88 रन पर छह विकेट खो चुकी थी।



इसके बाद किसी तरह पुछल्ले बल्लेबाजों ने निर्धारित 20 ओवर को पूरा किया और टीम 136 रन तक पहुंच सकी। पंजाब के लिए हरप्रीत बरार ने 4 विकेट, नाथन एलिस और राहुल चहर ने दो-दो विकेट लिए।

इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब की शुरुआत ठीक नहीं रही। कप्तान शिखर धवन, लिविंगस्टोन और जितेश शर्मा जल्दी आउट हो गए। तब ओपनर प्रभसिमरन सिंह ने सैम करन के साथ मिलकर पारी को संभाला। दोनों के बीच 72 रन की साझेदारी हुई। तभी 20 रन बनाकर सैम करन भी पवेलियन लौट गए। इसके पंजाब के लिए निरंतर अंतराल पर विकेट गिरते रहे लेकिन प्रभसिमरन ने एक छोर संभाले रखा और शानदार शतक जड़ा। प्रभसिमरन सिंह ने 65 गेंद में 103 रन की पारी खेली। उनकी इस उम्दा पारी की वजह से ही पंजाब किंग्स ने 7 विकेट के नुकसार पर 167 रन बनाए। दिल्ली के लिए ईशान्त शर्मा ने दो विकेट लिए। जबकि अक्षर पटेल, प्रवीण दुबे, कुलदीप यादव और मुकेश कुमार को एक-एक विकेट मिला।

# आईपीएल : लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया

**हैदराबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में खेले गए 58वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया। मुकाबले में हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 182 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में लखनऊ की टीम ने 19.2 ओवर में 3 विकेट पर 185 रन बनाकर यह मुकाबला अपने नाम कर लिया।

इस मुकाबले में जीत के साथ ही लखनऊ की टीम अंक तालिका में 4 नंबर पर पहुंच गई है। यह लखनऊ की 12 मैचों में छठी जीत है। टीम के अब 12 मैचों में 6 जीत और 5 हार के बाद 13 अंक हो गए हैं। वहीं हैदराबाद की 11 मैचों में यह सातवीं हार है। टीम के 11 मैच में 4 में जीत और 7 में हार के साथ 8 अंक हैं और अंक तालिका में वह 9वें नंबर पर है। मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी




करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 182 रन बनाए। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन हेनरिक क्लासेन 29 गेंदों में 3 चौके और 3 छक्कों की मदद से 47 रन बनाए। क्लासेन के अलावा अब्दुल समद ने 25 गेंदों में एक चौका और 4 छक्कों की मदद से 37 रन की पारी खेली। राहुल त्रिपाठी ने 13 गेंदों में चार चौके की मदद से 20 रन बनाए, अनमोलप्रीत सिंह 27 गेंदों में 7 चौकों की मदद से 36 रन और कप्तान एडेन मार्करम ने 20 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से 28 रन बनाए। लखनऊ की तरफ से क्रुणाल पांड्या ने 2 विकेट, यश ठाकुर, आवेश खान, अमित मिश्रा और युद्धवीर सिंह ने एक-एक विकेट लिया। इसके बाद 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत धीमी रही, लेकिन अंतिम के ओवरों में निकोलस पूरन ने बड़े-बड़े शॉट खेले और 4 गेंद शेष रहते टीम को जीत दिला दी। टीम ने 19.2 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। लखनऊ के लिए युवा बल्लेबाज प्रेरक मांकड़ ने 45 गेंदों में 64 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, निकोलस पूरन ने 13 गेंदों में 4 छक्के और तीन चौकों की मदद से 44 रन बनाए। मार्कस स्टोइनिस ने 25 गेंदों में 40 रन और क्विंटन डिकॉक ने 19 गेंद में 29 रन बनाए। हैदराबाद की तरफ से ग्लेन फिलिप्स, मयंक मार्कंडेय और अभिषेक शर्मा ने एक-एक विकेट लिया।

# अभिषेक के ओवर से मैच का रुख पलट गयः कृणाल पांड्या

**हैदराबाद।** लखनऊ के कप्तान कृणाल पंड्या ने सनराइजर्स हैदराबाद की पारी को 200 रन के अंदर रोकने पर टीम के गेंदबाजों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि जिस तरह से वे बल्लेबाजी कर रहे थे, मुझे लगा कि वे 200 के करीब रन बना लेंगे। आखिरी ओवरों में आवेश खान और यश ठाकुर ने अच्छी गेंदबाजी की और मैच में हमारी वापसी कराई। उन्होंने आसानी से लक्ष्य हासिल करने पर कहा कि इस स्तर पर कुछ भी संभव है, हमें विश्वास था और (मार्कस) स्टोइनिस और पूरन जैसे खिलाड़ी अपने काम का बखूब ही अंजाम देंगे। अभिषेक के ओवर से मैच का रुख पलट गया। मुकाबले में 45 गेंद में 64 रन की पारी खेल मैन ऑफ द मैच बने प्रेरक मांकड़ ने कहा उन्हें पारी की शुरुआत में स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजी में परेशानी हो रही थी लेकिन क्रीज पर समय बिताने से चीजें आसान हो गई। उन्होंने कहा कि मैं स्पिनरों के खिलाफ बड़ा शॉट लगाने की कोशिश कर रहा था लेकिन गेंद ठीक से बल्ले पर नही आ रही थी। मुझे पता था कि मयंक (मार्कंडे) मुझे आऊट करने की कोशिश करेंगे और मैं उनके खिलाफ घरेलू क्रिकेट में खेल चुका हूं, इसलिए मैंने जोखित लिया। मुझे टीम में मौका देने के लिए प्रबंधन को धन्यवाद।



# अंपायर से पंगा क्लासेन को पड़ा महंगा, लगा भारी जुर्माना, मैच के बाद अंपायरिंग पर निकाली भड़ास

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन पर लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। क्लासेन की 29 गेंद में 47 रन की पारी से हैदराबाद ने छह विकेट पर 182 रन बनाए थे लेकिन लखनऊ ने 19.2 ओवर में तीन विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। क्लासेन ने नोबॉल नहीं दिए जाने पर मैदानी अंपायर से बहस करने के बाद प्रसारकों से बातचीत के दौरान भी इसे लेकर नाराजगी जताई थी। आईपीएल से जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, ''क्लासेन ने अनुच्छेद 2.7 के तहत 'लेवल एक' के अपराध को स्वीकार कर लिया। यह अपराध आईपीएल की आचार संहिता में सार्वजनिक आलोचना/अनुचित टिप्पणी के उपयोग को लेकर है।' आवेश खान ने अब्दुल समद को गेंद बीमर की तरह फेंकी और मैदानी अंपायर अक्षय तोत्रे ने इसे नो-बॉल नहीं



करार दिया। सनराइजर्स हैदराबाद ने इसके बाद डीआरएस लिया लेकिन तीसरे अंपायर ने भी इसे वैध गेंद करार दिया। क्लासेन की अंपायर से बहस के बाद दर्शकों के खराब बर्ताव के कारण मैच कुछ देर के लिए रूका रहा। दक्षिण अफ्रीका के इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने प्रसारकों से बातचीत पर दर्शकों के व्यवहार के साथ अंपायरों के फैसले पर भी निराशा जताई। उन्होंने कहा, '' ईमानदारी से कहूं तो दर्शकों से निराशा हुई। आप ऐसा नहीं चाहते है। इससे मेरी बल्लेबाजी की लय बिगड़ गई। अंपायरिंग भी अच्छी नहीं थी।' इसी मैच में लखनऊ सुपरजाइंट्स के अनुभवी भारतीय स्पिनर अमित मिश्रा को भी आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई गई थी। बयान के मुताबिक, ''लेग स्पिनर ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत 'लेवल 1' के अपराध को स्वीकार किया लिया। इसमें मैच के दौरान उपकरणों के दुरुपयोग की बात कही गई है। मिश्रा ने अपनी गलती को स्वीकार कर ली।' आईपीएल के बयान के मुताबिक आचार संहिता के 'स्तर एक' के उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है।

# शिखर धवन ने बताया- हरप्रीत बराड़ को दी यह अहम सलाह आई कामं

**हैदराबाद।** पंजाब किंग्स के लिए दिल्ली कैपिटल्स पर जीत के साथ ही प्लेऑफ में जाने के लिए रहा खुल गया है। पंजाब ने अब 12 मुकाबलों में छह जीत के साथ अंक तालिका में छठा स्थान हासिल कर लिया है। अब उनकी नजर बेंगलुरु, राजस्थान और लखनऊ के मुकाबलों पर होगी। दिल्ली के खिलाफ जीत हासिल करने के बाद धवन ने अपने स्पिनर हरप्रीत बराड़ की तारीफ की। धवन बोले- उन्होंने जिस तरह से गेंदबाजी की वह काबिले तारीफ है। धवन ने कहा- गेंदबाजी के वक्त मैंने हरप्रीत से कहा था कि गेंद को धीमी रखो, विकेट को निशाना बनाओ। उसने ठीक वैसे ही किया। कुछ बेहतरीन गेंदें देखने को मिली। खास तौर पर बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ वह शानदार था। धवन बोले- गेंदबाजों ने ही हमें खेल में वापस लाया, वह अद्भुत थे। हमारे स्पिनरों और हमारे तेज गेंदबाजों को पूरा श्रेय जाता है। पिच चौथे ओवर से ही टर्न ले रही थी। प्रभसिमरन ने अविश्वसनीय पारी



खेली। उसकी पारी ने हमें मजबूत लक्ष्य तक पहुंचने में मदद की।

मैच की बात करें तो पंजाब किंग्स ने पहले खेलते हुए सात विकेट के नुकसान पर 167 रन बनाए थे। प्रभसिमरन सिंह ने 65 गेंदों पर 10 चौके और 6 छक्कों की मदद से 103 रन बनाए। लेकिन शिखर धवन, लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा फेल हो गए। सैम कुरैन ने 20 तो सिकंदर रजा ने 11 रन बनाए। मध्यक्रम में हरप्रीत बराड़ 2 तो शाहरुख खान ने 2 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी दिल्ली 136 रन ही बना पाई। हालांकि दिल्ली ने ओपनर डेविड वार्नर और फिलिप सॉल्ट की बदौलत अच्छी शुरूआत की थी लेकिन हरप्रीत बराड़ ने 4 विकेट लेकर गेम पलट दी। पंजाब को 31 रन से जीत मिली।

प्वाइंट टेबल पर नजर घुमाएं तो गुजरात 12 में से आठ मुकाबले जीतकर पहले स्थान पर बनी हुई है। वहीं, पंजाब किंग्स दिल्ली पर जीत के साथ छठे स्थान पर आ गई है। पंजाब ने अब 12 मैचों में 6 मुकाबले जीते तो 6 गंवाए हैं। उनकी नैट रन रेट -0.268 है।

# हार से निराश दिल्ली के कप्तान डेविड वॉर्नर, बताई शर्मनाक हार की असली वजह

**हैदराबाद।** दिल्ली कैपिटल्स पंजाब किंग्स के खिलाफ अहम मुकाबले में मात खा गया। इसी के साथ दिल्ली इस सीजन में प्लेऑफ में पहुंचने से दूर हो गई है। दिल्ली पंजाब के खिलाफ मुकाबले में अच्छी पोजीशन पर थी लेकिन मध्यक्रम के लचर प्रदर्शन के कारण उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा। मैच गंवाने के बाद पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में डेविड वॉर्नर ने अपन खराब बल्लेबाजी के अलावा प्रभसिमरन की बल्लेबाजी की तारीफ भी की। डेविड वॉर्नर ने




कहा- हमारा काम उन्हें कम से कम स्कोर तक रोकना था। प्रभसिमरन ने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की। मौके गंवाने से हमें वहां नुकसान उठाना पड़ा। अगर आप पावरप्ले के बाद 30 रन के अंदर 6 विकेट गंवा लेते हैं तो ऐसे गेम नहीं जीते जाते। अगर आगामी खेलों में साथियों को गर्व के साथ खेलना होगा। आज हमारा संयोजन सही था लेकिन हमने तेजी से 3-4 विकेट गंवा दी जिसके चलते हमें नुकसान उठाना पड़ा। वॉर्नर ने कहा कि अच्छी शुरुआत के बाद बल्ले से हमारा एक और निराशाजनक प्रयास रहा। जब आप हारते हैं तो वे चीजें होती हैं जो इस प्रारूप में होती हैं।

# पहलवानों के धरने के बीच बड़ा फैसला :एशियन कुश्ती ट्रायल के लिए अंडर-17 और 23 का शेड्यूल जारी; सोनीपत और पटियाला में होंगे

**सोनीपत।** भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी को लेकर जंतर-मंतर पर पहलवानों का धरना 22वें दिन भी जारी है। इसी बीच एडहॉक कमेटी ने अंडर-17 और 23 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप के ट्रायल का शेड्यूल जारी कर दिया है।

किर्गिस्तान के बिश्केक में होने वाली प्रतियोगिता के लिए ट्रायल 17 से 20 मई तक होंगे। जिसमें प्रत्येक दिन दो से तीन भारवर्ग के ट्रायल लिए जाएंगे। ये ट्रायल सोनीपत और पटियाला में



होंगे। सोनीपत में एडहॉक समिति के सदस्य भूपेंद्र सिंह बाजवा भी मौजूद रहेंगे।

**ट्रायल में ये रहेंगे मौजूद**

जिसमें सोनीपत में फ्री स्टाइल वर्ग व पटियाला में ग्रीको रोमन व महिला पहलवानों के ट्रायल होंगे। इसकी सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। सोनीपत में ट्रायल प्रक्रिया की चयन समिति में तदर्थ समिति के सदस्य भूपेंद्र सिंह बाजवा, साई में कुश्ती दल के मुख्य प्रशिक्षक जगमिंदर सिंह व अर्जुन अवॉर्डी पहलवान रमेश कुमार गुलिया मौजूद रहेंगे। वहीं पटियाला में महिला व ग्रीको रोमन वर्ग के पहलवानों के ट्रायल की चयन समिति में द्रोणाचार्य अवॉर्डी सुमा शिरूर, महा सिंह राव तथा अर्जुन अवॉर्डी अलका तोमर को शामिल किया गया है।

# कोहली बोले- मुझसे कप्तानी में कई गलतियां हुईं:लेकिन जो किया अपने लिए नहीं; टीम को आगे ले जाने के लिए किया

**सोनीपत।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में कहा, 'मुझे यह स्वीकार करने में कोई शर्म नहीं है कि जब मैं कप्तान था तो मैंने कई गलतियां कीं, लेकिन एक बात मैं जानता हूं कि मैंने कभी भी अपने स्वार्थ के लिए कुछ नहीं किया। मेरा टारगेट टीम को आगे ले जाना था।'

कोहली ने डिज्नी + हॉटस्टार के शो 'लेट देयर बी स्पोर्ट' के एक एपिसोड में आगे कहा, 'मैं कह सकता हूं जैसे आप आउट होने पर गलतियां करते हैं यह एक विफलता है। असफलताएं थीं, लेकिन मेरा इरादा गलत नहीं था। जब तक आप सही जगह पर हैं आप गलतियां करेंगे, लेकिन जब आप उससे सीख लेंगे तो आप चमकना शुरू कर देंगे।'

**कोहली ने साल 2022 में छोड़ दी थी कप्तानी**

कोहली ने एमएस धोनी के बाद टीम इंडिया की कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली थी। कोहली की कप्तानी में टीम इंडिया कोई भी ICC ट्रॉफी नहीं जीत सकी। कोहली को बतौर कप्तान काफी आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा।




हालांकि कोहली की कप्तानी में ही पहली बार टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट सीरीज में उसके ही घर में मात दी थी। टी-20 वर्ल्ड कप 2021 में भी कोहली ने कप्तानी की, उस दौरान टीम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। विराट को वनडे फॉर्मेट में कप्तानी से हटाने का फैसला किया गया। उसके बाद कोहली ने साल 2022 की शुरुआत में साउथ अफ्रीका दौरे के बाद टेस्ट टीम की भी कप्तानी छोड़ दी थी।

**मौजूदा सीजन में कोहली ने 11 मैचों में 420 रन बनाए**

कोहली इंडियन प्रीमियर लीग 2023 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम का हिस्सा हैं।

कोहली ने IPL 2021 में RCB के कप्तान के रूप में इस्तीफा दिया था। मौजूदा सीजन में कोहली ने 11 मैचों में 42.00 की औसत से 420 रन बनाए हैं। IPL 2023 में उनका स्ट्राइक रेट 133.76 का है।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने गुरुवार को मुंबई क्राइम ब्रांच के साइबर सेल में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। उन्होंने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि इंटरनेट पर चल रहे फेक एडवर्टाइजमेंट में उनके नाम, फोटो और आवाज का इस्तेमाल किया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2023 के शुरुआती 5 हफ्तों में 451 मिलियन (45.1 करोड़) लोगों ने टीवी पर मैच देखे, जो कि पिछले पूरे सीजन की तुलना में 21फीसदी ज्यादा है। ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल ने अपनी ताजा रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि की।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 15 मई 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# उप्रः इस बार चुने गए भाजपा के 813 पार्षद

**2017 में थे 596, नगर पंचायत अध्यक्षों की सूची में भी इजाफा, 100 से 191 पर पहुंचे, पिछली बार 14, इस बार प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों में भाजपा का महापौर**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर प्रदेश** नगरीय निकाय के चुनाव में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस बार ऐतिहासिक जीत दर्ज की। पार्टी ने जहां प्रदेश के सभी नगर निगमों में महापौर के पद को जीता, वहीं 813 पार्षद पदों पर भी कब्जा किया। नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के अध्यक्षों के क्रमशः 88 और 191 पद भी भाजपा ने इस चुनाव में हथिया लिए हैं। वर्ष 2017 के चुनाव में 16 नगर निगमों में से 14 पर ही भाजपा को जीत मिली थी, लेकिन इस बार पार्टी ने प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों के महापौर पद पर कब्जा कर लिया। नगर निगम में पार्षदों की संख्या पर नजर डालें तो इस बार भारतीय जनता पार्टी के 1420 में से 813 जनप्रतिनिधि कमल खिलाने में सफल रहे। पिछली बार यह आंकड़ा 596 का था। शहरों में




भाजपा की यह जीत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कामकाज के प्रति आमजन के विश्वास की मुहर है।

**नगर पालिका के 88 अध्यक्ष और 1353 सदस्य भाजपा के:** नगर पालिका परिषदों में भी इस बार मुख्यमंत्री योगी के कामकाज का जादू खूब चला। योगी आदित्यनाथ ने नगर निगम के अलावा नगर पालिका परिषद के उम्मीदवारों के पक्ष में भी जनसभा कर वोट देने की अपील की थी। जनता ने इस अपील को न सिर्फ माना, बल्कि कई जगहों पर कमल के वोट प्रतिशत में भी खूब इजाफा किया। नगर पालिका परिषद के 60 अध्यक्ष पद पर 2017 में भाजपा को जीत मिली थी। 199 सीटों में से यह आंकड़ा इस बार बढ़कर 88 पहुंच गया। वहीं पालिका परिषद सदस्यों में



2017 में भाजपा को 923 सीट मिली थी। इस बार के चुनाव में यह संख्या बढ़कर 1353 हो गई।

**नगर पंचायतों में भी शतक से आगे पहुंची भाजपाः** नगर पंचायतों में भी भाजपा ने परचम लहराया है। 544 में से 191 नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद पर भाजपा के प्रतिनिधि काबिज हुए हैं। 2017 में यह आंकड़ा सिर्फ 100 का था। यानी योगी के विकास की बदौलत न सिर्फ 91 और सीटें भाजपा की झोली में आईं, बल्कि वोट प्रतिशत में इजाफा भी खूब हुआ। भाजपा के नगर पंचायत सदस्यों की संख्या भी 664 से बढ़कर 1403 हो गई।

**भाजपा के पांच मुस्लिम उम्मीदवार भी बने नगर पंचायत अध्यक्षः** भाजपा ने इस चुनाव में कई मुस्लिम उम्मीदवार भी मैदान में उतारे थे।

## सपा की साइकिल पंचर, बसपा का हाथी भी सुस्त

**नगर निगम, नगर** पालिका परिषद और नगर पंचायतों के चुनाव में प्रदेश की प्रमुख विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) इस बार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। बसपा पिछली बार दो नगर निगमों अलीगढ़ और मेरठ के महापौर के पद पर काबिज थी, इस बार वह उसे भी बरकरार नहीं रख पाई। इस तरह 2017 की अपेक्षा इस चुनाव में इन दोनों प्रमुख विपक्षी दलों का हाल बहुत बुरा रहा। नगर निगम में सपा महापौर की रेस में शून्य पर ही रही। पार्षद 202 से घटकर 191 पर आ गए। नगर पालिका परिषद अध्यक्षों की संख्या भी 45 से घटकर 35 हो गई। 2017 में सपा सदस्यों की संख्या 477 थी, वह 2023 में 423 हो गई। 2017 में नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर सपा को 83 सीटों पर जीत मिली थी, 2023 में 78 पर सपा सिमट गई। बहुजन समाज पार्टी के दो महापौर 2017 में चुने गए थे। इस बार उनका खाता भी नहीं खुला। पार्षद 147 से घटकर 85 हो गए। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बसपा के 29 से 16 हो गए। पालिका परिषद सदस्यों की संख्या 262 से 191 हो गई। नगर पंचायत अध्यक्ष भी 45 से घटकर 37 और सदस्य 218 से घटकर 215 हो गए। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता आनंद दुबे का कहना है कि पार्टी ने मुस्लिम बाहुल सीटों से मुस्लिम उम्मीदवारों को चुनाव में उतारा था।

## न्यूज फ्लैश

### भाजपा ने जनता का दिल भी जीता : गणेश

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित महापौर एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने पार्टी कार्यालय पहुंचकर कार्यकताओं से कहा कि भाजपा ने नगर निगम का चुनाव ही नहीं बल्कि प्रयागराज की जनता का दिल भी जीता है। जिस विश्वास के साथ प्रयागराज की जनता ने प्रचंड बहुमत के साथ जिताया है, उस विश्वास पर मैं खरा उतरूंगा और जनता की बुनियादी समस्याओं का कार्यकताओं के साथ मिलकर समाधान करूंगा। गणेश केसरवानी ने नगर निगम के चुनाव में प्रचंड विजय के बाद रविवार को सर्वप्रथम पं.दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पहुंचकर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि मैं सबसे पहले भाजपा का एक साधारण कार्यकर्ता हूं, महापौर बाद में हूं और सभी भाजपा के कार्यकर्ता स्वयं में महापौर हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जातिवाद के आधार पर चुनाव तो जीत सकते हैं पर देश और समाज का भला नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा देश व समाज के हित में है जो कभी पराजित नहीं होती और उस विचारधारा को देश, प्रदेश और प्रयागराज ने स्वीकार किया है। इस अवसर पर सांसद रीता बहुगुणा जोशी, सांसद केसरी देवी पटेल पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कुमार सिंह गौर एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि प्रयागराज नगर निगम में मिली प्रचंड विजय भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं एवं भारतीय जनता पार्टी के विचारों की जीत है। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि नवनिर्वाचित महापौर गणेश केसरवानी पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रतिमा पार्क, आजाद पार्क, डॉ. भीमराव अंबेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल, छुन्नन गुरु की प्रतिमा पर पहुंच कर उन्हें नमन किया और सांसद केसरी देवी पटेल के आवास पहुंचकर उनका आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात विहिप कार्यालय केसर भवन एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय पहुंचकर वरिष्ठों का आशीर्वाद लिया। पार्टी कार्यालय में संचालन वरुण केसरवानी एवं कुंज बिहारी मिश्रा ने किया।

### यात्रियों की सुविधा के लिए चार एक्सप्रेस ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

**मुरादाबाद ।** उत्तर रेलवे मुरादाबाद रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग सुधीर सिंह ने बताया कि यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा चार रेलगाड़ियों में अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे। सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह ने आगे बताया कि रेलगाड़ी संख्या 14010 आनंद विहार टर्मिनस बापूधाम टर्मिनस में 16 मई से 17 मई तक एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगेगा। रेलगाड़ी संख्या 14009 बापूधाम मोतिहारी आनंद विहार टर्मिनस में 17 मई से 18 मई तक, रेलगाड़ी संख्या 14318 देहरादून इंदौर में 13 मई से 19 मई तक और रेलगाड़ी संख्या 14317 इंदौर-देहरादून में 14 मई से 20 मई तक एक अतिरिक्त स्लीपर कोच लगेगा।

### पूजा ने उत्तीर्ण की राजस्थान लोक सेवा आयोग की परीक्षा

**नैनीताल।** जनपद मुख्यालय के निकटवर्ती ज्योलीकोट के ग्राम बेलुवाखान निवासी डा.पूजा आर्या ने राजस्थान लोक सेवा आयोग की परीक्षा द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। स्थानीय ग्रामीण विद्यालयों से शिक्षा प्राप्त और कृषि विश्व विद्यालय राजस्थान से शोध कार्य कर अपने मेहनत से पूजा ने राजस्थान के बाबा गंगादास राजकीय महिला विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति प्राप्त की है।

## सभी जाति के लोगों का 'कुटुम्ब मित्र' बनायेगा संघ



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस)** सभी जाति बिरादरी के लोगों को संगठन से जोड़ने के लिए कुटुम्ब मित्र बना रहा है। परिवार प्रबोधन गतिविधि के माध्यम से संघ समाज के बीच यह काम कर रहा है। कुटुम्ब मित्र सप्ताह में एक दिन किसी मंदिर में एकत्र होकर सामूहिक रूप से मंगल संवाद करते हैं। यह जानकारी कुटुम्ब प्रबोधन गतिविधि के संयुक्त क्षेत्र (उत्तर प्रदेश व उत्तराखण्ड) के प्रमुख ओमपाल सिंह ने दी। ओमपाल सिंह ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुटुम्ब प्रबोधन गतिविधि के माध्यम से परिवारों में संस्कृति एवं संस्कारों के संवर्धन के लिए काम करता है। इसके लिए देशभर में कुटुम्ब मित्र बनाये जा रहे हैं। कुटुम्ब मित्रों को मंगल संवाद आयोजित हो रहा है। मंगल संवाद के तहत रामचरित मानस की चौपाई, श्लोक या अन्य धार्मिक ग्रन्थ का वाचन करते हैं और सदचर्चा करते हैं। इसके अलावा बड़े कार्यक्रमों जैसे नव दम्पत्ति सम्मेलन और बालक बालिका सम्मेलन का भी आयोजन होता है।

**हिन्दू समाज के अमरत्व का मुख्य कारण परिवार व्यवस्थाः** ओमपाल सिंह ने बताया कि हिन्दू समाज के अमरत्व का मुख्य कारण भारतीय परिवार व्यवस्था ही है। परिवार बिखर रहे हैं। संयुक्त परिवार एकल परिवार में परिवर्तित हो रहे हैं।

हम दो हमारे दो की मानसिकता बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि हम वसुधैव कुटुम्बकम को मानने वाले लोग हैं, लेकिन दुनिया ने हमें बाजार माना। परिवार मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने की व्यवस्था है। परिवार पशु जैसे शिशु को मानव, महामानव की ऊंचाई तक विकसित करने का एक समर्थ संस्कार का केन्द्र है।

## मुरादाबादः सपा के 1 सांसद, 5 विधायक भी नहीं दौड़ा पाए 'साइकिल'

**टीम एक्शन इंडिया/मुरादाबाद**
**समाजवादी पार्टी** (सपा) का गढ़ कहे जाने वाले मुरादाबाद जनपद में समाजवादी पार्टी के एक सांसद और पांच विधायक मिलकर भी स्थानीय निकाय चुनाव में साइकिल को नहीं दौड़ा पाए। अक्सर विवादित बयानों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले मुरादाबाद से सपा सांसद डॉ. एसटी हसन लोकसभा में समाजवादी पार्टी संसदीय दल के नेता भी हैं। मुरादाबाद के 11 निकायों में एक नगर निगम, दो पालिका परिषद और आठ नगर पंचायत हैं। नगर निगम की महापौर सीट पर समाजवादी पार्टी की करारी हार हुई और मुरादाबाद नगर निगम के



70 वार्डों में सिर्फ 03 वार्डों में समाजवादी पार्टी की साइकिल चली। मुरादाबाद की दो नगर पालिका परिषदों में सिर्फ बिलारी पालिका परिषद पर सपा उम्मीदवार रघुराज यादव ने जीत दर्ज की। इसके अलावा आठ नगर पंचायतों में सिर्फ एक सीट कांठ नगर पंचायत ही सपा के खाते में आई। कांठ नगर पंचायत चेयरमैन पद पर सपा उम्मीदवार इकबाल आलम ने जीत दर्ज की। स्थानीय निकाय चुनाव 2023 में मुरादाबाद महापौर सीट पर सपा ने निर्यातक रईसुद्दीन नईमी को सपा ने प्रत्याशी बनाया था जो मेयर चुनाव में अपनी जमानत भी नहीं बचा पाए और चौथे स्थान पर रहे। पहले स्थान पर रहे भाजपा के उम्मीदवार विनोद अग्रवाल को 121475 वोट, दूसरे स्थान पर रहे कांग्रेस के मोहम्मद रिजवान कुरैशी को 117832, तीसरे स्थान पर रहे बसपा के मोहम्मद यामीन को 15858 और चौथे स्थान पर रहे समाजवादी पार्टी के सैय्यद रहीसउद्दीन नईमी को 13447 मत मिले। ठाकुरद्वारा नगर पालिका परिषद में चेयरमैन पद पर सपा उम्मीदवार इरफान अहमद दूसरे स्थान पर रहे। नगर पंचायत पाकबाड़ा में चेयरमैन पद पर सपा उम्मीदवार नईम चौथे स्थान पर रहे।

## बीस लाख किसानों को वितरित होंगे सब्जियों के बीज

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
राज्य सरकार 20 लाख किसानों को निःशुल्क सब्जियों के बीज किट उपलब्ध कराएगी। इस पर राजस्थान उद्यानिकी विकास मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कृषक कल्याण कोष से 60 करोड़ रुपये व्यय होंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। गहलोत की स्वीकृति से प्रदेश के 5 लाख किसानों को 500 वर्गमीटर क्षेत्र में एकल फसल और 15 लाख किसानों को 100 वर्गमीटर क्षेत्र के लिए कोम्बो किचन गार्डन किट उपलब्ध करवाए जाएंगे।

## अफगानिस्तान पर मंडरा रहा कुपोषण का खतरा

**टीम एक्शन इंडिया/काबुल**
**अफगानिस्तान में** आने वाले दिनों में कुपोषण और भुखमरी से हजारों बच्चों की मौत हो सकती है। तालिबानी शासन में अफगानिस्तान की आधी से ज्यादा आबादी बड़े खाद्य संकट का सामना कर रही है। जनता भूख से तड़प रही है और खाने के लिए अफगान के लोग अपने बच्चों तक को बेचने पर मजबूर हो रहे हैं। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि अफगानिस्तान उन सात देशों में से एक है, जो खाद्य संकट के भयावह स्तर का सामना कर रहा है।

## गोल्डन टेंपल के पास फोटोग्राफरों की गुंडागर्दी

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब** के अमृतसर में अब गोल्डन टेंपल के पास तस्वीरें खींचने का दबाव बनाते हुए फोटोग्राफरों के झुंड ने युवाओं को पीट दिया। लहूलुहान युवा अब इंसाफ की मांग कर रहे हैं। वहीं आसपास के लोगों का कहना है कि हर शनिवार-रविवार यहां तस्वीरें खींचने के नाम पर गुंडागर्दी होती है। पुलिस ने घायल युवकों के आधार पर कार्रवाई को शुरू कर दिया है। घटना शनिवार रात को गोल्डन टेंपल की तरफ जाने वाले विरासती मार्ग की है। शनिवार



रात एक व्यक्ति ने वीडियो बना कर वायरल की। वीडियो में दिखने वाले युवकों को बुरी तरह से पीटा गया है।

इस कदर पीटा गया है कि उनके सिर से लेकर कपड़े तक खून से सन चुके हैं। पीड़ित ने बताया कि वह अपने भाई व दोस्तों के साथ गोल्डन टेंपल माथा टेकने आया था। तभी कुछ फोटोग्राफर उनके पास आ गए। उन्होंने फोटो खींचवाने के लिए कहा। युवकों ने पैसे ना होने की बात कहते हुए मना कर दिया। डेमो तस्वीर के नाम पर फोटोग्राफर युवक के साथ धक्का-मुक्की करने लगे। यह देख युवक का भाई और दोस्त भी आए गए, लेकिन दो दर्जन के करीब फोटोग्राफर वहां इकट्ठे हो गए और 6 के करीब युवकों को बुरी तरह से पीट दिया।

**सरकार प्रयासरत** परिवहन विभाग की बसों में आग की घटनाओं को रोकने के लिए योगी सरकार ने उठाया कदम

## उप्र रोडवेज की बसों में सुविधा के साथ सुरक्षा पर भी होगा फोकस

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश की योगी सरकार पब्लिक ट्रांसपोर्ट को सुविधायुक्त बनाने के साथ सुरक्षित बनाने के लिए भी प्रयासरत है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर परिवहन विभाग की बसों में आग लगने की घटनाओं की रोकथाम को लेकर विभाग की ओर से अब जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई है। इसके लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निर्गम मुख्यालय से सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। परिवहन निगम के उच्च प्रबंधन के साथ हुई चर्चा के बाद बसों में आग की घटनाओं को




रोकने के लिए कुछ आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने के लिए भी कहा गया है। इसके चलते कई जनपदों में जागरूकता अभियान शुरू भी कर दिया गया है। विभिन्न जनपदों में अधिकारियों द्वारा बसों में आग लगने की घटनाओं के कारणों एवं बचाव के बारे में क्षेत्रों में जाकर कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है।

**तय होगी जवाबदेहीः** जो निर्देश दिए गए हैं, उनमें बस में आग लगने की घटना होने पर क्षेत्रीय प्रबंधकों तथा सेवा प्रबंधकों को स्वयं मौके पर जाकर बस का निरीक्षण करना होगा। इसके अलावा किसी भी क्षेत्र की बस में तकनीकी कमी के कारण बस में आग लगने की घटना होने की स्थिति में क्षेत्र के सेवा प्रबंधक एवं संबंधित डिपो के सीनियर फोरमैन के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्यवाही किए जाने को भी कहा गया है। सेवा प्रबंधक प्रत्येक डिपो में 20 मई तक स्वयं चालकों एवं परिचालकों को अग्निशमन यंत्र प्रयोग किए जाने का प्रशिक्षण देंगे।

